
गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं
भिंड ■ रविवार 30 मार्च 2025 ■ वर्ष -17 ■ अंक-269 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज

चैत्र नवरात्र आज से

## हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा





- इस बार आठ दिन के होंगे चैत्र नवरात्र
- चैत्र नवरात्रि में बन रहा अमृत सिद्धियोग

सत्ता सुधार ■ भोपाल

इस बार चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी। तृतीय तिथि का क्षय होने की वजह से नवरात्र आठ दिवसीय है। इसकी शुरुआत आज से हो रही है। छह अप्रैल को राम नवमी मनाई जाएगी। मप्र के मैहर मां शारदा, मऊगंज में मां कालीधाम, चंबल अचंल में मां पीतांबरा पीठ, सलकनपुर में मा विजयासन मंदिर में नवरात्र की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को घट स्थापना मुहूर्त प्रातः 05:59 से सुबह 10:07 और अभिजित मुहूर्त दिन में 11:46 से 12:36 बजे तक श्रेष्ठ है। चैत्र नवरात्र का आरंभ सर्वार्थ सिद्धि योग में हो रहा है। यह योग शाम 4:35 बजे से अगले दिन सुबह 6:12 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस दिन इंद्र योग और रेवती नक्षत्र रहेगा।

### मैहर मां शारदा मंदिर परिसर 6 जोन में बंटा

इधर, मैहर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां शारदा मंदिर परिसर में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर को 6 जोन में विभाजित किया गया है। सुरक्षा के लिए 50 से अधिक ड्यूटी प्वाइंट बनाए गए हैं। पुलिस कर्मी हर क्षेत्र में निगरानी रखेंगे ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो।

# नेहरू ने सनातन संस्कृति को वोट की राजनीति के लिए किया दरकिनार

## सीएम बोले- लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनसेवक बनकर कार्य करें युवा उद्यमी और प्रोफेशनल्स

**हमें आजादी के महत्व को समझने के लिए गुलामी का इतिहास समझना जरूरी**

- एक हजार साल की गुलामी के बाद वर्ष 1947 में देश को स्वतंत्रता मिली
- देश के पहले पीएम नेहरू ने वोट के लालच में मंदिर का उद्घाटन करने से इंकार कर दिया

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' के दो दिवसीय बूट कैंप का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने युवा उद्यमियों और प्रोफेशनल्स को संबोधित करते हुए लोकतंत्र की रक्षा और राजनीति में उनके योगदान की आवश्यकता पर अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक हजार साल की गुलामी के बाद वर्ष 1947 में देश को स्वतंत्रता मिली। इस दौरान सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ, लेकिन देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने वोट के लालच में उस मंदिर का उद्घाटन करने से इंकार कर दिया। उन्होंने इस उदाहरण के जरिए यह भी कहा कि नेहरू ने देश के नैतिक मूल्यों और सनातन संस्कृति को वोट की राजनीति के लिए दरकिनार किया। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनसेवक बनकर कार्य करें। जिलों के विकास को और बेहतर तरीके से सुनिश्चित करने के लिए उद्यमियों और प्रोफेशनल्स को जिलों में गठित विकास समितियों में जोड़ा जाएगा।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने युवा प्रोफेशनल की टीम में शामिल कुछ सदस्यों से संवाद करते हुए उनके लक्ष्यों पर बात की। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने देश की आजादी से जुड़ा सवाल किया। जिसका जवाब लोगों ने दिया कि 2014 में देश आजाद हुआ, जब मोदी प्रधानमंत्री बने। सीएम ने

**सत्ता की ताकत सुनीतियों के बल पर...**

कहा कि सत्ता की ताकत सुनीतियों के बल पर होती है। इन नीतियों के आधार पर ही जनता सहयोग करती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में राष्ट्रपति की हत्या भी हुई, लेकिन अमेरिका की अपनी नीतियों के वजह से वह दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश है।

### भाजपा जनता की पार्टी

सीएम ने आगे कहा कि भाजपा जनता की पार्टी है। इसलिए वह जनता की लड़ाई लड़ती है। जिस देश ने 1 हजार साल की गुलामी सही, उस देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू वोट के लिए देश के नैतिक मूल्यों को किनारे रखते रहे। वहीं देश के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जो राम मंदिर के शिलान्यास समारोह में भी बैठे और लोकार्पण में भी मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी जनता के सेवक

मुख्यमंत्री ने भारत के प्राचीन शासन तंत्र की ओर इशारा करते हुए बताया कि सम्राट विक्रमादित्य और भगवान कृष्ण के शासन में जनता की सेवा सर्वोपरि थी। उन्होंने यह उदाहरण दिया कि पीएम मोदी भी विक्रमादित्य की तरह खुद को जनता का सेवक मानते हैं। भारत में पहले के समय में राजा होते थे, लेकिन विक्रमादित्य ने सत्ता को जनता की सेवा के लिए समर्पित किया था। प्रधानमंत्री मोदी भी उसी तरह जनता की सेवा में लगे हुए हैं। जब तक हम गुलामी के इतिहास को नहीं समझेंगे, तब तक हम आजादी के महत्व को सही तरीके से नहीं समझ पाएंगे।

# म्यांमार की आपदा में भारत बना 'संकटमोचक'

## ऑपरेशन ब्रह्मा शुरूः भारत ने आगरा से भेजे फील्ड अस्पताल

- म्यांमार भूकंप में अब तक 1000 लोगों की मौत...2400 घायल
- फिर 5.1 तीव्रता का भूकंपः मोदी ने की सैन्य सरकार से बात
- भारत ने म्यांमार में भूकंप राहत के लिए दो नौसैनिक जहाज भेजे
- एनडीआरएफ की टीम आधुनिक उपकरणों के साथ राहत में जुटी



एजेंसी ■ नेपीता

म्यांमार में शनिवार दोपहर 3:30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह 2 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आ चुके हैं। शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि मरने वालों का आंकड़ा 1,002 हो चुका है, जबकि 2400 से ज्यादा लोग घायल हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई है। इसमें 10 लोगों की मौत हुई है। यूएसजीएस ने आशंका जताई है कि मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। इधर भारत ने म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के लिए 'ऑपरेशन ब्रह्म' के तहत दो नौसैनिक जहाज भेजे हैं। इसके अलावा, एक फील्ड हॉस्पिटल को भी शनिवार को एयरलिफ्ट किया गया।

### मानवीय सहायता

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस मानवीय सहायता अभियान के तहत दो और भारतीय नौसैनिक जहाज म्यांमार के लिए रवाना किए गए हैं। इसके अलावा, एक फील्ड हॉस्पिटल भी विमान के जरिए भेजा जा रहा है, जिसमें 118 सदस्यीय चिकित्सा दल शामिल होगा। यह दल आगरा से म्यांमार के लिए प्रस्थान कर दिया है। **टीमें भी राहत कार्यों में जुटी-** ऑपरेशन ब्रह्म के तहत राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम को तैनात किया गया है।

# बड़ी सफलताः अब सुकमा में 17 नक्सलियों को किया ढेर

## छत्तीसगढ़ः 11 महिला नक्सलियों का भी जवानों ने किया एनकाउंटर

- झीरम घाटी कांड में शामिल कमांडर भी मारा गया
- नक्सलियों के शवों को बरामद किया गया



एजेंसी ■ सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और सीआरपीएफ के 500-600 जवानों ने 17 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें 11 महिला नक्सली हैं। मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली में हुई। मारे गए नक्सलियों में नक्सल संगठन एसजेडसीएम-स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर जगदीश उर्फ बुधरा भी शामिल है। बुधरा पर 25 लाख का इनाम घोषित था। वह दरभा घाटी के झीरम कांड में शामिल था। 2013 में हुई इस वारदात में कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा समेत कई बड़े कांग्रेसी लीडर मारे गए थे। बस्तर रेंज में जवानों ने इस साल अब तक 100 नक्सलियों का एनकाउंटर किया है। इसमें 20 मार्च से 29 मार्च के बीच, यानी 10 दिन में ही 49 नक्सली मारे गए हैं। गौरतलब है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अप्रैल को बस्तर के दंतेवाड़ा जाएंगे। यहां नक्सल ऑपरेशन को लेकर मंत्री और अधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे।

### लाल आतंक पर एक और प्रहार, केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा

इधर, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 17 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। ऑटोमेटिक हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले लाल आतंक को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता, केवल शांति और विकास से ही बदलाव लाया जा सकता है।

## प्रयागराज में एयरफोर्स के चीफ इंजीनियर की हत्या

**खिड़की खट-खटाई, खोलते ही सीने में गोली मारी**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एयरफोर्स के चीफ इंजीनियर (वर्क) एसएन मिश्रा (50) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह घर में सोए हुए थे। तड़के तीन बजे हमलावरों ने खिड़की खटखटाकर अफसर को जगाया। जैसे ही उन्होंने खिड़की खोली तो हमलावरों ने सीने में गोली मार दी। आवाज सुनकर दूसरे कमरे से परिजन भागकर पहुंचे। तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। आनन-फानन में मिलिट्री हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वारदात की सूचना पर एयरफोर्स और पुलिस के सीनियर अफसर मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने कमरे की जांच की।

## ब्रीफ न्यूज

### इलॉन मस्क ने अपनी ही कंपनी को एआई बेचा

**वॉशिंगटन।** इलॉन मस्क ने अपनी सोशल मीडिया कंपनी एक्स को अपनी ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी एआई को 33 बिलियन डॉलर यानी, करीब 2.82 लाख करोड़ रुपए में बेच दिया है। यह एक ऑल-स्टॉक डील है, जिसका मतलब है कि इसमें नकदी की बजाय शेयरों का लेन-देन हुआ है।

### चार राज्यों में हीटवेव का अलर्ट, मप्र में होगी बारिश

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने चार राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़, झारखंड, वेस्ट बंगाल और ओडिशा शामिल हैं। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से 2.6 डिग्री कम रहा। वहीं मप्र में अप्रैल की शुरुआत बारिश के साथ हो सकती है।

### डिजिटल अरेस्ट बुजुर्ग दंपती ने की आत्महत्या

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेलगावी में एक बुजुर्ग दंपती ने डिजिटल अरेस्ट में 50 लाख की साइबर ठगी होने के बाद आत्महत्या कर ली। 83 साल के दियांगो नजारत ने गला काटकर जबकि उनकी पत्नी प्लेव्याना नजारत (79) ने जहर खाकर खुदकुशी की। ठगों ने बुजुर्ग दंपती से वीडियो कॉल पर संपर्क किया और खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच के अधिकारी बताया था।

# तीन दशक के बाद संघ मुख्यालय जाएंगे पीएम

- आज सुबह रेशमबाग के साथ दीक्षाभूमि जाएंगे
- पीएम मोदी 1987 में संघ से भाजपा में आए थे

एजेंसी ■ नागपुर



पीएम नरेंद्र मोदी 11 साल के अपने कार्यकाल मे पहली बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय जाएंगे। नागपुर में संघ का मुख्यालय रेशमबाग में स्थित है। हिंदू नववर्ष के शुभारंभ में संघ के प्रतिपदा कार्यक्रम के साथ पीएम स्मृति मंदिर में दर्शन करेंगे और आरएसएस के संस्थापकों को श्रद्धांजलि देंगे।

वह सुबह करीब 9 बजे स्मृति मंदिर में दर्शन करेंगे। पीएम मोदी वैसे तो इन सालों में कई बार नागपुर के दौरे पर पहुंचे हैं, लेकिन वह पहली बार रेशमबाग स्थित संघ मुख्यालय जाएंगे। पीएम मोदी के दौरे को लेकर नागपुर में चाकचौबंद तैयारियां की गई हैं। पीएम मोदी की सुरक्षा की अभेद्य इंतजाम किए गए हैं। बतौर पीएम पहली बार संघ मुख्यालय जाने को लेकर राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की चर्चाएं छिड़ी हुई हैं। पीएम रविवार को सुबह नागपुर पहुंचेंगे। मोदी अक्टूबर, 2001 में सीएम बने थे, लेकिन वह इसके बाद से कभी संघ मुख्यालय नहीं गए हैं। वह 1972 में प्रचारक बने थे। 1987 में वह भाजपा में शामिल हुए। बाद में वरिष्ठ नेताओं की ओर से मोदी को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी मिली थी। अभी तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार पीएम मोदी ने संघ मुख्यालय का आखिरी दौरा बतौर प्रचारक ही किया था।

# जयपुर में तेजाजी मंदिर में मूर्ति तोड़ने पर बवाल

- नारेबाजी कर रहे लोगों को पुलिस ने हटाया
- टोंक रोड का जाम खुला, स्थिति कंट्रोल में

एजेंसी ■ जयपुर



राजस्थान के जयपुर में वीर तेजाजी मंदिर में मूर्ति क्षतिग्रस्त करने के विरोध में लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया। सांगानेर थाना क्षेत्र में स्थित मंदिर के सामने लोगों ने करीब तीन घंटे टोंक रोड को जाम रखा। पुलिस अधिकारियों के समझाइश के बाद भी जाम नहीं खुला तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को मौके से हटा दिया। दोपहर डेढ़ बजे पुलिस ने जाम खुलवा दिया। इससे पहले शनिवार सुबह पुलिस को मंदिर की मूर्ति क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार रात 3 बजे कुछ असामाजिक तत्वों ने मूर्ति तोड़ दी थी। आरोपियों से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज भी शनिवार को सामने आया है। शनिवार सुबह 10 बजे से लगे जाम को खुलवा लिया गया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

### मालदा में हिंसा...दुकानें-गाड़ियां तोड़ीं, सामान लूटा, पश्चिम बंगालः इंटरनेट बंद, 34 उपद्रवी गिरफ्तार

**इधर,** प. बंगाल के मालदा जिले में दो गुटों के बीच हुई हिंसा में 34 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। इलाके में इंटरनेट बंद है। आर्म्ड और रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां तैनात की गई हैं। इधर, हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने कलेक्टर-एसपी से तीन अप्रैल तक एक्शन रिपोर्ट तलब की है। कोर्ट ने कहा कि राज्य को सावधानी से काम करना चाहिए। साथ ही हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

**प्रदूषण पर चिंता** | सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति बोले-सरकार की नीतियों को हरित प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए

# बच्चों को बाहर खेलने के लिए मास्क पहनना पड़े, ये अस्वीकार्य

एजेंसी ■ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जज विक्रम नाथ ने प्रदूषण को चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जहां बच्चों को बाहर खेलने के लिए मास्क पहनना पड़े, ऐसा माहौल अस्वीकार्य है। विज्ञान भवन में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने यह भी कहा कि ऐसे समाधान तलाशने की जरूरत है जो आर्थिक विकास और पर्यावरणीय भलाई के बीच संतुलन बनाए रखें और सरकार की नीतियों को हरित प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थीं। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा के भारत की राजधानी में नियमित रूप से उच्च स्तर का प्रदूषण होता है। मेरा मानना है कि हम सभी इस बात से सहमत हो सकते हैं कि हमारे बच्चों का ऐसे वातावरण में बड़ा होना स्वीकार्य नहीं है, जहां उन्हें बाहर खेलने के लिए मास्क की जरूरत हो या कम उम्र में श्वसन संबंधी बीमारियों की चिंता हो।



### पवित्र नदियां अपशिष्ट से भरी

न्यायमूर्ति ने जल प्रदूषण को एक अन्य प्रमुख चिंता के रूप में चिन्हित किया, उन्होंने कहा कि कई पवित्र और प्राचीन नदियां अनुपचारित अपशिष्ट से भरी हुई हैं। जब मैं इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी यादों और चिंता का मिश्रण महसूस होता है। पुरानी यादों के लिए कि ये जल कितने जीवंत और शुद्ध थे और हमारी असमर्थता के लिए चिंता कि हम उन्हें उनके प्राकृतिक गौरव में संरक्षित कर सकें। औद्योगिक अपशिष्ट का उपचार करना, सीवेज अवसंरचना को बढ़ाना और स्थानीय समुदायों को नदी के किनारों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक कदम हैं।

### शोषण नहीं, संरक्षण...

राष्ट्रपति ने कहा कि हम सबको वर्ष 2047 तक भारत को एक ऐसा विकसित राष्ट्र बनाना है जहां की हवा, पानी, हरियाली और खुशहाली पूरे विश्व-समुदाय को आकर्षित करे। देशवासियों को पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयासरत रहना है। हमारी मान्यता रही है कि प्रकृति, मां की तरह, हमारा पोषण करती है और हम प्रकृति का संरक्षण करें। भारतीय विरासत का आधार पोषण है, शोषण नहीं, संरक्षण है, उन्मूलन नहीं।

## कुणाल कामरा पर तीन नए केस दर्ज

**मुंबई।** स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में तीन नए केस दर्ज किए गए हैं। ये केस महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को लेकर दिए गए विवादित बयान से जुड़े हैं। मपहली शिकायत जलगांव की मेयर ने दर्ज करवाई है, जबकि बाकी 1-1 केस नासिक के दो अलग-अलग बिजनेसमैन ने किया है। केस में मुंबई पुलिस कुणाल कामरा से पूछताछ के लिए 2 समन जारी कर चुकी है। वहीं महाराष्ट्र विधान परिषद में भी कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस स्वीकार कर लिया गया है।


डॉ. मोहन यादव

भारतीय नववर्ष की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं...

# विक्रम सम्वत्: प्रकृति के संरक्षण, संवर्धन और विकास का उत्सव

आज से विक्रम सम्वत् 2082 आरंभ हुआ है। यह प्रदेशवासियों के लिये गर्व और गौरव का विषय है कि भारतीय नववर्ष विक्रम सम्वत् के उज्जयिनी से शुरू हुआ। यह सम्राट विक्रमादित्य के राज्याभिषेक की तिथि है। सम्राट विक्रमादित्य ने विदेशी आक्रांताओं को पराजित कर विक्रम सम्वत् का प्रवर्तन किया था। न्यायप्रियता, ज्ञानशीलता, धैर्य, पराक्रम, पुरुषार्थ, वीरता और गंभीरता जैसी विशेषताओं के लिए सम्राट विक्रमादित्य को समूचे विश्व में स्मरण किया जाता है। उन्होंने सुशासन के सभी सूत्रों को स्थापित करते हुए अपने सुयोग्य 32 मंत्रियों का चयन किया, इसीलिए उनके सिंहासन को 'सिंहासन बत्तीसी' कहा जाता है।

भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का दिन ऋतु परिवर्तन के अनुरूप स्वयं को सक्षम बनाने का समय है। इसे कहीं गुड़ी पड़वा तो कहीं चैती चांद, कहीं युगादि तो कहीं उगादि और कहीं नवरोज अगदु के रूप में मनाया जाता है। विविध स्वरूपों में मनाया जाने वाला नववर्ष का यह पर्व 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को स्थापित करता है। इसके साथ नवरात्र का आरंभ होता है। यह नौ दिन आरोग्य, साधना और कायाकल्प के लिए होते हैं। नवसम्वत्सर की तिथि सृष्टि निर्माण की तिथि है। इसका निर्धारण संपूर्ण वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ हुआ है। इसे मनाने की परंपरा व्यक्ति, परिवार और समाज, तीनों के स्वस्थ जीवन और समृद्धि को ध्यान में रखकर शुरू की गई। यह हमारे पूर्वजों के शोध की विशेषता है कि हजारों वर्ष पहले पूर्वजों को ग्रहों की गति और नक्षत्रों की स्थिति का पूर्ण ज्ञान था और इस गणना को ही वैदिक घड़ी कहा गया है। बाबा महाकाल की नगरी विश्व में कालगणना का केंद्र रही है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उज्जैन की वेधशाला में स्थित विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी की पुनर्स्थापना की है। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं के प्रकटीकरण के लिए हम विक्रमोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। विक्रमोत्सव हमारी गौरवशाली विरासत और वर्तमान के विकास का उत्सव है। यह उत्सव 26 फरवरी से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा। इस 125 दिन तक चलने वाले उत्सव में विविध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कार्यक्रमों के साथ सम्राट विक्रमादित्य के समूचे व्यक्तित्व, कृतित्व और विशेषताओं को परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। आगामी 12-13 और 14 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित एक भव्य आयोजन होने जा रहा है। श्रीकृष्ण की दीक्षा नगरी उज्जयिनी का संबंध भारत की हर विशेषता से है। उज्जैन धरती के केन्द्र में स्थित है। यहां भगवान श्रीकृष्ण ने सांदीपनि आश्रम में शिक्षा प्राप्त की थी। मध्यप्रदेश सरकार ने संकल्प लिया है कि सांदीपनि आश्रम से श्रीकृष्ण पाथेय के निर्माण का आरंभ होगा। मध्यप्रदेश का 2025-26 का बजट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को केन्द्र में रखकर प्रस्तुत किया गया है। इसमें विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण की अवधारणा अनुसार बजट को बहुआयामी स्वरूप दिया गया है। इस बजट में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के साथ विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि का भी प्रावधान है। वर्ष भर के संकल्पों की पूर्ति के लिए हमने बजट में 15 प्रतिशत की वृद्धि की है। हमारा यह बजट मध्यप्रदेश की समृद्धि और आत्मनिर्भरता के लिए बनाये रोडमैप के संकल्प की पूर्ति के लिए है। इसमें आर्थिक सुधार, सामाजिक न्याय, सतत् विकास के साथ प्रधानमंत्री जी का मंत्र, ज्ञान, पर ध्यान शामिल है। ज्ञान के चारों स्तंभों को सशक्त करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान हैं। इसमें गरीब कल्याण में अंत्योदय की अवधारणा को साकार किया जायेगा। युवा शक्ति में कौशल विकास, प्रशिक्षण तथा रोज़गार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। अन्नदाता में किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। नारी शक्ति में महिलाओं को समग्र रूप से सशक्त बनाने के लिए आयोजना बनाई गई है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें विरासत से विकास का सूत्र दिया है। उनके नेतृत्व में समाज, प्रदेश और देश को सशक्त बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार अपनी तरह से कार्य कर रही है। मुझे बताते हुए खुशी है कि प्रधानमंत्री जी के 'विरासत के साथ विकास' मंत्र को प्रदेश में धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और पुरातात्विक स्थलों के विकास के लिए बजट में अलग से प्रावधान किया है। ऐतिहासिक विरासत को सहेजने के इस अभियान में ओंकारेश्वर, उज्जैन, मैहर आदि धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ पर्व के आयोजन की भव्यता और दिव्यता के लिए दो हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। श्रीराम वन गमन पथ और श्रीकृष्ण पाथेय के लिए अलग से बजट है। हम इन स्थानों पर अधोसंरचना विकास के साथ पर्यटन को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी कार्य करेंगे। इससे स्थानीय लोगों को रोज़गार मिलेगा और मध्यप्रदेश की विरासत संसार के सामने आएगी। प्रधानमंत्री जी के लोकल फॉर वोकल के संकल्प को आकार देने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और ग्लोबल इंडस्ट्री समिट में प्राप्त प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जायेगा। इससे मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र की विशेषता, क्षमता और दक्षता विश्व स्तर तक पहुंचेगी। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूर्ण करने के लिए हम प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2047 तक 2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। गुड़ी पड़वा के अवसर पर हमारी परंपरा में सूर्योदय के पहले बहते हुए स्वच्छ जल में स्नान करने का विधान है। ऊषाकाल में सूर्य को प्रणाम किया जाता है। यह जलस्रोत के प्रवाह स्थल को सुरक्षित रखने का संकल्प है। प्रकृति के इस संदेश को स्वरूप प्रदान करते हुए हम प्राकृतिक स्रोतों की सुरक्षा के लिए आज से जल गंगा अभियान शुरू कर रहे हैं। इसकी शुरुआत उज्जैन के क्षिप्रा तट से होने जा रही है। इसमें जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जलस्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके अंतर्गत 1 लाख जलदूत तैयार किये जायेंगे। लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 50 हजार नए खेत-तालाब बनाए जाएंगे। प्रदेश की 50 से अधिक नदियों के वॉटरशेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य होंगे। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व के तालाबों, जलस्रोतों एवं देवालयों में कार्य किए जाएंगे। यह अभियान आज से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा।

*(लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)*

## ब्रीफ न्यूज़

### सीएम ने दी चैत्र नवरात्र, गुड़ी पड़वा की मंगलकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिकों को नवसंवत्सर, चैत्र नवरात्र, गुड़ी पड़वा और चेटीचंड की बधाई और मंगलकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत से प्रारंभ होता है। अंग्रेजी कैलेंडर के प्रचलन के बाद भी हमारी संस्कृति से जुड़े नव संवत्सर, गुड़ी पड़वा पर्व, चेटीचंड के त्योहार और चैत्र नवरात्र का अपना महत्व है। भारतीय समाज का बहुत बड़ा हिस्सा इन मंगल पर्वों को उल्लासपूर्वक मनाता है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को पर्व, त्योहारों की बधाई देते हुए प्रदेश के विकास के यज्ञ में सहभागिता की अपेक्षा भी की है। मुख्यमंत्री ने सम्पूर्ण प्रदेश में इन पर्व-त्योहारों पर हो रहे पारिवारिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों की सफलता की कामना की है।

### देवड़ा ने दीं नव संवत्सर, चेटीचंद की शुभकामनाएं

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर, चेटीचंद और गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि ये पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक हैं और समाज में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विक्रमोत्सव-2025 का भव्य आयोजन 30 मार्च को गुड़ी पड़वा से शुरू होगा। विक्रमोत्सव का आयोजन युवा पीढ़ी को सम्राट विक्रमादित्य के सिद्धांतों से प्रेरणा लेने की सीख देगा। इसी दिन से जल गंगा अभियान भी प्रदेशभर में शुरू होगा। उन्होंने कहा कि विक्रमोत्सव यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और विक्रमादित्य के आदर्शों को आत्मसात करने की स्वर्णिम पहल है।

### लोकतंत्र को मजबूत करने में पुलिस का बहुमूल्य योगदान : राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि अखिल भारतीय पुलिस निशानेबाजी चैंपियनशिप का यह समारोह पुलिस बल की बहादुरी और कौशल का जश्न हैं। इसमें शामिल होना ही अत्यंत गर्व की बात है। राष्ट्र के गौरव पुलिस बल की 18वीं ऑल इंडिया स्पोर्टस निशानेबाजी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होकर मुझे भी गर्व का अनुभव हुआ है। राज्यपाल पटेल मुख्य अतिथि के रूप में 24 मार्च से आयोजित 18वीं अखिल भारतीय पुलिस निशानेबाजी खेल प्रतियोगिता - 2024 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रतियोगिता का आयोजन सीएसडब्ल्यूटी के रेवती रेंज में किया गया। प्रतियोगिता में ओवरआल चैंपियनशिप (महिला) बीएसएफ टीम एवं ओवरआल चैंपियनशिप (पुरुष)- सीआईएसएफ की टीम विजयी रही। राज्यपाल ने कहा कि वह प्रतिभागी जो पदक प्राप्त करने से वंचित रह गए है, वे प्रतियोगिता के अनुभवों से सबक लेकर नए उत्साह के साथ नई शुरुआत करें, याद रहे कि जिद के आगे जीत होती है। कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती है। खेल प्रतियोगिताएं केवल एक आयोजन मात्र नहीं होता है। यह ऐसा मंच है, हमारी प्रतिभाएं अपने अभ्यास, कौशल और उत्साह का प्रदर्शन करते हैं। यह ऐसा अवसर होता है, जहां हम अपनी पारस्परिक एकता, सौहार्द और जीवन के उच्च आदर्शों का अनुभव प्राप्त करते हैं।

शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मरीजों को दिलाएं

# अध्ययनरत विद्यार्थियों को दिलाए बेहतर चिकित्सकीय शिक्षाः शुक्ल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल की सामान्य सभा की बैठक हुई। शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में अध्यनरत विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे विद्यार्थी बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा प्राप्त कर अच्छे चिकित्सक बन सके। शुक्ल ने शहडोल, अनूपपुर एवं उमरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से निरोगी काया अभियान की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन कराया जाए और



समय-समय पर महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि सीएमएचओ एवं बीएमओ इस कार्य को प्राथमिकता से लें तथा गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच करने हेतु मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित करें तथा वरिष्ठ अधिकारी मॉनिटरिंग भी करें। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संभागीय मुख्यालय शहडोल के बस स्टैंड से बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय तक के मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य तेजी पूर्ण कराए जिससे आने जाने वाले वाहन सुगमता के साथ और मरीज समय पर मेडिकल कॉलेज तक पहुंचकर अपना इलाज करा सकें। उप मुख्यमंत्री ने मरीजों को मेडिकल कॉलेज में दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली तथा सुचारू सेवा प्रदाय के निर्देश दिए। उन्होंने महाविद्यालय में आयुष्मान भारत योजना, जननी सुरक्षा योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम एवं प्रसूति सहायता योजना की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रत्येक योजना का लाभ मरीजों को दिलाना सुनिश्चित करें।

### नव संवत्सर, चेटीचंद और गुड़ी पड़वा की दीं शुभकामनाएं

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर, चेटीचंद और गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि ये पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक हैं और समाज में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विक्रमोत्सव-2025 का भव्य आयोजन 30 मार्च को गुड़ी पड़वा से प्रारंभ होगा। इसी दिन से जल गंगा अभियान भी प्रदेशभर में शुरू होगा, जो 3 महीने तक चलेगा।

■ जल गंगा संवर्धन अभियान का आज सीएम करेंगे शुभारंभ

■ क्षिप्रा तट से होगी प्रदेशव्यापी अभियान की शुरुआत

# 30 जून तक चलेगा अभियान सुधरेगा प्रदेश का भूजल स्तर

खेत का पानी खेत में-गांव का पानी गांव में रहेगा

भोपाल। जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ आगामी 30 मार्च को वर्ष प्रतिपदा के दिन शिप्रा नदी के तट पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन से किया जाएगा। रविवार को अन्य जिलों में भी नदी अथवा जल स्त्रोत के समीप कार्यक्रम का आयोजन कर इस अभियान की शुरुआत की जाएगी। अभियान के व्यापक आगाज के लिए रविवार को प्रत्येक नगरीय निकाय और प्रत्येक ग्राम पंचायत में जन समुदाय की उपस्थिति में जल संरक्षण और संवर्धन के एक कार्य का क्रियान्वयन शुरू किया जाएगा।

प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का जल गंगा संवर्धन महा अभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरुण पूजन और जलाभिषेक के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का विधिवत शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेशव्यापी अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना को लोकार्पित करेंगे। जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश में भूजल स्तर में सुधार आएगा। पानी की बूंद-बूंद बचाएं, तभी हमारी सांसें बचेंगी। मध्यप्रदेश सरकार जन, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जल संरक्षण अभियान देशभर में एक व्यापक जन-आंदोलन बना है। राज्य सरकार भी खेत का पानी खेत में-गांव का पानी गांव में के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रदेश में जल की प्रचुर उपलब्धता और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रदेशव्यापी जल संवर्धन अभियान में जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, पर्यावरण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, उद्यानिकी एवं कृषि सहित 12 से अधिक अन्य विभाग साथ मिलकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य करेंगे। अभियान की थीम जन सहभागिता से जल स्त्रोतों का संवर्धन एवं संरक्षण रखी गई है। मुख्यमंत्री ने जल संचय की विभिन्न गतिविधियां संचालित करने जैसे-पौध-रोपण, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाने, स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने, ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नदियों पर छोटे बांध निर्माण एवं नदियों के संरक्षण के लिए जलधारा के आसपास फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से भी अपील की है कि वे जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान दें और प्रदेश में अभियान के दौरान इसे एक को जन-आंदोलन बनाएं।



### म्यांमार को मदद की पहल अभिनंदनीय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम मोदी का प्राकृतिक आपदा से आए महासंकट के समय म्यांमान को सहायता पहुंचाने की पहल का स्वागत और अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी की पहल पर आपरेशन ब्रह्मा के अंतर्गत म्यांमार को महासंकट के समय दवाओं एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं सहित 15 टन राहत सामग्री की पहली खेप रवाना कर भारत ने पुनः मानवसेवा के मंत्र को आत्मसात कर सहायता का हाथ बढ़ाया है।

### वैश्विक इलेक्ट्रानिक्स हब बनेगा भारत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम मोदी का इलेक्ट्रानिक्स कॉम्पोनेंट मैन्यूफैक्चरिंग स्कीम मंजूर करने के दूरदर्शी निर्णय पर आभार माना है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि केंद्रीय कैबिनेट द्वारा इलेक्ट्रानिक्स कॉम्पोनेंट मैन्यूफैक्चरिंग स्कीम की स्वीकृति मिलना आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से 59 हजार 350 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित होगा, जिससे 4.56 लाख करोड़ रुपए मूल्य के उत्पादों का निर्माण होगा और 90 हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय भारत को वैश्विक इलेक्ट्रानिक्स हब बनाने, आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त करने और नवाचारों द्वारा आत्मनिर्भर भारत को नए आयाम देने में सहायक सिद्ध होगा।

# जनजातीय अंचलों की जल जीवन मिशन ने बदली तस्वीर



### जल संकट से जूझ रहे 24 जनजातीय गांवों में घर-घर पहुंचा पेयजल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत जनजातीय अंचलों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। डिंडोरी जिले के बैगा जनजातीय बहुल 24 गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। वर्षों से जल संकट से जूझ रहे इन गांवों के हजारों परिवारों के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे अब वे सीधे नल से स्वच्छ पेयजल प्राप्त कर रहे हैं। डिण्डौरी जिले के इन गांवों में अब तक ग्रामीण नदी-नालों और परंपरागत जलस्रोतों पर निर्भर थे, जिससे उन्हें न केवल लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, बल्कि दूषित जल सेवन से बीमारियों का भी सामना करना पड़ता था। अब पीएचई विभाग द्वारा स्थापित आधुनिक वाटर यूनिट्स के माध्यम से हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। खारीडीह ग्राम पंचायत के उफरी और बाहरपुर गांव के निवासियों ने बताया कि पहले पेयजल की व्यवस्था चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस पहल को राज्य के जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश के हर ग्रामीण परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने इसे जनजातीय अंचलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले हर नागरिक को पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा सहज रूप से उपलब्ध हों। जल जीवन मिशन के अंतर्गत डिंडोरी में हुआ यह कार्य प्रदेश के अन्य जनजातीय अंचलों के लिए भी एक आदर्श प्रस्तुत करता है। इस पहल से न केवल जल संकट का समाधान हुआ है, बल्कि जलजनित बीमारियों पर भी नियंत्रण पाया जा रहा है। ग्रामीणों के लिए यह सिर्फ पानी की उपलब्धता का विषय नहीं, बल्कि एक बड़े बदलाव का संकेत है, जिससे उनका स्वास्थ्य और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आया है।

केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक में लिया गया निर्णय

# मप्र बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत 1 अप्रैल से होंगे प्रभावी

2024-25 में प्रचलित निर्माण दरें वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी यथावत जारी रहेंगी


सत्ता सुधार ■ भोपाल

आवासीय आरसीसी निर्माण तथा समस्त क्षेत्रों में आरबीसी/ टिन शेड/कच्चा कवेलू के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रचलित निर्माण दरें वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी यथावत जारी रहेंगी। यह निर्णय शनिवार को केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक में लिया गया। बैठक में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड के सभी सदस्य उपस्थित थे। मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शन सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम-2018 के अंतर्गत अचल संपत्ति के बाजार मूल्य के मार्गदर्शन सिद्धांत के प्रस्ताव के अनुमोदन और भूमि, भवन एवं स्थावर संपत्ति में विभिन्न प्रकार के हितों के संबंध में बाजार मूल्य के नियतन के लिए मानदंड/ उपबंध के अनुमोदन के संबंध में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड/ महानिरीक्षक पंजीयन मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों से बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत के प्रस्ताव वर्ष 2025-26 के अनुमोदित प्रस्तावों पर विचार करने के बाद उन्हें मान्य किया गया। निर्णय अनुसार बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत वर्ष 2025-26 आगामी 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024-25 में बाजार मूल्य से अधिक मूल्य पर पंजीबद्ध दस्तावेज नवीन प्रस्तावित रिंग रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग, प्रधानमंत्री सड़क अन्य जिला सड़क, तीव्र नगरीकरण, प्रदेश में विकसित हो रही शहरी अधोसंरचना आदि को दृष्टिगत रखते हुए जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा प्रेषित प्रस्तावों पर विचार के बाद दरों को प्रस्तावित मूल्यों के आधार पर युक्तियुक्त किए जाने का निर्णय लिया।

### गिरदावरी में संशोधन व दावा-आपत्ति की तिथि बढ़ी

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों के हित में गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। इससे किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री के लिए कराए गए पंजीयन की जानकारी और गिरदावरी की जानकारी में आ रहे अंतर में सुधार करवा सकेंगे। गौरतलब है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री के लिए किसानों द्वारा कराये गये पंजीयन में दी गई जानकारी और पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी में विभिन्नता होने से आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने आयुक्त अभिलेख को गिरदावरी में संशोधन/दावा आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रैल तक बढ़ाये जाने का आग्रह किया था।





**भोपाल।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की। वहीं देवड़ा ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन से भी मुलाकात की।

## ब्रीफ न्यूज

### सोनी रेलवे स्टेशन का नाम श्री दंदरौआ धाम रखा जाए: दिग्विजय

**भिण्ड।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने दंदरौआ धाम और सोनी रेलवे स्टेशन के विकास के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। सांसद दिग्विजय सिंह ने पत्र के माध्यम से रेल मंत्री को बताया कि भिण्ड जिले में स्थित दंदरौआ धाम एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। दंदरौआ धाम जिले की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का केंद्र है, यहां आने वाले श्रद्धालु अपनी आस्था और विश्वास के साथ मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। जिससे क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षण मिलता है। ट्रेन के माध्यम से जो श्रद्धालु दंदरौआ धाम आते हैं उन श्रद्धालुओं को सोनी रेलवे स्टेशन पर उतरना होता है। इसलिए सोनी रेलवे स्टेशन का नाम श्री दंदरौआ धाम रखा जाए।

### जय प्रकाश बने अध्यक्ष, रेखा कोषाध्यक्ष

**भिण्ड।** भारत विकास परिषद शाखा भिंड द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए निर्वाचन कराया गया। जिसमें जय प्रकाश शर्मा को अध्यक्ष, राजमणि शर्मा को सचिव, रेखा भदौरिया को कोषाध्यक्ष पद के लिए सर्व सहमति से निर्विरोध चुना गया। वहीं परिषद के सदस्यों ने तीनों नवागत पदाधिकरियों का स्वागत किया। इस मौके पर चुनाव अधिकारी सतीश कुमार जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर के लिए लोन लेने वाले को न्यायालय ने किया दंडित

**मेहगांव।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मेहगांव ने कूटबद्ध तरीके से ट्रैक्टर खरीदने के लिए ऋण निकालने वाले अभियुक्त एवं बैंक शाखा प्रबंधक को न्यायालय ने सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक देवेश शुक्ला ने बताया कि आरोपी मोतीराम पुत्र पंचम सिंह जाटव निवासी ग्राम कोंहार मेहगांव, पवन शर्मा पुत्र चमन लाल शर्मा शाखा प्रबंधक, एस.बी.आई. शाखा मेहगांव को 4-4 वर्ष के सश्रम कारावास व 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक मेहगांव ने बताया कि 07 सितंबर 2012 को शिकायतकर्ता वासुदेव राजौरिया को शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा मेहगांव द्वारा फोन पर सूचित किया गया कि उसके नाम से बैंक में ट्रेक्टर लोन है, जिसे उसे भरना है। उसने शाखा प्रबंधक को बताया कि उसके द्वारा कोई बैंक लोन नहीं लिया गया एवं न ही ट्रेक्टर उठाया गया है। जिस पर शाखा प्रबंधक ने उसे बुलाया और दस्तावेज दिखाए, तो उसने इन दस्तावेजों को फर्जी बताया। इसके उपरांत उसने मोतीपुरा पुत्र पंचम सिंह जाटव निवासी ग्राम कोंहार को बुलाया, तो उसने बैंक में उसका फोटो व हस्ताक्षर करना स्वीकार किया तथा मोतीराम द्वारा शपथ पत्र दिया। जिसमें राजेन्द्र कुशवाह पुत्र मुलेसिंह कुशवाह के द्वारा उसे बैंक ऋण का लालच देकर वासुदेव नाम के हस्ताक्षर कराए जाने की बात स्वीकारी। जिसके बाद 26 सितंबर 2012 को शिकायत कर्ता वासुदेव राजौरिया द्वारा भी भारतीय स्टेट बैंक में आवेदन प्रस्तुत किया गया कि बैंक में फर्जी तरीके से ऋण लेकर ट्रेक्टर उठाने के संबंध में दोषी के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाए।

# मेला के लिए आए 3 आवेदन, 6 लाख छोड सिर्फ 64 हजार में दे दिया ठेका

## कलेक्टर के स्थगन आदेश की हुई अनदेखी





सत्ता सुधार ■ गोहद

केशव पार्क में लगने वाला मेला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। मेला के संबंध में रोजाना नए-नए घटनाक्रम सामने आ रहे हैं। 28 मार्च को परिषद का विशेष व्यापक सम्मेलन बुलाया गया था। सम्मेलन का एजेंडा 24 मार्च को जारी किया गया। जिसमें आठवें बिंदु में उल्लेख था कि केशव पार्क में प्रदर्शनी मेला लगाने पर विचार विमर्श किया जाएगा, लेकिन मेला लगाने के लिए सम्मेलन से पहले ही रिया ट्रेडर्स एंड एंटरटेनमेंट हब के संचालन को लाभ देने एवं नगर पालिका की आय में कमी करने की मंशा से ठेका दे दिया। नगर पालिका में तैयार नोटसीट से मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहौर ने मेले की शुल्क रसीद क्रमांक 1320004426 से 64599 रुपए किराए के रूप में दिनांक 26 मार्च 2025 को एक मुश्त जमा कराकर केशव पार्क को किराए पर दे दिया था। रिया ट्रेडर्स एंड एंटरटेनमेंट हब का आवेदन 18 फरवरी को प्राप्त हुआ, वहीं दूसरा आवेदन शिवहरे इंटरप्राइजेज का आवेदन 25 फरवरी को और तीसरा आवेदन जय केला मां इवेंट एंड अम्यूजमेंट का 3 मार्च को किया गया। जिसमें मेले की परमिशन देने पर 6 लाख रुपए किराया देने का जिक्र किया गया था। रिया ट्रेडर्स एंड एंटरटेनमेंट हब को मेला लगाने के लिए केशव पार्क का किराया एक मुश्त जमा करने की पुष्टि दिनांक 20 मार्च 2025 को अध्यक्ष के द्वारा नोट सीट पर की गई है।

23 मार्च 2025 को इस संबंध में जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी से पूछा गया, तो उन्होंने अपनी ओर से अनुमति देने से इनकार कर दिया। इसके पश्चात 24 मार्च को एसडीएम गोहद को नगर पालिका उपाध्यक्ष सुनील कांकर व वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद शैलेंद्र गुर्जर, वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद राघवेंद्र के द्वारा लिखित शिकायत केशव पार्क में लगने वाले मेले के संबंध में की गई। 24 मार्च को ही अध्यक्ष के द्वारा विशेष व्यापक सम्मेलन का एजेंडा जारी किया गया। 25 मार्च को कलेक्टर को शिकायत की गई। नोटसीट के अनुसार 26 मार्च को ही सीएमओ ने हस्ताक्षर किए एवं 26 को 64599 रुपए रिया ट्रेडर्स एंड एंटरटेनमेंट हब से एक मुश्त किराया जमा कराया गया।

27 मार्च को कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने शिकायत के आधार पर मेला लगने पर रोक लगा दी और आदेश का पालन करने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही इसकी सूचना एसडीएम गोहद को भी दी गई। लेकिन 28 मार्च की बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा कलेक्टर का आदेश छुपा लिया गया। बैठक में इसका कोई जिक्र नहीं किया गया और मुखदर्शक बनकर सीएमओ कलेक्टर के आदेश के खिलाफ ठहराव में मेला लगाने की पुष्टि होने दी। इन सब से यह प्रतीत होता है कि अध्यक्ष के द्वारा रिया ट्रेडर्स एंड एंटरटेनमेंट हब को लाभ पहुंचाने की नीयत से ठहराव में मेला लगाने की अनुमति दे दी गई। जबकि 20 मार्च के एजेंडे के बिंदु नंबर 8 पर स्पष्ट लिखा है कि केशव पार्क में प्रदर्शनी मेला लगने पर विचार विमर्श किया जाएगा।

# भगवान भरोसे मालनपुर का सीएम राइज स्कूल




सत्ता सुधार ■ मालनपुर

मालनपुर कस्बे में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को सीएम राइज स्कूल के नाम से जाना जाता है। लेकिन यहां के हालात पहले से भी बदतर हो चुके हैं। विद्यालय में कक्षा 9वीं व 11वीं के छात्रों का परीक्षा परिणाम खराब होने के बाद इस विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए। इस विद्यालय में कक्षा 9 और 11वीं की परीक्षा में सबसे कम विद्यार्थी पास हुए हैं। रिजल्ट आने के बाद अब समीक्षा का दौर शुरू हो गया है। विद्यालय में करीब 25 फीसदी ही छात्र पास हुए हैं। विद्यालय में कक्षा 9 में 222 छात्र-छात्राएं अध्यनरत थे। बीते दिनों परीक्षा परिणाम आया, तो 222 छात्रों में से महज 55 छात्र ही पास हुऐ और करीब 20 छात्रों की सप्लीमेंट्री आई है। एक तरह से परीक्षा परिणाम 25 फ़ीसदी ही रहा। यही हाल कक्षा 11वीं में भी हुआ है। विद्यालय में कई विद्यार्थी फेल हो गए हैं, जो कि बेहद चिंता का विषय है। परीक्षा परिणाम को लेकर शिक्षा विभाग के आला अधिकारी भी असंतुष्ट है। गोहद ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्याम किशोर भारद्वाज के मुताबिक जिन विद्यालयों का परीक्षा परिणाम ठीक नहीं आया है, वहां पर समीक्षा के बाद उचित कार्रवाई भी की जाएगी। कभी बेहतरीन पढ़ाई के लिए चर्चित रहने वाले विद्यालय का परीक्षा परिणाम निराशाजनक देख लोग भी हैरान हैं और अपने बच्चों की शिक्षा को लेकर चिंतित हैं। ऐसी स्थिति में निजी स्कूलों में दाखिला दिलाने की तैयारी कर रहे हैं। अगर शिक्षा का स्तर नहीं सुधरा तो विद्यालय में छात्रों की संख्या बहुत कम हो जाएगी। परीक्षा परिणाम को लेकर गोहद विधायक केशव देसाई ने भी चिंता जाहिर की है और इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि इस तरीके से क्षेत्र के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे।

# भिण्ड के अरविंद और अमन की जोड़ी ने जीते गोल्ड



सत्ता सुधार ■ भिण्ड

किशोरी बोट क्लब के अरविंद गुर्जर और अमन राजावत ने इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में खेलते हुए 2000 मीटर रोइंग डबल पूल में तथा 2000 क्वाटर पूल में गोल्ड मेडल लेकर के भिंड का नाम रोशन किया है इससे पहले भी वह निरंतर मेडल लेकर के भिंड और मध्य प्रदेश खेल अकादमी का नाम रोशन कर रहे हैं।

यह जानकारी किशोरी स्पोर्ट्स क्लब संचालक राधे गोपाल यादव के द्वारा दी गई। अरविंद गुर्जर माता कोमेश तथा पिता श्याम सिंह गुर्जर ग्राम गोना के पुत्र हैं तथा अमन राजावत माता सुनीता देवी पिता राकेश सिंह के पुत्र हैं। दोनों ही खिलाड़ियों ने अपना प्रारंभ गौरी सरोवर भिंड से किया और खेल अकादमी में उनका चयन हुआ, तदुपरांत कोच अर्जुन अवार्ड से सम्मानित दलबीर सिंह के निर्देशन में प्रशिक्षण लेकर निरंतर कामयाबी की सीढ़ी चढ़ने जा रहे हैं।

चंडीगढ़ मैं सुखना झील में राष्ट्रीय इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता 21 मार्च से 28 मार्च तक संपन्न हुई, जिसमें 26 मार्च को डबल्स में अरविंद गुर्जर ने अपने सहपाठी के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं 28 मार्च को क्वार्टर पूल में अरविंद गुर्जर अमन राजावत, वेदान्त और हरिओम के साथ मिलकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उनकी उपलब्धि पर डॉ. योगेंद्र यादव, शिव प्रताप सिंह भदौरिया, राहुल यादव भूरे, गगन शर्मा, अमित सिरोठिया, धर्मेन्द्र भदौरिया, राहुल मिश्रा एवं शहर के खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।



### शनि अमावस्या पर हुआ शनि देव का 51 किलो तेल से महाअभिषेक

**भिण्ड।** सिटी कोतवाली के पास स्थित कुंडेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में विराजमान न्याय के देवता शनिदेव पर शनि अमावस्या शनिवार को दोपहर 11 बजे 51 किलो सरसों के तेल से महा मस्तकाभिषेक किया गया, जिसमें सैकड़ों वक्तगण उपस्थिति रहे। गुरुदेव ब्रह्मऋषि जी महाराज के आदेश अनुसार सभी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें शाम को शनिदेव पर सामूहिक महाआरती की गई और दिनभर साधु भोज और खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। गुरूदेव ने बताया है कि शनि अमावस्या के दिन शनि देव की आराधना पूजा करने से शनि दोष और अन्य कष्ट निवारण हो जाता है। इसलिए हर व्यक्ति को शनिवार व शनि अमावस्या को अवश्य आवश्यक रूप से शनि देव की पूजा अर्चना करनी चाहिए, जिस ग्रह भी शांत रहते हैं। उक्त कार्यक्रम में मंदिर प्रबंधन समिति के अलावा सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन संपन्न

## प्रशिक्षण लेने वालों को प्रमाण पत्र किए वितरित



सत्ता सुधार ■ भिण्ड

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पोषित जन शिक्षण संस्थान भिण्ड में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए प्रभारी निदेशक संजय राजौरिया ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षाविद व मानसमर्मज्ञ डॉ. देवेन्द्र चौहान मौजूद रहे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे द्वारा किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और आयोजित दीक्षांत समारोह के महत्व की जानकारी दी। संस्थान के प्रभारी निदेशक ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। तत्पश्चात् प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। श्री राजौरिया ने अपने संबोधन में कौशल दीक्षांत का महत्व बताते हुए कहा कि आपकी कौशल की दीक्षा पूरी हुई और अब आप कौशल कार्य करने के लिए पूर्ण निपुण है। इस दौरान उन्होंने उज्जवल उन्नत जीवन की कामना के साथ बधाई दीं। कार्यक्रम में लिपिक अजय सिंह कुशवाह द्वारा आभार प्रकट किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी संतोश कुमार दुबे, अमित सिंह भदौरिया, सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश शर्मा, संतोश सिंह गुर्जर, लिपिक अजय सिह कुशवाह, लेखपाल हेमन्त शर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर जितेन्द्र कुमार शर्मा, ओमप्रकाश, रामबीर, जयप्रकाश, मिथलेश सोनी, अनीता श्रीवास्वतव, अख्तरी बेगम आदि उपस्थित रहे।

# 25 करोड़ की लागत से बनेगी सिक्स लाइन : सांसद

## चौड़ीकरण के लिए वर्ष 2025-26 की कार्य योजना में शामिल होगा एनएच-719



सत्ता सुधार ■ भिण्ड

भिण्ड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय ने नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से क्षेत्रीय जन समस्याओं को लेकर मुलाकात की। साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री के संज्ञान में लाया कि एनएच-719 को सिक्स लाइन के लिए जनता काफी लंबे समय से मांग कर रही है जिस पर कई बार आग्रह किया जा चुका है। जो कि क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। सांसद ने केंद्रीय परिवहन को चौड़ीकरण के लिए वर्ष 2025 26 की कर योजना में शामिल होने के लिए पत्र लिखा था, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने सांसद श्रीमती राय के पत्र का जवाब दिया है। सांसद श्रीमती राय ने पत्र के माध्यम से केंद्रीय परिवहन मंत्री से आग्रह किया था कि ग्वालियर से बरही चंबल नदी पुल तक हाईवे के सिक्स लाइन किए जाने की मांग चल रही है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री ने इस संबंध में भिण्ड दतिया सांसद संध्या राय के पत्र का जवाब देते हुए प्रोजेक्ट की स्थिति से अवगत कराया।

इस पत्र में उन्होंने लिखा है कि सड़क के चौड़ीकरण के लिए वर्ष 2025-26 की कार्य योजना में शामिल किया जा चुका है। उन्होंने बताया है कि इसका एलाइनमेंट अनुमोदन के लिए अप्रैल 2025 में ही मुख्यालय को प्रस्तुत किया जाएगा। मैंने मंत्रालय की वार्षिक योजना 2025 2026 में इसे शामिल करने का आदेश दे दिया है। इस परियोजना की संबंधित लागत 2500 करोड़ रुपए है।

# विधायक ने फीता काटकर किया व्यापार मेले का शुभारंभ

## विधायक बोले-मेला भिंड जिले की पहचान है, यहां दूर-दूर से आते हैं लोग



सत्ता सुधार ■ भिण्ड

व्यापार मेला का शुभारंभ शुक्रवार रात विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने फीता काटकर किया। उन्होंने मेले में घूमकर व्यापारियों से बात की। विधायक ने कहा कि ये मेला भिंड शहर की पहचान है। जब मैं छोटा था तब मेला घूमने आया करता था। मेला देखकर बचपन की यादें ताजा हो जाती है। उन्होंने कहा कि ये मेला 65 साल से ज्यादा पुराना हो चुका है। इसमें दूर-दूर से व्यापारी आते हैं, उन्हें अच्छा व्यापार मिलता है। भिण्ड वासियों समेत आसपास के ग्रामीणों का भी मनोरंजन होता है। लोग मेले का इंतजार करते हैं। दूर-दूर से वस्तुओं को खरीदने के लिए लोग पहुंचते हैं। आज का युग मॉल संस्कृति की ओर दौड़ता है, परंतु हमारे जेहन में मेला की अलग ही सुंदर दुनियां बसी हुई है। इस दौरान विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह झूला सेक्टर, खानपान सेक्टर समेत अन्य स्थानों पर घूमे। उन्होंने व्यापारियों के सुख सुविधाओं का ख्याल रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर नपा अध्यक्ष वर्षा बाल्मीक, उपाध्यक्ष भानुप्रताप भदौरिया, कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव, सीएमओ यशवंत वर्मा समेत कई पार्षद गण मौजूद रहे।

# बाबा साहब की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश ऐतिहासिक निर्णय : आर्य



**भिण्ड।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयन्ती पर केंद्रीय सरकार द्वारा राष्ट्रीय अवकाश घोषित किए जाने के निर्णय की सराहना की है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनुसूचित जाति वर्ग की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस निर्णय को बाबा साहब का सम्मान बताया। आर्य ने कहा कि यह राष्ट्रीय अवकाश घोषित होने से बाबा साहब का जो विचार और सपना था उसे भारत सरकार ने आगे बढ़ने का कार्य किया है। यह विचारधारा सबका साथ सबका विश्वास और सब का विकास प्रकट कर रही है। इस भाव को लेकर अंत्योदय की विचारधारा को आगे बढ़ने का कार्य किया है। ज्ञात हो संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 14 अप्रैल को जयंती है, इससे पहले केंद्र सरकार द्वारा इसे सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने वितरित किए नामांतरण स्वीकृति पत्र



सत्ता सुधार ■ गुना

नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने 490 नामांतरण स्वीकृति पत्र तैयार कर वितरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे पहले, उन्होंने 400 नामांतरण प्रकरण स्वीकृत करने का निर्देश दिया था, लेकिन तत्परता से काम करते हुए 490 प्रकरण स्वीकृत किए गए।

नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव की उपस्थिति में नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। परिषद के निर्णय उपरांत चार माह से रुकी नामांतरण प्रक्रिया को पुनः प्रारंभ किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने दिन-रात मेहनत कर मात्र चार दिनों में 490 प्रकरण तैयार किए। अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने त्वरित कार्रवाई कर इन पर हस्ताक्षर किए और स्वीकृति पत्र जारी किए। कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल ने इस पहल की सराहना करते हुए अन्य नगर पालिकाओं को भी गुना नगर पालिका से सीख लेने का सुझाव दिया। नपाध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने कहा कि भाजपा केवल कार्य में विश्वास रखती है और इसी भावना के अनुरूप केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार के मार्गदर्शन में नगर पालिका कार्य कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि अप्रैल माह तक सभी निर्विवाद नामांतरण प्रकरणों को स्वीकृत कर दिया जाएगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव ने बताया कि 490 प्रकरण तैयार किए गए थे, लेकिन अब तक केवल 70-80 हितग्राही ही अपने स्वीकृति पत्र लेने पहुंचे हैं। उन्होंने सभी हितग्राहियों से अपील की कि वे नगर पालिका कार्यालय आकर अपने स्वीकृति पत्र प्राप्त करें। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई दलाल या कर्मचारी उनसे पैसे की मांग करता है तो इसकी सूचना सीधे नपाध्यक्ष या उन्हें दी जाए।

## लहार एसडीएम ने पोषण के संबंध में कार्यकर्ताओं से किया संवाद, पूछे प्रश्न

# पोषण भी पढ़ाई भी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण में पहुंचे एसडीएम



सत्ता सुधार ■ गोहद

राज्य शासन के निर्देशन में 27 मार्च से 29 मार्च के बीच परियोजना स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसमें लहार परियोजना के अंतर्गत लगभग 300 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, इसी क्रम में एसडीएम लहार विजय सिंह यादव उन्मुखीकरण कार्यशाला में पहुंचे जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से पोषण विषय पर चर्चा की।

एसडीएम लहार ने समस्त कार्यकर्ताओं से चर्चा की जिसमें उन्होंने संतुलित आहार, भोजन के प्रमुख घटक, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, बाल मृत्यु दर, आयरन फोलिक एसिड टैबलेट्स के वितरण, वजन, गर्भवती, धात्री माताओं को प्रदान की जाने वाली जानकारियों एवं स्वास्थ्य सेवाओं इत्यादि बिंदुओं पर चर्चा की एवं विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां कार्यकर्ताओं को प्रदान की साथ ही निर्देशित किया कि यहां से प्रशिक्षण लेने के उपरांत आंगनबाड़ी केंद्रों का बेहतर संचालन हो ताकि नागरिकों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ समय पर प्रभावी तरीके से मिल सके। प्रशिक्षण के दौरान चर्चा के अंत में एसडीएम ने सभी कार्यकर्ताओं से बच्चों को स्वच्छ भोजन, स्वच्छ पानी एवं स्वच्छ शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है अथवा नहीं इसकी जानकारी ली। कार्यकर्ताओं ने बताया कि उन्हें भोजन, चाय, नाश्ता पीने का पानी एवं शौचालय की व्यवस्था बेहतर कराई गई है, कोई समस्या नहीं है। उक्त प्रशिक्षण में परियोजना अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर अजय जाटव एवं पर्यवेक्षक सीमा शाक्य, सीमा अर्गल, सरिता शर्मा, माधवी राजावत, ममता नरवरिया, राधा राठौर, ज्योति तोमर एवं शीलू राजावत ट्रेनर के रूप में उपस्थित रही।

## ग्वालियर में कलेक्ट्रेट के पास बनेगा भाजपा का कार्यालय

# 21 हजार 600 स्क्वायर फीट जमीन की रजिस्ट्री करवाने भोपाल से आए महामंत्री

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

ग्वालियर में भारतीय जनता पार्टी का नया कार्यालय बनेगा। इसके लिए 21 हजार 600 स्क्वायर फीट जमीन भारतीय जनता पार्टी ने खरीद ली है। जमीन की रजिस्ट्री शनिवार को हुई। रजिस्ट्री कराने भोपाल से भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ग्वालियर आए।

बता दें कि वर्तमान में ग्वालियर में महाराज बाड़े पर भाजपा का कार्यालय बना है। जिले की 6 विधानसभाओं के हिसाब से यह कार्यालय काफी छोटा है। समय के हिसाब से भाजपा अब नए कार्यालय बना रही है। इसी कड़ी में ग्वालियर में भाजपा ने सिरोल रोड स्थित कलेक्ट्रेट के पीछे नए भवन के लिए 21 हजार 600 स्क्वायर फीट जमीन खरीदी है। जिसकी रजिस्ट्री कराने वह खुद भोपाल से शनिवार दोपहर रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे। इनके साथ कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने कहा कि ग्वालियर संभाग के कार्यकर्ताओं के लिए आज खुशी का दिन है, आज पार्टी के नए कार्यालय के लिए जमीन की रजिस्ट्री हुई है। उसकी रजिस्ट्री कराने की जिम्मेदारी का दायित्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुझे दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी का कार्यालय बने वह हर एक कार्यकर्ता की इच्छा होती है क्योंकि कार्यालय पार्टी की गतिविधियों का एक केंद्र होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लगातार विस्तार हो रहा है। पूरे देश में आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। देश में भाजपा का आधार बढ़ा है। इसलिए हमारे कार्यक्रमों, बैठकों व आज की जो जरुरत है उनको पूरा करने के लिए बड़े स्थानों की जरूरत है। प्रदेश में 55 जिले हैं। हमारे संगठनात्मक 62 जिले हैं। सभी जिलो में हमारे कार्यालय बने हैं। ग्वालियर जिले में 6 विधानसभा आती है। सभी जगह के कार्यकर्ता आते हैं। प्रमुख बैठकें होती हैं तो पार्टी आज की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पार्टी कार्यालय का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री विनोद शर्मा, विनय जैन, राजू पलैया, संभागीय मीडिया प्रभारी राजलखन सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तोमर बिट्टू, दीपक शर्मा, गिर्राज कंसाना, दीपक शर्मा, अरविंद रघुवंशी आदि मौजूद रहे।



# धरती से जुड़े रहने का संस्कार देते हैं शिविरः डॉ. अवस्थी

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



महात्मा गांधी कॉलेज ऑफ लॉ की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन ग्वालियर के जिला संगठक डॉ. मनोज अवस्थी ने शिविरार्थियों के साथ समय बिताया। बौद्धिक सत्र के दौरान उन्होंने एनएनएस और शिविर की बारीकियों को अपने अनुभवों के साथ साझा किया। श्रोताओं को बांधकर रखने के अद्भुत संवाद कौशल द्वारा डॉ. अवस्थी ने एनएनएस से जुड़े रहे प्रसिद्ध लोगों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि इन्हीं शिविरों से आशुतोष राणा, दीपक चौरसिया, अनुराग पाठक निकलते हैं। ये शिविर ही आकाश तक पहुंचने के बाद भी धरती से जुड़े रहने के संस्कार देते है। जिला संगठक ने छात्रों से व्यक्तिगत चर्चा भी की। साथ ही शिविर समाचार के बारे में विस्तार से बताया। स्वागत भाषण सहयोगी अधिकारी डॉ. रूबी गुप्ता ने दिया। स्वंयसेविका मुस्कान व जाह्नवी द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। आभार कार्यक्रम अधिकारी प्रो. नौवेन्द्र सिंह रावत ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में रामब्रज, गिर्राज, सुनील, कपिल, देव, प्रशांत, आकाश, अजय, मुरली, आकाश, लेखराज, अजय, प्रिया, आकांक्षा, हेमा, सिलोचना, निशा, खुशी, जाहन्वी, सानिया, शिखा, प्रियाशी, रुचि, अंजली, शैलजा, कसक, मुस्कान, खुशी, नियति, प्रियंका सहित पचास स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## प्रधान जिला न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई



**ग्वालियर।** न्यायाधीश के पद सफलतापूर्वक अपना सेवाकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए प्रधान जिला न्यायाधीश पीसी गुप्ता व विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज प्रमोद कुमार सिंह की सेवानिवृत्ति पर जिला न्यायालय परिसर में स्थित एडीआर भवन में विदाई समारोह आयोजित कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व लीगल एड डिफेंस कार्यालय ग्वालियर द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर पीसी गुप्ता व विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज प्रमोद कुमार सिंह को भावभीनी विदाई दी गयी।

## विधायक डॉ. सिकरवार ने किया सामुदायिक भवन का भूमिपूजन




सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

नगर निगम के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 1 में जिन्नातों की दरगाह पर सामुदायिक भवन निर्माण के लिये पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ल, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सईदा अली एवं आसिफ अली ने भूमिपूजन किया। इस सामुदायिक भवन का निर्माण लगभग 34 लाख रूपये की लागत से किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि वर्षों से क्षेत्र की जनता द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण की मांग की जा रही है, सामुदायिक भवन निर्माण से क्षेत्रवासियों को पारिवारिक कार्यक्रम करने हेतु सुविधा प्राप्त होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद विधायक डॉ. सिकरवार ने क्षेत्र का भ्रमण किया, जनता की समस्याओं को सुना और तुरन्त संबधित अधिकारियों से बात कर समस्याओं का निराकरण कराया। कार्यक्रम में अख्तर हुसैन कुरैशी पूर्व प्रदेश महासचिव, लतीफ खान मल्लू, राजेश भदौरिया, फारूक अली खान, रजा अली खान, जावेद हुसैन, नासिर मदारी, राजेन्द्र माहौर, सुनील टैगोर, पप्पू खां, सईद डिस्क, जॉनी खान, मुन्ना हुसैन, सलमान खान, फरमान खान पेंटर भाई, नेतानी बेगम, जरीना बेगम, रहीसा बेगम, नजमा बेगम आदि मौजूद थे।

## बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन



**ग्वालियर।** बजरंग दल के विभाग संयोजक हरि सेंगर ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देकर बताया कि ग्वालियर महानगर में मांस, अंडे, मदिरा की दुकानें शासन तत्काल प्रभाव से बंद कराएं, क्योंकि 30 मार्च से हिंदू समाज की सबसे बड़ी आस्था की पूजा का त्यौहार आ रहा है। उन्होंने कहा कि नवदुर्गा, रामनवमी, महावीर जयंती पर जब हिंदू समाज पूजा अनुष्ठान करने जाता है तो उन्हें बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बजरंग दल के विभाग संयोजक ने बताया कि अगर शासन इन बातों को नहीं मानता है तो बजरंग दल खुद सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगा। ज्ञापन में ग्वालियर विभाग सह मंत्री पप्पू राठौर, जिला संयोजक दीपक मांझी, लश्कर जिला संयोजक लोकेश कुशवाह, राजेंद्र गुर्जर, जिला मंत्री विकास झा, नरेंद्र यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ध्यान मन को शांत रखने का सबसे अच्छा तरीका हैः न्यायमूर्ति सुनीता यादव

■ राजयोग ध्यान का जीवन में महत्व विषय पर कार्यक्रम आयोजित

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभु उपहार भवन माधौगंज में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भोपाल से आईं मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग की अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुनीता यादव, स्थानीय केंद्र प्रमुख ब्रह्माकुमारी आदर्श दीदी, बीके प्रहलाद उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में बी.के.आदर्श दीदी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में यदि सादगी और सत्यता है तो वह हर क्षेत्र में सफल हो सकता है। आज के दौर में लोग शॉर्टकट ढूढ़ते है। जबकि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता मेहनत ईमानदारी और लगन से कार्य करने पर ही सफलता मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि हम कितने भी व्यस्त क्यों न हो परंतु थोड़ा समय हमें अपने लिए अवश्य निकालना चाहिए। जिसमें हम ध्यान आदि कर सकें। ध्यान से हम ऊर्जावान और सदा खुश रह सकते हैं। राजयोग ध्यान हमें शारीरिक रूप से और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में बहुत मदद करता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुनीता यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया में आज कई लोग बहुत दुःखी और परेशान हैं। इन सबसे छूटने के लिए आध्यत्मिकता हमें बहुत मदद करती है। आज हर उस व्यक्ति को अपने जीवन में आध्यात्मिकता का समावेश करना चाहिए जिसके जीवन में उतार चढ़ाव बहुत आते हैं। हमने जब सहज रीति से ही अपने जीवन में राजयोग ध्यान को आत्मसात किया तो बहुत सकारात्मक अनुभव हुए। पिछ्ले एक दशक से भी अधिक समय से ध्यान हमारे जीवन का हिस्सा है। यह मेरा सौभाग्य रहा कि ब्रह्माकुमारीज ग्वालियर केंद्र के माध्यम से मुझे आध्यत्मिकता से जुड़ने का मौका मिला। उन्होंने आगे कहा कि जब आपके सामने तरह-तरह की परिस्थितियां हैं और आपका मन स्थिर नहीं है अंदर से शांत नहीं है विचलित है तो परिस्थितियों को सही ढंग से समझ नहीं पाते।

लेकिन आपका मन जब शांत और स्थिर है तब आप निरपेक्ष भाव से साक्षी भाव से उसको देख रहे होते हैं। तो आपको हर परिस्थिति पर विजय पाने में मदद मिल सकती है। ध्यान मन को शांत रखने का सबसे अच्छा तरीका है। कार्यक्रम में बीके प्रहलाद भाई ने अपने विचार रखे।

# 50-30-20 के नियम का पालन वित्तीय योजना में बेहद जरूरी

■ इन्वेस्टर अवेयरनेस पर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की ग्वालियर ब्रांच ने किया कार्यक्रम का आयोजन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की ग्वालियर ब्रांच द्वारा निवेशकों के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन्वेस्टर अवेयरनेस प्रोग्राम का उद्देश्य आम नागरिकों, खासकर छोटे निवेशकों को निवेश के सही विकल्प, जोखिम प्रबंधन, धोखाधड़ी से बचाव और उनके निवेश से संबंधित अधिकारों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जनरल मैनेजर नितिन मांगलिक मौजूद रहे। उन्होंने निवेशक के रूप में अपने अनुभव साझा किये और निवेशकों को धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता सीए सुमित निगम एवं सीए राहुल जैन मौजूद रहे। सीए निगम ने बताया कि छोटी उम्र से ही निवेश शुरू कर देना चाहिए और वित्तीय योजना के अनुरूप अलग अलग पोर्टफोलियो बनाकर निवेश करना चाहिए सारा पैसा एक जगह निवेश करने से बचना चाहिए। वहीं दूसरे वक्ता सीए राहुल जैन से जानकारी दी कि लालच में आकर निवेश न करें, खुद उस प्लान की जानकारी लें उसे ठीक से समझें और तभी निवेश में आगे बढ़े। इस मौके पर ग्वालियर ब्रांच के अध्यक्ष सीए मयूर गर्ग, सचिव सीए गगन जैन, कोषाध्यक्ष सीए विवेक कुमार जैन, सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए पंकज शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर सीए ऋषि गोयल रहे।

## धूमधाम से मनेगा हनुमान जन्मोत्सव, राम-हनुमान की निकलेगी रथयात्रा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



संकट मोचन हनुमान बालाजी धाम मंदिर गोलपाडा में तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से बनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुयठानों का आयोजन किया जाएगा। 11 से 13 अप्रैल तक चलने वाले इस उत्सव में श्रद्धालु भक्तिभाव से शामिल होंगे। उक्त जानकारी संकट मोचन हनुमान बालाजी धाम मंदिर गोलपाडा के चरणसेवक जगवीर दास ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में जहां अधर्म लगातार अपने पैर पासर रहा है। रिश्तों की गरिमा तार तार हो रही है। कलियुग में एक ही देवता ऐसे है जो हमें सदमार्ग पर चलने के लिए हमारी आत्म शक्ति बढाते है, प्रेरित करते हैं और हमें सदा जीवन में सफल बनाते हैं। ऐसे प्रभु हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव हम सभी मंदिर के सेवकगण तीन दिन तक हनुमान जी महाराज की सेवा में तन, मन, धन समर्पित करते हुये मनायेंगे। तीन दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहले दिन 11 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से रामचरित मानस अखंड रामायण का प्रारंभ किया जाएगा। दूसरे दिन 12 अप्रैल को प्रातः 4 बजे से मूर्ति स्वरूप हनुमान बालाजी महाराज का पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद सुबह 7 बजे आरती स्तुति होगी। वहीं 7:30 बजे 56 व्यंजनों से प्रभु हनुमान जी महाराज का भोग लगाया जाएगा। 10 बजे से अलौकिक हवन यज्ञ का आयोजन होगा। शाम छह बजे से कोटेश्वर मंदिर से विशाल राम हनुमान रथ यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें मुख्य रूप से राम दरबार और वर्तमान अयोध्या के राम के स्वरूप की झांकी निकाली जाएगी। इसी के साथ अन्य झांकिया भी आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। रथ यात्रा का प्रस्थान कोटेश्वर मंदिर से मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर पूजन आरती कर करेंगे। रथ यात्रा का जगह जगह पर स्वागत किया जाएगा। इसकी विशेष बात यह है कि हमारे साथ मुस्लिम भाई भी जय श्री राम के नारे लगाते हुये यात्रा का स्वागत करते हैं और इस वर्ष भी करेंगे। तीसरे दिन 13 अप्रैल को शाम छह बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

## शनिश्चरी अमावस्या पर निकाली हरिनाम प्रभात फेरी



**ग्वालियर।** संत आशाराम बापू आश्रम द्वारा शनिश्चरी अमावस्या पर आयोजित हरिनाम प्रभात फेरी भारी संख्या में शामिल साधक भक्तों ने गुरुभक्ति से भरे भजनों पर खूब झूम झूमकर भाव नृत्य किया। मीडिया प्रभारी बलवीर सिंह परमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रभात फेरी हनुमान चौराहे से जीवाजी गंज होते हुए लक्ष्मीगंज की विभिन्न गलियों में हरिनाम मस्ती लुटाती हुई वापिस हनुमान चौराहे पर समाप्त हुई। जगह जगह हरिभक्तों का जल, फल, मिष्ठान वितरण कर भव्य स्वागत कर गुरुदेव के चलित वाहन की व्यास पीठ पर विराजे संत आशाराम बापू के विग्रह फोटो को पुष्प मालाओं से लाद दिया और खूब बापू के जयकारे लगाए। समापन पर अर्जुन भाई संचालक आश्रम ग्वालियर द्वारा मंगल आरती कर व्यास पीठ से सामूहिक आशीर्वाद ग्रहण किया। जन साधारण में हजारों ऋषि प्रसाद सत्साहित्य का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर लखमीचंद, हरीश ढींगरा, दिलीप हूंदवानी, रामू रामानी, सीबी शर्मा, प्रधान सिंह, हितेश चितोरिया, गोविंद राठौर, हिमांशु नागपाल, महेंद्र कुशवाह के अलावा मातृशक्ति स्वरूपा कविता बहन, कुसुम चंदेल, पूजा, लता खत्री आदि मौजूद रहे।

## सर्व ब्राह्मण महासंघ ने किया नवसंवत्सर पर आयोजन

# ब्रह्मध्वज, पंचाग पूजन कर किया पंडित व आचार्यों का सम्मान

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



नवसंवत्सर 2082 गुड़ी पड़वा की पूर्व संध्या पर ब्रह्म ध्वज, पंचाग पूजन कर पंडित, आचार्यों का सम्मान सिद्ध पीठ गंगादास की शाला के महंत रामसेवक दास महाराज के सानिध्य विष्णु नायक शास्त्री भागवताचार्य, पंडित गिर्राज गुरु, आचार्य वैभव विदुआ आदि द्वारा मंत्रोंच्चारण कर पूजा अर्चना की गई। यह नवसंवत्सर का कार्यक्रम सर्व ब्राह्मण महासंघ द्वारा गंगादास की शाला में आयोजित किया गया, जिसमें नवसंवत्सर व पंचाग पर विस्तृत रूप से व्याख्यान मुख्य वक्ता आचार्य मनीष खेमरिया प्राचार्य संस्कृत महाविद्यालय व चेयरमैन जीवाजी विश्वविद्यालय एवं पं. विष्णु नायक शास्त्री दिया द्वारा दिया गया। प्रेस विज्ञप्ति में महासंघ के महामंत्री रामनारायण मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर शहर के प्रमुख 101 आचार्यों का सम्मान बालेंदु शुक्ला पूर्व मंत्री, महासंघ के अध्यक्ष इंजी. एसके शर्मा, अशोक पटसारिया, एम.डी.पाराशर, महेश मुद्गल, सुनील शर्मा, रामबाबू कटारे, अशोक शर्मा, डॉ. अशोक मिश्रा, रवि आनंद गौड़ व सभी उपवर्गो, संगठन अध्यक्ष एवं वरिष्ठ जन ने अंगवस्त्र व पंचाग भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही ऐसे 16 दिव्यांग (नेत्रहीन) बालकों का सम्मान कर वस्त्र भेंट किए गये जो कि पूर्ण रूप से नेत्रहीन है और पिछले चार वर्ष से शाला में अखंड रामधुन चौबीस घंटे कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष इंजी. राजेश नायक ने किया। आभार कोषाध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. हरिमोहन पुरोहित, जयवीर भारद्वाज, श्रीराम शर्मा, जगदीश शर्मा, परमानंद शर्मा, तीरथ मिश्रा, युवा अध्यक्ष कपिल भार्गव, विजय कब्जू, संजय शर्मा महलगांव, रामाधार चौबे, अनीता रिछारिया, ममता कटारे, अरुण शर्मा, नरेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, अनिल भारद्वाज, पवन मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, राघवेंद्र शर्मा मालनपुर, प्रमोद बितथरिया, पवन शर्मा, आरडी रिछारिया, केपी अरजरिया, धीरेंद्र तिवारी, मुन्नालाल शर्मा, कल्ली पंडित, पंकज सोनकिया, राजीव पस्तोर, सोनू बाजपेई, अवनीश गौड़, देवेंद्र नायक, पीएन मिश्रा, कैलाश मिश्रा, अतुल पांडे, एलएन रिछारिया, धर्मेन्द्र शर्मा महलगांव, हेमंत विदुआ, महेंद्र शर्मा, रवि भारद्वाज, अनूप तिवारी सहित भारी संख्या में शहर के ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।

# वीर शहीदों की स्मृति में किया रक्तदान

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के 94वीं शहादत दिवस के उपलक्ष्य में नीमा छात्र संगठन द्वारा कॉर्पोरेट आयुर्वेद कॉलेज भोपाल में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ, जिसमें 100 से भी ज्यादा रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया। सीसीएस के प्रिंसिपल डॉ. विराज विलास जाधव, अध्यक्ष सुनील गुप्ता, प्रशांत गुरुदेव, सुधेश गुप्ता, मिथिलेश धाकड़ आदि उपस्थित रहे। निफा एवं नीमा शहीदों को नमन कर रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से डेढ़ लाख ब्लड यूनिट एकत्रित कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएगा। इसमें मध्यप्रदेश सहित देशभर के 2400 रक्त संग्रह केंद्र शामिल होंगे। इस अभियान का उद्देश्य शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को उनकी 94वीं शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर देशहित में कार्य करना है। मध्यप्रदेश की इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के जनरल सेकेट्री रामेंद्र सिंह ने ग्वालियर सहित सभी जिला कलेक्टरों और रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं। डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया प्रदेश अध्यक्ष नीमा छात्र संघ ने कहा, रक्तदान जीवनदान है। रक्तदान शिविर लगाकर बड़ी संख्या में ब्लड एकत्रित करने के लिए संवेदना 2 अभियान शुरू किया जा रहा है। डेढ़ लाख यूनिट ब्लड एकत्रित करने का लक्ष्य है, जो पिछले विश्व रिकॉर्ड से अधिक है। विगत अग्रिम दिनों में यह शिविर अन्य महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। शिविर हेतु शाश्वत बावन कुले, सावन, हर्ष, चंद्रकांत, सागर, पवन, इंद्रराज आदि विद्यार्थी प्रतिनिधि सक्रिय होकर कार्य कर रहे हैं।





# "विक्रम सम्वत् 2082" भारतीय नववर्ष, सृष्टि आरंभ दिवस एवं गुड़ी पड़वा के पावन पर्व की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री | मंगुभाई पटेल, राज्यपाल | डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# विक्रमोत्सव 2025

26 फरवरी से 30 जून

**मुख्य अतिथि**
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल

**अध्यक्षता**
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

**गरिमामयी उपस्थिति**
डॉ. अर्जुनराम मेघवाल
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
विधि एवं न्याय, भारत सरकार

प्रदेश स्तर पर ब्रह्मध्वज स्थापना एवं सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाट्य प्रस्तुति

**वीर भारत संग्रहालय का भूमिपूजन**
सायं 5:00 बजे, कोठी महल

**रुद्र सागर, लाइट एंड साउंड शो का उद्घाटन**
सायं 6:30 बजे, श्री महाकाल-महालोक परिसर

**सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल का लोकार्पण**
सायं 6:00 बजे, महाराजवाड़ा परिसर

**30 मार्च, 2025, उज्जैन**



जन सहभागिता से जलस्रोतों को सहेजने के लिए

**जल गंगा संवर्धन अभियान**

**शुभारंभ**

30 मार्च से 30 जून, 2025
सायं 7:00 बजे, क्षिप्रा तट

'जल दूत' के रूप में सहभागिता के लिए mybharat.gov.in पर पंजीयन करायें

सीधा प्रसारण | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP | JansamparkMP

D-11218/24

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025


# शक्ति, साधना और सिद्धि का महोत्सव है नवरात्रि

भारतीय समाज में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 30 मार्च से हो रही है, जिसका समापन 6 अप्रैल को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार,



त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है। चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुईं अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं।

# नव वर्ष - नव संकल्प



▪ शिवप्रकाश

**भारतीय कालगणना के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विक्रमी संवत 2082 प्रारंभ हो रहा है। आंग्ल तिथि के अनुसार 30 मार्च रविवार का यह दिन है। भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक अनेक ऐतिहासिक प्रसंग चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ जुड़ें है।**

पृथ्वी की उत्पत्ति के कारण पृथ्वी संवत, सृष्टि प्रारंभ दिवस के कारण सृष्टि संवत, श्रीराम जी का राज्याभिषेक, कलयुग संवत,युधिष्टिर संवत, विक्रम संवत (2082), शालिवाहनशकसंवत (1947),युगाब्द(5127),मालव संवत, गुडी पाडवा, आर्य समाज स्थापना, उगादि, गुरु अंगद देव का जन्म दिवसएवं झूलेलाल जी का अवतरण दिवस आदि सभी प्रेरणा दिवस इस शुभ दिन के साथ जुड़े है। शक्ति की उपासना के प्रतीक नवदुर्गा का प्रारंभ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ0केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी वर्षप्रतिपदा ही है।

भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक जीवन की समस्त विधाओं में भारत की अग्रगणीयता, आर्थिक समृद्धि,प्रकृति में वसंत अर्थात सम्यक परिवर्तन की दिशा का संदेश संपूर्ण मानवता को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा देती आई है। भारतीय समाज में व्यैक्तिक एवं सामूहिक जीवन में उत्थान के लिए नव वर्ष पर नव संकल्प लेने की परंपरा है। इस विक्रम संवत के आगमन पर हम हर्ष एवं उल्लास के साथ नव वर्ष का स्वागत करेंएवं भावी समाज को संरक्षित करने की दिशा में नवसंकल्प लें।

शारीरिक- शरीरमाध्यम्खलु धर्म साधन( अर्थात धर्म के साधन का मार्ग स्वस्थ शरीर ही है) भारत मेंअसावधानी के कारण हमारा खानपान स्थूल(मोटापा) शरीर का निर्माण कर रहा है। जिसके कारण अनेक रोग हमारे शरीर को अपना घर बना रहे हैं। दुनिया के देशों की तुलना में हमारे देश में गंभीर रोगों का औसत अधिक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए फिट इंडिया का संदेश दिया था। नव वर्ष पर यदि हम अपनी प्रतिदिन की दिनचर्या में संतुलित आहार, व्यायाम एवं योग को स्थान देंगे तब हमारा स्वास्थ्यअच्छा होगा। हमारा स्वास्थ्य ही राष्ट्र के स्वास्थ्य से जुड़ा है। इसको हम प्रतिदिन का संकल्प बनाएं।

पारिवारिक - भारतीय समाज के चिरंजीवी होने के अनेक कारणों में से महत्वपूर्ण है हमारी पारिवारिक व्यवस्था। संपूर्ण विश्व इस पारिवारिक व्यवस्था का अध्ययन एवं अनुपालन करने का प्रयास कर रहा है। परिवार के सभी सदस्यों में सामूहिकता, सुरक्षा, परस्पर प्रेम और आत्मीयता का अंकुरण होता है । परिवार टूटने के कारण ही दुनिया के देश अपने बजट का बड़ा भाग सामाजिक सुरक्षा पर खर्च कर रहे हैं। भारत में दुनिया की तुलना में यह न्यून है7 हम अपने परिवार के वृद्धों को सम्मान एवं आत्मीयता दें। इसका परिणाम होगा कि नवीन पीढ़ी में भी यह संस्कार आएगा। परिवार के सदस्य सामूहिक भोजन, सामूहिक भजन एवं वर्ष में एक-दो बार विशेष प्रसंगो पर वृहद् परिवार मिलन कर पारिवारिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का संकल्प लें।

भाषा सीखे- विशाल भूभाग वाले अपने देश में अनेक भाषाओं एवं बोलियों का उपयोग होता है। सभी भाषाओं में एक अन्तर्निहित एकात्मता है। हम अपनी मातृभाषा के साथ-साथ एक और दूसरे प्रदेश की भाषा



सीखने का प्रयास करें। जिसके कारण हम उस भाषा के साहित्य में छिपे तत्वज्ञान,महापुरुषों एवं परंपराओं को समझ सकेंगे, एवं राष्ट्र की एकात्मता वृद्धि में सहयोगी बन सकेंगे ।

नागरिक अनुशासन - देश के संविधान के प्रति आदर एवं श्रद्धा भाव, देश को सुचारू संचालित करने के लिए बनी व्यवस्थाओं का अनुपालन, देश की सम्पत्तियों का संरक्षण, नियमों का पालन,शुचिता पूर्ण कर्तव्य निष्ठ व्यवहार करने से देश में अनुशासन का भाव निर्माण होगा। यह अनुशासन ही किसी भी देश की महानता की गारंटी है । अभावग्रस्त समाज के लोगों को शिक्षा,भोजन,कार्य कुशलता निर्माण कर सेवा के माध्यम से समृद्ध करें। अपने चारो तरफ होने वाली घटनाओं के प्रति सजग रहते हुए समाज में सुरक्षितता का वातावरण बनाएं। नए-नए प्रयोगों के द्वारा रोज़गार प्रदान करते हुए भारत को आर्थिक समृद्ध कर, विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति में सहायक होना हमारा संकल्प बने ।

संयमित एवं सादगी पूर्ण जीवन शैली - पंडित दीन दयाल उपाध्याय द्वारा स्थापित सिद्धांत खर्च में संयम एवं उत्पादन में वृद्धि हम सभी के लिए मार्गदर्शक है ।आय से अधिक खर्च किसी भी समाज में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। समाज में एक दूसरे को देखकर अधिक खर्च की प्रवृत्ति भी बढ़रही है। शादी-विवाह एवं शुभ प्रसंगों के समय बर्बाद होता भोजन यह राष्ट्र की संपत्ति का ही नुकसान है। यह दृष्टि लेकर व्यक्तिगत जीवन में सादगी एवं संयम पूर्ण व्यवहार से समाज को सम्यक दिशादें। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी अन्न की बर्बादी के संबंध में सम्पूर्ण देश को सचेत किया था ।

महिला सशक्तिकरण- अपने प्राचीन धर्म ग्रंथो में माँ (स्त्री) का बड़ा श्रेष्ठ स्थान (यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ) था । कालांतर में समाज में अनेक कुप्रथाए आई। आज भी समाज में हृदय को विदीर्ण करने वाली अनेक घटनाएं होती रहती है। महिला हिंसा एवं दुर्व्यवहार को समाप्त करें।समाज में महिलाओं को समान स्थान,समान अवसर, निर्णयों में समान सहभागिता का वातावरण बनाने में हम सभी सहभागी बने।

पर्यावरण संरक्षण- महात्मा गाँधी जी का प्रसिद्ध वाक्य The Earth has enough resources for our need but not for our greed. भोगवादी जीवन शैली एवं प्रकृति के संसाधनों पर कब्जे की मनोवृति के कारण हमने पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ की है। जिसका परिणाम है प्रदूषण एवं तापमान में वृद्धि। अनेक विद्वानों एवं पर्यावरण केंद्रित संस्थाओं के आकड़े हमें चिंतित करने वाले है। मनुष्य का जीवन भविष्य में सुरक्षित रहेगा अथवा नहीं यह सभी की चिंता का विषय है। हम इस नव वर्ष पर अपना जीवन पर्यावरण को संरक्षित करनेवाला बनाएं, एवं जल, भोजन, वायु, वनस्पति सभी शुद्ध रहे इसका संकल्प लें।

संस्कृति स्वाभिमान- हमारी संस्कृति त्यागमयी एवं सभी के कल्याण का विचार करने वाली है। इस कारण विश्व शांति की गारंटी भारतीय संस्कृति ही है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हमको इस सांस्कृतिक गौरव का ही स्मरण कराती है। हम स्वयं एवं आने वाली पीढ़ी में अपने महापुरुषों, अपनी परंपराओं के प्रति यह गौरव के भाव को जागृत करने का संकल्प लें। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उत्सव को व्यक्तिगत के साथ-साथ समाज का उत्सव बनाते हुए, हम अपने व्यक्तिगत जीवन एवं समाज जीवन में यह संकल्प ले तब नव वर्ष की सार्थकता सिद्ध होगी।

**(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं।)**

# पोषण भी पढ़ाई भी...

## आंगनवाड़ी केन्द्रों में विकास को बाधित करने वाले संकेतकों से प्रारंभिक वर्षों में ही विकलांगता की पहचान और उपचार

प्रहलाद सबनानी

बाल्यावस्था मनुष्य के व्यक्तित्व, उसकी सफलता यहाँ तक की उसके सम्पूर्ण जीवन की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिकानिभाती है । बाल्यावस्था याने की गर्भ से लेकर 6 वर्ष तक कीअवस्था। इस अवस्था में शिशु को जिस तरह का परिवेश, देखभाल, व्यवहार माँ के गर्भ में व जन्म लेने के बाद मिलता हैवही उसके आने वाले जीवन की आधारशीला रखता है। इसमें भीअत्यन्त महत्वपूर्ण हैं गर्भ के नौ माह व शिशुके जन्म के बाद के 2 वर्ष, यानी कुल 1000 दिवस। इन 1000 दिवसों में शिशु कोमात्र शारीरिक वृद्धी के लिए पोषण की ही आवश्यकता नही होती, बल्कि उसे सीखने, समझने, पहचाननें आदि के लिएअवसरों की भी आवश्यकता होती है जो उसे उसके माता-पिता , परिवार, परिवेश व समाज दे सकते हैं। इसे हम शिशु की प्रथमपढ़ाई कह सकते हैं, जो घर की पाठशाला में खेल-खेल में बढ़े हीसहज वातावरण में दी जाती है।अभिमन्यू के द्वारा माँ के गर्भ में चक्रव्यूह की जानकारी प्राप्त करना इस बात का पुख्ता प्रमाण हमसबके सामने है।

घर में बच्चों को अच्छे पोषण के साथ- साथ खेल-खेल में सीखाने -पढ़ाने का काम वर्षों से हमारी परम्परा रही है। लेकिनआज के समय में जब की संयुक्त परिवार खत्म होते जा रहे हैं, माता-पिता दोनो आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं , ऐसे मेंजीवन की बुनियादी बातें खो रही हैं, और इसका असर हमारीआने वाली पीढ़ी पर साफ नजर आ रहा है। आंगनवाड़ी केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं ,शिशुवती माताओंऔर 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को पोषण आहार के साथ- साथ 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को अनौपचारिक शाला पूर्व शिक्षादी जाकर बच्चों को शाला की औपचारिक शिक्षा के लिए तैयारकरने का काम किया जा रहा है। गर्भवती व शिशुवती माताओं कोभी उनके व उनके शिशु के अच्छे स्वास्थ्य व सम्पूर्ण विकास कीजानकारी दी जा रही है।

केन्द्र सरकार के कार्यक्रम पोषण भी पढ़ाई भी के माध्यमसे अधिक व्यवस्थित तरीके से बच्चे के 1000 दिवसों, 3 वर्ष से6वर्ष की आयु, विकास के चरणों, प्रारंभिक वर्षों में ही विकासको बाधित करने वाले संकेतों की पहचान , माता-पिता कोजानकारी के साथ ही शीघ्रता से उपचार की व्यवस्था को प्रभावीतरीके से लागू किये जाने का प्रावधान है। पोषण भी-पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीतिमें 3 वर्ष से छोटे बच्चों की देखभाल के साथ ही बच्चों मेंदिव्यांगता की पहचान के संबंध में प्रथम बार गतिविधियां चिन्हितकी गयीं हैं। इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं शाला पूर्वशिक्षा की नई गतिविधियों का संचालन कर सकेंगी, 3 वर्ष सेछोटे बच्चों के पालकों को बाल विकास के संबंध में जागरूक करसकेंगी । साथ ही छोटे बच्चों में दिव्यांगता की पहचान करसकेंगी, जो बच्चों के विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण पहलू है, एकसंवेदनशील मुद्दा है। कभी-कभी, किसी बच्चे को विशेष योग्यताएँ विकसित होने मेंअपेक्षा से अधिक समय लग सकता है। उन्हें चलने या बोलने मेंअधिक समय लग सकता है और उसे सहायता की आवश्यकताहो सकती है। अगर समय पर इसे पहचान कर उचित देखभाल नकी जाए, तो बच्चे की विकास यात्रा बाधित हो सकती है औरभविष्य में विकलांगता में बदल सकती है।

संभावित विकलांगता के लक्षण हमेशा आसानी से दिखाईनहीं दे सकते हैं। किसी बच्चे में दृश्य हानि, श्रवण हानि, डाउनसिंड्रोम या सेरेब्रल पाल्सी आसानी से दिखाई दे सकती है। इसकेविपरीत, बोलने में देरी जैसी सीखने की अक्षमताएं, जिससेसाक्षरता में देरी होती है, आसानी से दिखाई नहीं दे सकती हैं।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विलंबित विकास वाले एवं दिव्यांगबच्चो की स्क्रीनिंग के इंडीकेटर्स प्रशिक्षण पुस्तकों के माध्यम सेउपलब्ध कराये गये हैं। प्रशिक्षण के बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, Developmental Delays वाले बच्चों को पहचान सकेंगी। इससेउनके उपचार को प्रारंभिक अवस्था में ही आरंभ किया जा सकेगा।साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गृह भेंट के समय, अभिभावकों के साथ स्क्रीनिंग के इंडीकेटर्स वाली गतिविधियों कोकिया जाएगा, ताकि अभिभावक को भी Developmental Delays वाले बच्चों की पहचान हो सके।

कार्यकर्ताओं द्वारा गृह भेंट के दौरान समय पर और नियमितजांच से देरी या संभावित विकलांगता के बारे में तुरंत पता चलसकता है। यदि शीघ्र पता लगाया जाए, तो कुछ प्रमुखजानकारियों के माध्यम से लगभग एक-तिहाई हानि को बिगड़ने सेरोका जा सकता है। भेंगापन, दृश्य दोष, जन्मजात मोतियाबिंदऔर श्रवण हानि जैसी दृश्य हानि को भी समय पर जांच, रेफरलऔर चिकित्सा हस्तक्षेप से गंभीर होने से रोका जा सकता है। सिलसिलेवार चली प्रशिक्षण प्रक्रिया में राष्ट्रीय जन सहयोगएवं बाल विकास संस्थान (निपसिड), इंदौर एवं दिल्ली केविषय-विशेषज्ञों द्वारा द्वारा प्रदेश के 2,758 परियोजनाअधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर्स केरूप में तैयार किया गया था। अब यही मास्टर ट्रेनर्स प्रदेश कीसमस्त 95,253 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर रहे हैं।इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत अब तक लगभग 93,454 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। अन्यराज्यों की तुलना में मध्यप्रदेश कार्यक्रम के क्रियान्वयन में आगेचल रहा है।

इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के विकास सेजुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षणकार्यक्रम की निगरानी निपसिड, जिला कलेक्टर सहितराज्यस्तरीय अधिकारियों द्वारा की जा रही है। मार्च 2025 में दोचरणों में संचालित प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं की उपस्थितिऑनलाइन पंजीयन के माध्यम से ली गई है, जिससे उपस्थिति केवास्तविक आंकडे प्राप्त हुए हैं। संचालनालय के अधिकारियोंद्वारा जिलों का भ्रमण कर, आयोजित हो रहे प्रशिक्षणों काअवलोकन किया गया ।

## राजकाज



### कांग्रेस के नेता भाजपा से कम, कांग्रेस नेताओं से ज्यादा लड़ते हैं

कांग्रेस आम जनता के बीच बहुत मजबूत है। कांग्रेस के नेता आपस में लड़ते हैं। आपस में एक दूसरे को निपटाते हैं। कांग्रेसियों को निपटाने के चक्कर में भाजपा को जितवा देते हैं। कांग्रेस नेताओं का यही चरित्र है।जिसके कारण कांग्रेस हमेशा मजबूत होते हुए भी चुनाव में पराजित हो जाती है। कांग्रेस को कांग्रेसी ही हराते हैं। हाल ही में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी कुमार विश्वास की लड़की की शादी में शामिल हुए थे। कांग्रेसियों ने उसका बंतगढ़ बना दिया। अब केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान गांधी परिवार को लड़के की शादी का आमंत्रण देने पहुंचे। कांग्रेसियों ने गांधी परिवार को भी विवाद मैं घसीट लिया। कांग्रेस की पहचान इसी से होती है।

### पवन कल्याण भाजपा के लिए बने चिंता का विषय

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण प्रधानमंत्री मोदी के प्रशंसक हैं। आंध्र की राजनीति में पवन कल्याण को भाजपा एक मोहरे की तरह इस्तेमाल कर रही है।भाजपा का यह मोहरा, परिसीमन मामले मे अपने आप ढाई घर की चाल चलने की कोशिश कर रहें है। उससे भाजपा की चिंता बढ़ गई है। पवन कल्याण तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मिलने के लिए रात के अंधेरे में छुप-छुपाकर आए थे। मिलकर रात में ही वापस हो गए। जिसके कारण भाजपा की चिंता बढ़ गई है।परिसीमन के मामले में जिस तरह से दक्षिण के राज्य बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के एकजुट हो रहे हैं। उसने भाजपा को चिंतित कर दिया है।

### बीजेपी बिहार की चुनावी रणनीति में बदलाव करने की तैयारी में

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कुछ माह ही शेष रह गए हैं। नीतीश कुमार की जो वर्तमान में हालत है। उसने भाजपा की चिताओं को बढ़ा दिया है। नीतीश कुमार की इस स्थिति से निपटने के लिए बीजेपी बिहार की चुनावी रणनीति में बदलाव करने जा रही है। भाजपा को, नीतीश कुमार को साथ में रखने अथवा दूर हो जाने से अब कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। नीतीश कुमार ने ज्यादा सौदेबाजी करने की कोशिश की, तो चुनाव के पहले भाजपा नितीश बाबू से टाटा बाय-बाय कर लेगी। जनता दल के आधे नेता पहले ही भाजपा के पास आ चुके है। नितीश बाबू का अब अपने शरीर और मस्तिष्क पर कोई कंट्रोल नहीं रहा। ऐसी स्थिति में बिहार के चुनाव में नितीश बाबू अलग-थलग पड़ जाएंगे। इसके लिए भाजपा ने प्लान ए ओर प्लान बी तैयार करके रख लिया है। भाजपा नेताओं की माने,तो आने वाले कुछ महीने में बीजेपी बिहार में कुछ चमत्कार करने जा रही है। इस चमत्कार में नितीश बाबू का अस्तित्व पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। उन्हें जिंदा रहना होगा, तो भाजपा के रहमों करम पर ही उन्हें जिंदा रहना होगा। उत्तर प्रदेश में जो हालात मायावती की भाजपा ने की है। वही हालत बिहार में अब नितीश बाबू की होने जा रही है।

## फीचर



# गले की खराश से न घबराएं, ये तरीके आजमाएं


**गले में खराश होने पर किसी भी कार्य में मन नहीं लगता है । बार - बार खराश आती है । कई बार आस-पास मौजूद लोग भी परेशान हो जाते हैं ।**

जब खराश बहुत अधिक बढ़ जाती है तब हम सीधे ऐलोपैथिक दवा लेने के बारे में सोचते हैं। लेकिन घर में मौजूद कई सारी चीजें है जिनके सेवन से आप घर पर आसानी से खराश से छुटकारा पा सकते हैं। तो जानते हैं घर पर कैसे आसानी से गले में हो रहे खराश को दूर भगाएं जी हां, आपको हर थोड़े - थोड़े दिन में कफ हो जाता है तो आप पानी में नमक डालकर उसे गर्म कर लीजिए। और तीन वक्त गर्म पानी के गरारे करें। आपको 2 दिन में ही आराम मिलने लगेगा। साथ इसके कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। आप रोज भी कर सकते हैं। कफ खत्म होने के साथ ही आवाज भी खुलती है और साफ भी होती है। शोध में भी इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि नमक के पानी के गरारे करने से गले की सूजन और दर्द में भी आराम मिलता है। डॉक्टर भी नमक के पानी के गरारे करने की सलाह देते हैं। जी हां, यह आपको किचन में आराम से मिल जाएगी। सोना सुहागी को रात में दूध से लिया जाता है। इससे आपको एक दिन में ही आराम मिल जाएगा। सोना सुहागी सफेद रंग की होती है उसे तवे पर धीमी आंच पर रखा जाता है, वह धीरे - धीरे फूलने लगती है। इसके बाद गैस बंद कर दीजिए। और दूध के साथ लेकर सो जाएं। इसे लेने के बाद आप पानी या अन्य चीज कुछ भी खाएं पिएं नहीं। आपको अगले दिन सुबह ही आराम मिल जाएगा। रसोई घर पर हर दर्द की दवा है। रात को सोने से पहले आप एक चम्मच में शहद लें और काली मिर्च को उसमें मिक्स कर दें। वह एक चम्मच आप पूरा खा लीजिए। इसके बाद किसी भी चीज का सेवन नहीं करें, पानी का भी नहीं। अगले दिन सुबह आपको आराम मिल जाएगा।

## प्रेरणा

# मृत्यु का अर्थ

मृत्यु एक शात सत्य है। यह अनुभूति प्रत्यक्ष प्रमाणित है, फिर भी इसके संबंध में कोई दर्शन नहीं है। अब तक जितने ऋषि-महर्षि या संत-महंत हुए हैं, उन्होंने जीवन दर्शन की चर्चा की है। जीवन के बारे में ऐसी अनेक दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनसे जीवन को सही रूप में समझा जा सकता है और जिया जा सकता है। किंतु मृत्युक को एक अवश्यंभावी घटना मात्र मानकर उपेक्षित कर दिया गया। मृत्यु के पीछ भी कोई दर्शन है, इस रहस्य को अधिक लोग पकड़ ही नहीं पाए। यही कारण है कि जीवन दर्शन की भांति मृत्यु दर्शन जीवन में उपयोगी नहीं बन सका। जैन दर्शन एक ऐसा दर्शन है जिसने जीवन को जितना महत्व दिया, उतना ही महत्व मृत्यु को दिया। बशत्रे कि वह कलात्मक हो। कलात्मक जीवन जीने वाला व्यक्ति जीवन की सब विसंगतियों के मध्य जीता हुआ भी उसका सार तत्व खींच लेता है। इसी प्रकार मृत्यु की कला समझने वाला व्यक्ति भी मृत्यु से भयभीत न होकर उसे चुनौती देता है।



जैन दर्शन में इसका सर्वांगीण विवेचन उपलब्ध है। मृत्यु का अर्थ है- आयुष्य प्राण चुक जाने पर जीव का स्थूल शरीर से वियोग।इसके कई प्रकार हैं। उन सबका संक्षिप्त वर्गीकरण किया जाए तो मृत्यु के दो प्रकार होते हैं- बाल मरण और पंडित मरण. असंयम और असमाधिमय मरण बाल मरण है। अकाल मृत्यु, आत्महत्या, अज्ञान मरण आदि सभी प्रकार के मरण बाल मरण में अंतर्निहित हैं। संयम और समाधिमय मृत्यु पंडित मरण है। जीवन के अंतिम क्षणों में भी संयम और समाधि का स्पर्श हो जाए तो वह मरण पंडित मरण की गणना में आ जाता है।

## अपनी बात



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के अलावा भी ऐसी जरूरतें होती हैं, जिनके लिए धनराशि जरूरी होती है । प्रसूति, बीमारी, दिव्यांगता और किसी अपने को खो देने जैसे मुश्किल समय में कई बार हम स्वयं को असहाय महसूस करते हैं । संबल योजना ऐसे ही मुश्किल वक्त में जरूरतमंद के आंसू पोछती है और उनको सहारा प्रदान करती है ।



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि फुटबॉल मानसिक, शारीरिक संतुलन बनाने का खेल है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहडोल के मिनी ब्राज़ील के नाम से पहचान बना चुके विचारपुर का जिक्र कई मंचों पर किया है जहां पर खिलाड़ी चार-चार पीढ़ियों से फुटबॉल खेल रहे है ।

## ब्रीफ न्यूज

### राम जन्म महोत्सव एवं सांई बाबा का भण्डारा 6 अप्रैल को

**गुना।** साई नाथ मंदिर, चौरसिया कृषि फार्म, इंदौर नाके के पास एबी रोड, में 6 अप्रैल को राम जन्म महोत्सव और साई बाबा का 35वाँ भण्डारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं की उपस्थिति की अपेक्षा है।राम जन्म महोत्सव और साई बाबा का 35वाँ भण्डारा 6 अप्रैल को साई नाथ मंदिर, चौरसिया कृषि फार्म पर आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ5 अप्रैल को सुबह 9.15 बजे श्री रामचरित मानस के अखंड पाठ से होगा। मुख्य आयोजन 6 अप्रैल को निर्धारित है, जिसमें प्रातः 11.30 बजे से 12.15 बजे तक पंचकुण्डीय यज्ञ (हवन) एवं श्री राम जन्म महोत्सव का आयोजन होगा। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे मध्यान्ह आरती की जाएगी। भण्डारा दोपहर 1 बजे से रात्री 10 बजे तक चलेगा।सायंकालीन आरती सायं 7.15 बजे होगी, इसके बाद पालकी पूजा शाम 8.30 से 9.30 बजे तक की जाएगी। कार्यक्रम का समापन रात 10 बजे शयन आरती के साथ होगा। मंदिर के व्यवस्थापक विजय चौरसिया और सभी भक्तजनों ने शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे इस धार्मिक अवसर पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और धर्म लाभ उठाएं।

### विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत भव्य सूर्य उपासना का आयोजन आज

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार विक्रमोत्सव 2025 के आयोजन एवं संचालन के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक में ''सूर्य उपासना 30 मार्च 2025 को प्रातः 10.00 बजे से मानस भवन गुना में कोटि सूर्य उपासना में लोक प्रसिद्ध कालाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। सूर्य उपासना कार्यक्रम अंतर्गत प्रमुख मंदिरों एवं शासकीय भवनों पर बह्नाध्वज स्थापित किये जावेंगे। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने कार्यक्रम के सफल आयेजन के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री अभिषेक दुबे को संपूर्ण कार्यक्रम का समन्वय एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही विभिन्न अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपें गये हैं।

### आरोन और ग्राम पनवाड़ी में सेवा भारती ने किया निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**आरोन।** नव्या ऑप्टिकल आरोन और सरकारी अस्पताल ग्राम पनवाड़ी में सेवा भारती ईकाई आरोन के तत्वाधान में और लाइंस नेत्र चिकित्सालय गुना के द्वारा निश्शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर फूल माला एवं पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आरोन शिविर मे बाहर से आये ऑप्टोमेट्रिस्ट डॉ सचिन भावसर एवं डॉ ऋषि भार्गव जी द्वारा सैकड़ो मरीजों की जांच की जिसमें 13 मरीजों को निश्शुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिये चिन्हित किया। वहीं ग्राम पनवाड़ी में ऑप्टोमेट्रिस्ट डॉ केशव शर्मा और डॉ जितेंद्र कुशवाहा जी द्वारा सैकड़ो नेत्र रोगियों की जांच की गई जिसमें 5 मरीजों को निश्शुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतू चिन्हित किया गया।

नपा के कैंप में 400 नामांतरण पत्र वितरित

# कलेक्टर बोले- मिलकर जुलकर करें काम, कर वसूली में सहयोग करें पार्षद

सत्ता सुधार ■ गुना

नगरपालिका परिषद की बैठक में नामांतरण के अधिकार नपाध्यक्ष को मिलने के बाद परिषद ने आज नामांतरण पत्र वितरण कैंप का आयोजन किया। 400 नामांकन वितरित किए गए। कलेक्टर ने कुछ लोगों को प्रतीक स्वरूप नामांतरण पत्र दिए। तीन महीने पहले तत्कालीन कलेक्टर डॉ सतेन्द्र सिंह ने आदेश जारी कर नपा अध्यक्ष से नामांतरण के अधिकार छीन लिए थे। आदेश था कि नामांतरण के आदेशों की पुष्टि परिषद की बैठक में कराई जाए। कलेक्टर के इसी आदेश पर सोमवार को आयोजित बैठक में प्रस्ताव लाया गया था। बैठक में जैसे ही अध्यक्ष को नामांतरण के अधिकार देने का प्रस्ताव आया, उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने हंगामा कर दिया। भाजपा के पार्षदों ने भी इस प्रस्ताव का विरोध किया। हालांकि विरोध और हंगामे के बावजूद परिषद ने प्रस्ताव पास कर नगरपालिका अध्यक्ष को नामांतरण के अधिकार दे दिए थे। भाजपा संगठन ने हंगामा करने वाले उपाध्यक्ष सहित छह भाजपा पार्षदों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



### कैंप आयोजित कर नामांतरण पत्र वितरित

नपाध्यक्ष को नामांतरण के अधिकार मिलने के बाद शनिवार को नगरपालिका ने नामांतरण पत्रों का वितरण करने कैंप का आयोजन किया गया। पिछले तीन दिनों में ही 400 से ज्यादा नामांतरण पत्र स्वीकृत किए जा चुके थे। इन्हीं स्वीकृत पत्रों का आज नगरपालिका के परिषद हॉल में वितरण किया गया। कलेक्टर ने आवेदकों के नामांतरण पत्र सौंपे।

### कलेक्टर बोले- मिलजुलकर काम करें

कलेक्टर ने कहा कि सबको विकसित गुना की सोच पर कार्य करना चाहिए। मिलजुलकर कार्य करें, तो हमारा शहर भी आगे बढ़ेगा। हर पार्षद को एक एक काम की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। पार्षदों को यह कोशिश करनी चाहिए कि उनके वार्डों में ज्यादा से ज्यादा करों की वसूली हो। वहीं परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया जाए कि इसमें से कुछ प्रतिशत पैसा उसी वार्ड में विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। इससे पार्षदों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ेगी।नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में परिषद विकास की सोच के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में आज नगरपालिका द्वारा 400 नामांतरण पत्रों का वितरण किया गया है। 15 अप्रैल तक सभी लंबित गैर विवादित नामांतरण कर आवेदकों को सौंपे जाएंगे। इस दौरान उपाध्यक्ष धरम सोनी, सीएमओ तेजसिंह यादव सहित वार्ड पार्षद उपस्थित रहे।

# चैत्र नवरात्रि की पावन शुरआत आज से प्रारंभ, श्रद्धालुओं में रहेगा उत्साह

भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर होगा नवसंवत्सर का स्वागत

सत्ता सुधार ■ गुना

चैत्र नवरात्रि की पावन शुरुआत आज से होगी, जिसमें नौ दिनों तक माता रानी की भक्ति, उपासना और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। श्रद्धालु देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना करेंगे और उपवास रखकर मां से सुख-समृद्धि की प्रार्थना करेंगे। इस बार नवरात्रि के अवसर पर जिलेभर में कई नए आयोजन भी किए जा रहे हैं, जिससे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हिंदू नववर्ष के आगमन पर परंपरा अनुसार टेकरी स्थित सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर को सामूहिक अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। यह आयोजन भोर में होगा, जहां सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। इसी के साथ जिलेभर में कलश यात्रा, जागरण, हवन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न होंगे।



**तलैया मोहल्ले में पहली बार लगेगी मां काली की भव्य झांकी:** इस बार चैत्र नवरात्रि के अवसर पर तलैया मोहल्ले में पहली बार मां काली की भव्य झांकी स्थापित की जा रही है, जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मां काली की प्रतिमा को भव्य चल समारोह के साथ झांकी स्थल तक ले जाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। झांकी स्थल पर शतचंडी महायज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें भक्तजन आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। बजरंगगढ़ स्थित मां बीस भुजा मंदिर और निहाल देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमडने की संभावना है। पूरे नौ दिनों तक यहां भजन-कीर्तन, हवन-पूजन और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। भक्तजन यहां दर्शन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। चैत्र नवरात्रि के छठे दिन, 6 अप्रैल को रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव के विशेष अनुष्ठान, शोभायात्रा और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष श्रृंगार और महाआरती की जाएगी।

**चैत्र पूर्णिमा पर टेकरी पर भव्य आयोजन:** चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर टेकरी स्थित देवी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी। इस दिन विशेष हवन, पूजन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि के इस पावन पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मंदिरों और झांकियों की सजावट पूरी हो चुकी है, और भक्तजन मां दुर्गा की आराधना के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### नवरात्रि के दौरान मंदिरों के मार्ग से मांस, अंडा विक्रय बंद करने की मांग

**गुना।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि नवरात्रि, श्री रामनवमी, श्री महावीर जयंती और श्री हनुमान जयंती के दौरान मंदिरों के मार्ग से मांस और अंडे की बिक्री को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जाए। मंदिरों के पास खुलेआम मांस और मछली की बिक्री विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रशासन के आदेशों के बावजूद मंदिरों के पास मांस और अंडे की बिक्री हो रही है। विशेष रूप से कर्नलगंज, शिवाजी नगर रोड पर खुलेआम मांस और मछली के ठेले लगाए जा रहे हैं, जिससे धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंच रही है।

**स्थानीय नागरिकों को हो रही परेशानी:** स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग, जो बड़ी आबादी के लिए मुख्य मार्ग है, वहां भी मांस और मछली के ठेले लगाए जा रहे हैं। पहले से ही संकरे इस रास्ते पर ठेले लग जाने के कारण लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। इस वजह से कई लोगों ने इस रास्ते से निकलना ही बंद कर दिया है।

## पेयजल संकट: नलों से आ रहा लाल पानी, महिलाओं ने की शिकायत



सत्ता सुधार ■ गुना

गर्मी की शुरुआत होते ही शहर के कई इलाकों में पेयजल संकट गहराने लगा है। स्थानीय निवासियों को नलों में साफ पानी के बजाय लाल रंग का दूषित पानी मिल रहा है, जिससे पेयजल की शुद्धता पर सवाल खड़े हो गए हैं। शिवाजी नगर क्षेत्र की महिलाओं ने इस समस्या को लेकर पेयजल प्रकोष्ठ कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है और प्रशासन से जल्द से जल्द समाधान की मांग की है। शहर के कोल्हूपुरा रोड स्थित शिवाजी नगर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से नलों से लाल पानी आ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गर्मी बढ़ते ही पानी की गुणवत्ता खराब हो गई है, जिससे वे स्वच्छ पेयजल से वंचित हो गए हैं। यह पानी न केवल पीने योग्य नहीं है, बल्कि इससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। गत दिवस शिवाजी नगर की कई महिलाओं ने पेयजल प्रकोष्ठ कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि उनके घरों में सरकारी पाइपलाइन से पानी की आपूर्ति होती है, लेकिन वर्तमान में पानी की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। महिलाओं ने इस संबंध में त्वरित कार्रवाई की मांग की और प्रशासन से साफ पानी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस मुद्दे को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पानी के लाल होने का कारण पाइपलाइन में गाद या जंग हो सकता है। समस्या की जांच की जा रही है और जल्द ही इस पर उचित कदम उठाए जाएंगे, ताकि लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पानी मिल सके।

## किसान संगठन ने नगर एवं ग्राम निवेश संशोधन अधिनियम का किया विरोध

सत्ता सुधार ■ गुना

अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन ने सोमवार को विधानसभा में पारित मध्यप्रदेश नगर एवं ग्राम निवेश संशोधन अधिनियम 2025 के खिलाफ विरोध दर्ज कराते हुए जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने इस अधिनियम को किसान और गरीब विरोधी करार देते हुए सरकार से इसे तत्काल वापस लेने की मांग की।

किसानों और गरीबों के लिए खतरा संगठन के जिला सचिव महेंद्र नायक ने कहा कि इस अधिनियम के जरिए सरकार विकास के नाम पर उद्योगपतियों और रियल एस्टेट व्यापारियों को सस्ती जमीन देने का षड्यंत्र कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कानून के लागू होने से सैकड़ों सालों से बसे किसान और गरीब परिवार अपनी जमीन और घरों से बेदखल किए जा सकते हैं और सरकार को इसके एवज में कोई मुआवजा देने की जरूरत नहीं होगी।




**किसान विरोधी कदम वापस लेने की मांग:** महेंद्र नायक ने इस संशोधन को किसान विरोधी और गरीब विरोधी बताते हुए सरकार से इसे तत्काल रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस कानून के जरिए सरकार किसानों की ज़मीनों को जबरन अधिग्रहित कर उद्योगपतियों के हवाले करना चाहती है, जिससे आम जनता के हितों को नुकसान पहुंचेगा।

**केंद्र सरकार और पंजाब सरकार की नीतियों का विरोध:** इसके साथ ही, संगठन ने पंजाब और केंद्र सरकार द्वारा किसानों के आंदोलन को दबाने के लिए किए जा रहे पुलिसिया दमन की निंदा की। महेंद्र नायक ने कहा कि किसानों की जायज मांगों को लेकर हो रहे संघर्ष को जबरन कुचलने का प्रयास किया जा रहा है।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य ब्राह्मण सम्मेलन सम्पन्न

**गुना।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज द्वारा कृष्णा गार्डन में भव्य ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में ब्राह्मण समाज के बंधु उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शिवानी पांडे, अनुविभागीय अधिकारी गुना, विद्युत मंडल के महाप्रबंधक आर.के. पाराशर, राष्ट्रीय कॉफी बोर्ड के अध्यक्ष आदरणीय मनोज दुबे, समाजसेवी एवं प्रोफेसर आदरणीय सतीश चतुर्वेदी, समाजसेवी एल.के. शर्मा, सवृ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष रजनीश शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सचिन शर्मा, आदरणीय पवन शर्मा एवं कार्यक्रम के आयोजक सचिन शर्मा (प्रदेश उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज) विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी अतिथियों एवं विप्र बंधुओं द्वारा अपने-अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए गए तथा समाज हित में विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे गए।

## एनएफएल प्लांट परिसर में लगी आग बुझाने 10 फायर बिग्रेड पहुंची

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के विजयपुर में नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के प्लांट में आग लग गई। इससे निकलने वाले धुएं को काफी दूर से देखा जा सकता है। जिले की 10 दमकलें इसे बुझाने में लगी हुई हैं। राघौगढ़ एसडीएम विकास कुमार आनंद मौके पर पहुंचे हैं। पहले एनएफएल की नर्सरी के पेड़ों में अचानक लगी तो उसे बुझाने के लिए प्लांट से दो फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचीं। वहां जंगल होने की वजह से आग तेजी से फैली और मेन प्लांट के अंदर पहुंच गई। इसके बाद फायर बिग्रेड मंगाई गई। सूचना मिलने पर राघौगढ़ एसडीएम विकास कुमार आनंद भी मौके पर पहुंचे। हालांकि प्लांट के अंदर की आग तो बुझाई जा चुकी है लेकिन बाहर अब भी टीम लगी हुई है।



एसडीएम विकास कुमार आनंद ने बताया कि नर्सरी में आग लगी और प्लांट के अंदर पहुंची। फिलहाल कारण अभी अज्ञात हैं। चूंकि यहां पर सीआईएसएफ की यूनिट है, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट भी हैं और ट्रेंड जवान हैं, इसलिए प्लांट के अंदर की आग पर काबू पा लिया गया है। बाहर अभी भी आग लगी है। एनएफएल की तीन, त्रंढुरु की चार फायर ब्रिगेड सहित जिले के अलग-अलग इलाकों से भी फायर ब्रिगेड बुलाई गई हैं। लगभग दस फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है।

## पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम अंतर्गत प्रथम बैच एवं द्वितीय बैच का प्रशिक्षण संपन्न



गुना। संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर गुना श्री किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में गुना जिले की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम अंतर्गत प्रथम बैच का प्रशिक्षण दिनांक 24 से 26 मार्च 2025 एवं द्वितीय बैच का प्रशिक्षण दिनांक 27 से 29 मार्च 2025 तक प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का संचालनालय मबावि भोपाल से नियुक्त अधिकारी श्रीमती सीमा रघुवंशी उप संचालक महिला एवं बाल विकास भोपाल द्वारा भी भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में संभागीय अधिकारी श्रीमती सीमा शर्मा संयुक्त संचालक मबावि ग्वालियर द्वारा गुना जिला अंतर्गत परियोजना गुना ग्रामीण की आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के पोषण भी पढाई भी प्रशिक्षण की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संयुक्त संचालक श्रीमती सीमा शर्मा द्वारा आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को ''पोषण भी पढ़ाई भी' के महत्व के बारे में बताया। ''पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम का उददेश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में ईसीसीई पाठ्यक्रम और शैक्षणिक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करना तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के विकास के आयामों के मूल्यांकन में क्षमता वृद्धि कर सक्षम बनाना है। पोषण भी पढाई भी का प्रशिक्षण संबंधित परियोजना की मास्टर ट्रेनर एवं पर्यवेक्षकों द्वारा सभी आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण के दौरान श्री दिनेश कुमार चंदेल जिला कार्यक्रम अधिकारी मबावि गुना समय समय पर अलग-अलग दिनांकों में उपस्थित रहे। उपरोक्त प्रशिक्षणों का आज दिनांक 29.03.2025 को सफलतापूर्वक समापन किया गया।

## आयोजन

इस अवसर पर मंदिरों में हवन, अभिषेक और कन्याभोज जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

# शनिश्चरी अमावस्या पर भक्तों ने किया विशेष पूजन, हुआ महाअभिषेक

सत्ता सुधार ■ गुना

शनिश्चरी अमावस्या के शुभ अवसर पर शनिवार को जिलेभर में स्थित शनि मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। भक्तों ने शनि देव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना की। इस अवसर पर मंदिरों में हवन, अभिषेक और कन्याभोज जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

**नवग्रह शनि मंदिर में सुबह से उमड़ी भीड़:** बीजी रोड, जगनपुर स्थित नवग्रह शनिदेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। भक्तों ने कतारबद्ध होकर शनि देव के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी संजय जोशी ने बताया कि दिनभर महाअभिषेक, हवन, आरती और जाप के साथ अन्य धार्मिक अनुष्ठान चलते रहेंगे।




**रुठियाई के मंदिर में हुआ विशेष अनुष्ठान**

रुठियाई कस्बे में स्थित शनिदेव एवं नवग्रह मंदिर में भी शनिश्चरी अमावस्या के अवसर पर विशेष आयोजन किए गए। मंदिर के पुजारी पं. कैलाश नारायण ज्योतिषी और सह पुजारी बृजेश महाराज ने बताया कि सुबह 7 बजे तेल अभिषेक से अनुष्ठानों की शुरुआत हुई। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ बनी रही और दोपहर 12 बजे सामूहिक महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

**राशियों पर शनि की दृष्टि, अभिषेक से मिलेगी राहत:** पंडित कैलाश नारायण ज्योतिषी के अनुसार, वर्तमान में कुछ राशियों पर शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या का प्रभाव चल रहा है। ऐसे जातकों के लिए शनि अभिषेक, हवन और जाप कराने से जीवन में आ रही कठिनाइयों में राहत मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि शनिदेव जल्द ही मीन राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे कुछ राशि वालों को शुभ फल मिल सकते हैं।

### दान-पुण्य का रहा विशेष महत्व

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने तेल, काले तिल, उड़द दाल और लोहे के सामान का दान किया, जिसे शनिदेव की कृपा प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। भक्तों ने जरूरतमंदों को भोजन करवाया और विशेष रूप से गरीबों को वस्त्र एवं अनाज का दान किया।शनिश्चरी अमावस्या पर जिलेभर के शनि मंदिरों में पूरे दिन भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। भक्तों ने श्रद्धा पूर्वक पूजा-अर्चना कर शनि देव से सुख-समृद्धि की कामना की।



# पानी पीने से इम्यून सिस्टम होता है मजबूत

पानी सबसे जरूरी पोषक तत्व है और पानी पीने के ढेरों फायदे हैं।वास्तव में पानी को जीवन के लिए अमृत कहा गया है। ऐसे में जरूरी है कि आप पानी से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों के बारे में जानें क्योंकि पानी मनुष्य के शरीर का 70 फीसदी हिस्सा बनाता है और शरीर की हर कोशिका को हाइड्रेट, डीटॉक्स करता है, शरीर का तापमान सामान्य बनाए रखकर जीवनशैली को स्वस्थ बनाता है।

## कोशिका की संरचना में पानी का महत्व

कोशिकाओं को स्वस्थ बनाए रखने के लिए पानी जरूरी है, यह बालों, त्वचा और नाखुनों की कोशिकाओं का अभिन्न हिस्सा है। पानी कोलाजन के उत्पादन में मदद कर कोशिकाओं की उम्र बढ़ने से रोकता है। इसके अलावा, पानी जोड़ों एवं रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ बनाए रखने के लिए भी जरूरी है क्योंकि पानी शरीर में लुब्रिकेन्ट की भूमिका निभाता है, जिसके परिणामस्वरूप जोड़ों के बीच फ्रिक्शन कम होता है।

## शरीर का तापमान बनाए रखने में मदद करता है

शरीर का तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए तरल का संतुलन बहुत महत्वपूर्ण होता है। आपके शरीर में एंजाइम ठीक से काम करते रहें, इसके लिए शरीर का तापमान सामान्य बना रहना बहुत जरूरी है, अगर ऐसा नहीं होगा तो शरीर के सभी काम रूक जाएंगे।

## शरीर में फैट यानि वसा को बर्न करने में मदद करता है

कई अध्ययनों में पाया गया है कि पानी का सेवन सही मात्रा में करने से शरीर की वसा को बर्न करने में मदद मिलती है, इस तरह यह वजन कम करने में भी मददगार है।

## हाइड्रेट और रीहाइड्रेट करने का सबसे अच्छा तरीका

प्यास लगना डीहाइड्रेशन का संकेत है, इसलिए जरूरी है कि आप दिन भर पानी पीते रहें। डीहाइड्रेशन के कारण शरीर में ऊर्जा का स्तर कम हो जाता है और इम्यून सिस्टम (बीमारियों से लड़ने की ताकत) कमजोर पड़ जाता है। वे लोग जो अधिक सक्रिय रहते हैं, शारीरिक व्यायाम करते हैं, खेलते हैं, उनमें पसीना ज्यादा बहता है, ऐसे में उनके लिए अपने शरीर को नियमित रूप से हाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। शरीर से पानी ज्यादा निकल जाने से क्रैम्प्स पड़ने लगते हैं और शरीर लेक्टेट को बफर करने में सक्षम नहीं रहता। अक्सर देखा जाता है कि एथलीट्स और बॉस्केटबॉल खिलाड़ियों को हाइपरथर्मिया हो जाता है या पानी की कमी एवं बहुत ज्यादा डीहाइड्रेशन के चलते उनका ब्लड प्रेशर गिर जाता है। ऐसी स्थिति में रीहाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। अगर आपमें डायरिया, कम पानी पीना, पेट में फ्लू, बहुत ज्यादा दवाएं लेना जैसी स्थितियां हैं या आपने पिछली रात ज्यादा शराब का सेवन किया है तो ऐसे में शरीर को रीहाइड्रेट करना बहुत अधिक महत्वपूर्ण होता है। रीहाइड्रेशन ओरल माध्यम से या इन्ट्रावीनस तरीके से किया जा सकता है।

महामारी के इस दौर में जब हममें से ज्यादातर लोग घर से काम कर रहे हैं, अक्सर हम पानी पीने पर ठीक से ध्यान नहीं देते। दिन भर चलने वाले वर्चुअल मीटिंग्स, असाइनमेन्ट और घर के कामों के बीच अक्सर हम पानी पीना भूल जाते हैं। ऐसी स्थिति में हमें अपने पास पानी की बोतल रख या हेल्थ ऐप के जरिए रिमाइंडर लगाकर बार-बार पानी पीते रहना चाहिए।

## पाचन में मदद करता है और मुख के स्वास्थ्य को ठीक बनाए रखने में मदद करता है

अक्सर लोग ये सवाल पूछते हैं 'पानी पीने का सही समय क्या है? खाना खाने से पहले? खाना खाने के बाद? खाना खाने के दौरान? इन तीनों समय में पानी पीने से भोजन को पचाने में मदद मिलती है। पानी पीने से सलाईवा यानि लार की सही मात्रा बनती है, लार में इलेक्ट्रोलाईट, म्यूकस और एंजाइम होते हैं जो भोजन पचाने में मदद करते हैं और मुख के स्वास्थ्य को सामान्य बनाए रखते हैं। भोजन का पाचन मुख में ही शुरू हो जाता है और उम्र बढ़ने के साथ लार का उत्पादन कम मात्रा में होने लगता है। अगर आपको महसूस हो रहा है कि आपका मुंह सूख रहा है तो ज्यादा मात्रा में पानी पीना शुरू कर दें।

## डीटॉक्सिफिकेशन में मदद करता है

पानी शरीर में डीटॉक्स करने में बेहद कारगर है, जिससे शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। दिन भर हमारे शरीर में पर्यावरण एवं भोजन आदि के माध्यम से कई तरह के टॉक्सिन्स जमा हो जाते हैं। मल, मूत्र एवं पसीने के जरिए इन टॉक्सिन्स को शरीर से बाहर निकाला जाता है, इसे डीटॉक्सिफिकेशन कहते हैं। पसीना आने से शरीर का तापमान भी सामान्य बना रहता है। गर्मियों में अक्सर हम ज्यादातर समय घर के अंदर बिताते हैं, हम एसी में रहते हैं, ऐसे में दिन भर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत महत्वपूर्ण है। वे लोग जो कम पानी पीते हैं, उनका यूरीन सैचुरेटेट होता है और कई बार इसमें स्टोन बनने की संभावना भी हो जाती है। यूरीन को डाइल्यूट करने और साथ ही स्टूल्स (मल) को सामान्य बनाए रखने के लिए भी उचित मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। इसके अलावा, रक्त की सामान्य संरचना को बनाए रखने के लिए भी पानी का सेवन सही मात्रा में करना जरूरी है। रक्त शरीर के सभी अंगों तक पोषक तत्व पहुंचाता है। यह शरीर की उर्जा बढ़ाता है और मैटाबोलिक रेट बढ़ाकर मानसिक थकान दूर करता है। जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्राइनोलोजी एण्ड मैटाबोलिज्म द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार 500 एमएल पानी पीने से मैटाबोलिज्म की दर 30 फीसदी तक बढ़ जाती है। कुछ शहरों में खारा पानी होता है, ऐसे स्थानों पर पानी को साफ करके पीना चाहिए। पानी को साफ करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि इसे 10 मिनट के उबालें। जहां पानी उबालना संभव न हो, वहां उपभोक्ता का जागरुक होना जरूरी है। उन्हें पानी की गुणवत्ता की जांच कर सुनिश्चित करना चाहिए वे सुरक्षित पेयजल का ही सेवन करें। इससे आप स्वस्थ, हाइड्रेटेड रहेंगे और अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बना सकेंगे।





# मजबूत फेफड़े चाहते हैं तो यह 5 चीजें खाना भूल जाएं, पड़ेगा बहुत बुरा असर

**कोरोना के संक्रमण के दौरान शरीर के जिस अंग का सबसे ज्यादा ध्यान रखा जाना है वो है आपके लंग्स। क्योंकि कोरोना वायरस सबसे ज्यादा लंग्स को ही खराब कर रहा है। हम अनजाने में ऐसी चीजें खाते हैं जो नुकसानदायक हो सकती हैं। आइए जानते हैं फेफड़ों को मजबूत करने के लिए वो कौनसी पांच चीजें हैं जिन्हें नहीं खाना चाहिए।**

शरीर को हमेशा हेल्दी रहने के लिए जरुरत है कि आपके फेफडे अच्छी ढंग काम करे, फेफड़ों से फिल्टर होने के बाद ही ऑक्सीजन आपके पूरे शरीर में पहुंचती हैं। ऐसे में लंग्स का खास ख्याल रखना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। अगर आपके फेफड़े ठीक ढंग से काम नहीं करेंगे तो आपको अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, निमोनिया, टीबी, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं दूसरी ओर कोरोना वायरस जैसी महामारी से बचने के लिए आपके फेफड़ों का मजबूत होना बहुत ही जरूरी हैं क्योंकि यह सीधे आपके लंग्स पर ही अटैक करता है। जिसके कारण आपको सांस लेने में अधिक समस्या होती है।

## एल्कोहल

अधिक मात्रा में एल्कोहल का सेवन आपके लिवर और लंग्स को खराब कर सकता है। एल्कोहल में सल्फाइट होता है तो अस्थमा का कारण भी बन सकता है इसके साथ ही लंग्स सेल्स को डैमेज कर देता है। अगर किसी फेफड़े संबंधी बीमारी से जूझ रहे हैं तो एल्कोहल का सेवन कम ही करे तो बेहतर है। वहीं दूसरी ओर वाइन लंग्स के लिए अच्छी मानी जाती है।

## सॉफ्ट ड्रिंक

अगर आप विभिन्न तरीके की सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन करते हैं तो आज ही बंद कर दें क्योंकि इसमें अधिक मात्रा में शुगर होती है। अगर कोई व्यक्ति सप्ताह में 5 से अधिक ड्रिंक का सेवन करता है उसे जल्द ही ब्रोंकाइटिस की समस्या का सामना करना पड़ता है। वहीं बच्चे अस्थमा के शिकार हो सकते हैं।

## अधिक नमक का सेवन

अगर आप अधिक मात्रा में नमक का सेवन करते हैं तो यह आपके लंग्स के लिए खतरनाक हो सकते हैं। हाई सोडियम डाइट के कारण आपको अस्थमा के लक्षण नजर आने लगेंगे। इसलिए जरूरी है कि कम से कम नमक का सेवन करें।

## गोभी, ब्रोकली

एसिडिटी और ब्लोटिंग के कारण भी आपको सांस लेने में समस्या हो सकती है। जिसका असर फेफड़ों पर बुरा पड़ता है। इसलिए गोभी, पत्तागोभी, ब्रोकली आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। इसमें अधिक मात्रा में फाइबर और न्यूट्रियंस पाए जाते हैं लेकिन यह पेट में गैस बनने का कारण बन जाते हैं।

## फ्राइड फूड्स

फ्राइड फूड्स सेहत के लिए बहुत ही ज्यादा खतरनाक है। इनका अधिक सेवन करने से आपको सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। इसके साथ ही यह मोटापा का कारण बनेगी। जिसके कारण आपका लंग्स पर बुरा प्रभाव पड़ता है। अनहेल्दी फैट के कारण बैड कोलेस्ट्राल बढ़ने के साथ हार्ट संबंधी समस्या हो सकती है।





# धनिया पत्ती के 10 फायदे जानकर चौंक जाएंगे आप

हरे धनिये की पत्तियों का इस्तेमाल अक्सर सब्जियों के स्वाद और सलाद के लिए किया जाता है, वहीं हरी चटनी पकौड़े के स्वाद को दोगुना कर देती है। लेकिन इसी के साथ ही धनिया पत्तियों के कई फायदे हैं जिसके बारे में शायद ही आपको पता हो। तो जानते हैं हरे धनिया पत्ती के 10 फायदों के बारे में।

- धनिये की पत्तियों में विटामिन ए और सी पाया जाता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का काम करते हैं।
- गर्मी हो सर्दी, इसका इस्तेमाल करना हर समय शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाता है।
- पाचन शक्ति को मजबूत रखना है तो इसका इस्तेमाल आपको नियमित तौर पर करना चाहिए। इससे आपकी पाचन शक्ति बढ़ती है।
- धनिये की पत्तियों के सेवन से पेट संबंधी परेशानियों में आराम मिलता है और बदहजमी, पेट में दर्द, गैस की समस्या से छुटकारा मिलता है।
- जाड़े में खाने की मात्रा अधिक होने पर दस्त की शिकायत बढ़ने लगती है। ऐसे में धनिये की चटनी व सलाद पेट को राहत पहुंचाती है।
- धनिया की पत्ती विटामिन ए और सी का मुख्य स्रोत है। ये हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधी क्षमता को मजबूत करते हैं।
- इसके नियमित सेवन से सर्दी-खांसी से छुटकारा मिलता है।
- धनिया में मौजूद तत्व शरीर से कॉलेस्ट्रॉल कम कर उसे कंट्रोल में रखते हैं। यह खून में इंसुलिन की मात्रा को नियमित करता है।
- धनिया महिलाओं में मासिक धर्म संबंधी समस्याओं को दूर करता है। अगर पीरियड्स साधारण से ज्यादा हो तो आधा लीटर पानी में लगभग 6 ग्राम धनिये के बीज डालकर उबालें। इस पानी में चीनी डालकर पीने से फायदा होगा।
- इसमें मौजूद विटामिन ए, विटामिन सी, कैल्शियम व मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

# इम्युनिटी को बढ़ावा देगी हनी-दालचीनी की चाय

**आयुर्वेद और घरेलू नुस्खों के लिहाज से शहद और दालचीनी दोनों ही बेहद महत्वपूर्ण है। अगर आप शहद और दालचीनी की चाय का सेवन करते हैं तो यह आपकी इम्युनिटी को बढ़ावा देगी। आइए जानें चाय कैसे बनाएं -**

- सबसे पहले 1 कप पानी उबालें।
- अब उबलते पानी में 1/2 चम्मच दालचीनी पाउडर मिलाएं और यह पानी ठंडा होने दें।
- जब पानी गुनगुना रह जाए तब इसमें 1 चम्मच शहद मिला कर अच्छी तरह मिक्स कर दें।
- लीजिए पीने के लिए तैयार है शहद दालचीनी की चाय।

यह चाय जहां आपकी इम्युनिटी को बढ़ावा देगी, वहीं आपके पाचन तंत्र को ठीक करके ताजगी भी देगी।आप इसे अपनी सुविधा के अनुसार दिन में एक या दो समय पी सकते हैं।



# कफ बढ़ने से होते हैं 28 रोग इन 5 चीजों को खाने से बचें

**वात और पित्त के साथ शरीर में कफ का संतुलन सही होना जरूरी है। कफ के बढ़ने पर 28 प्रकार के रोग आपको घेर सकते हैं। लेकिन इनसे बचने के लिए आपको ऐसी चीजों से बचना होगा, जो कफ पैदा करती हैं या कफ को बढ़ा सकती हैं। आइए जानते हैं कौन सी चीजें कफ में न खाएं और किन चीजों का सेवन करें -**

## वसायुक्त चीजें

वसायुक्त चीजों का सेवन कफ बढ़ाने का काम करती हैं इसलिए जितना हो सके इनसे बचने की कोशिश करें।

## दूध

दूध कफ को बढ़ाता है। अगर आपकी कफ प्रकृति है तो आपको दूध का सेवन कम करना चाहिए या फिर हल्दी के साथ इसका सेवन करें।

## मांस

कफ बढ़ने पर मांस का सेवन आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है, इसलिए कफ होने पर मांस का सेवन करने से बचें और अगर कफ की तासीर हो तो मांस का सेवन कम से कम करें।

## मक्खन

मक्खन में वसा अधिक होता है, इसलिए यह कफ बढ़ाने का काम करता है। कफ की समस्या में मक्खन या मक्खन युक्त चीजों का सेवन न करें।

## पनीर

पनीर से कफ तो बनता ही है, कई लोगों को पाचन संबंधी समस्या भी हो सकती है क्योंकि कुछ लोगों को पनीर आसानी से नहीं पचता। इसलिए अतिसेवन न करें।

## क्या खाएं

- सुबह या दिन के भोजन के बाद गुड़ का सेवन फायदेमंद हो सकता है। गुड़ की तासीर गर्म होती है, यह कफ को कम करने के साथ ही पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है।
- तुलसी, सौंठ, अदरक और शहद जैसी चीजों का सेवन कफ को कम करने में बहुत फायदेमंद होता है, तो इन्हें किसी भी तरह से डाइट में शामिल करें।

# कमरे में खूब चली सिगरेट्स, नेहा कक्कड़ के झूठ का ऑर्गनाइजर्स ने किया पर्दाफाश! बिल और वीडियो के साथ खोल दी पोल





बॉलीवुड सिंगर नेहा कक्कड़ बीते दिनों अपने ऑस्ट्रेलिया टूर को लेकर खूब सुर्खियों में रही हैं। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में नेहा कक्कड़ का म्यूजिक कॉन्सर्ट आयोजित किया गया था। यहां नेहा 3 घंटे की देरी से स्टेज पर पहुंची थीं। इसको लेकर जब नेहा को ट्रोल किया गया तो सिंगर ने इसका ठीकरा ऑर्गनाइजर्स के माथे फोड़ दिया था। अब ये मामला लगातार तूल पकड़ रहा है और ऑर्गनाइजर्स भी मैदान में आ गए हैं। इतना ही नहीं शो को ऑर्गनाइज कराने वाले प्रोडक्शन हाउस ने एक झन्नाटेदार पोस्ट शेयर किया है जिसमें नेहा के दावों को सिरे से नकार दिया है। साथ ही आरोप लगाया है कि नेहा और उनके साथियों ने होटल के उन कमरों में भी सिगरेट पी है जहां मना होती है। इतना ही नहीं प्रोडक्शन हाउस ने नेहा के दावों की सच्चाई दिखाने के लिए वीडियो भी शेयर किए हैं। इन वीडियो को देख फैन्स एक बार फिर नेहा पर भड़क गए हैं और पोल खुलने की बात कर रहे हैं।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल ये पूरा मामला बीते हफ्ते शुरू हुआ था। बॉलीवुड सिंगर नेहा कक्कड़ को 23 मार्च के दिन ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में एक कॉन्सर्ट के लिए बुलाया गया था। यहां म्यूजिक कॉन्सर्ट में पहुंचने के लिए नेहा अपनी टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया पहुंची। लेकिन नेहा अपने शो में 3 घंटे लेट पहुंची थीं। 3 घंटे देरी से पहुंचने पर कॉन्सर्ट में गए लोगों ने नेहा को ट्रोल करना शुरू कर दिया था। इसी बीच नेहा ने भी अपना पक्ष सामने रखा था। सबसे पहले नेहा के भाई टोनी कक्कड़ ने आरोप लगाए थे कि नेहा को होटल और ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था नहीं की गई थी। जिसके चलते कॉन्सर्ट में वे देरी से पहुंच पाईं। साथ ही नेहा ने ऑर्गनाइजर्स पर पैसे नहीं देने के भी आरोप लगाए थे। नेहा के जवाब खूब वायरल रहे थे और फैन्स को लगने लगा कि सारी गलती ऑर्गनाइजर्स की थी। लेकिन अब इस मामले में शो को ऑर्गनाइजर बीट्स प्रोडक्शन ने भी अपना पक्ष रखा है।

### नेहा के आरोपों की खोल दी पोल

बीट्स प्रोडक्शन ने नेहा के दावों को लेकर बीते रोज अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया था जिसमें बताया था कि कल सबूतों के साथ सारे आरोपों के जवाब दिए जाएंगे। अब बीट्स प्रोडक्शन ने नेहा के आरोपों की पोल खोल दी है। बीट्स प्रोडक्शन ने नेहा और उनके स्टाफ के होटल के कमरों के बिल और खाने के बिल शेयर किए हैं। साथ ही नेहा के उन आरोपों को भी करारा जवाब दिया है जिसमें सिंगर ने बोला था कि उन्हें वेन्यू तक पहुंचने के लिए ट्रांसपोर्ट नहीं दिया गया था। वीडियो में दिख रहा है कि नेहा बाहर निकलते ही फैन्स से मिलती हैं और फोटो खिंचाकर बाहर खड़ी गाड़ी में बैठ जाती हैं। इस गाड़ी के काफिले में और भी कई गाड़ियां दिखती हैं। इन सबूतों के साथ बीट्स प्रोडक्शन ने नेहा के सभी आरोपों का करारा जवाब दिया है। इन सबूतों को देख फैन्स के निशाने पर नेहा कक्कड़ एक बार फिर आ गई हैं।

## वेब सीरीज दुपहिया को दर्शकों से मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया




वेब सीरीज दुपहिया को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। हाल ही में अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई इस सीरीज की तुलना लोकप्रिय वेब सीरीज पंचायत से की जा रही है, जिसे डायरेक्टर सोनम नायर ने एक सम्मान के रूप में लिया है। उन्होंने कहा, हम जानते थे कि दोनों शो गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित हैं, इसलिए तुलना लाजिमी है, लेकिन दोनों की समानताएं यहीं खत्म हो जाती हैं।

हमें खुशी है कि लोग इसे पंचायत की तरह देख रहे हैं, यह हमारे लिए एक तारीफ है। मुझे उम्मीद है कि पंचायत के प्रशंसक दुपहिया को भी पसंद करेंगे। दुपहिया में कला के एक पुराने रूप लौंडा नाच को भी दिखाया गया है, जिसे लेकर नायर ने कहा, हम फोटुआ को उसी तरह पेश करना चाहते थे, जैसे कोई बड़ी फिल्म एक आइटम सॉन्ग को करती है।

हम भाग्यशाली थे कि हमें गणेश आचार्य सर मिले, जिन्होंने इसे कोरियोग्राफ किया। लड़कों ने दिल खोलकर डांस किया और यह किसी भी आइटम सॉन्ग जितना ही प्रभावशाली है। सोनम नायर, जो दक्षिण भारत से ताल्लुक रखती हैं, के लिए हिंदी पट्टी पर आधारित सीरीज का निर्देशन करना चुनौतीपूर्ण था। इस पर उन्होंने कहा, मेरे खून में केरल, पंजाब और बर्मा का मेल है, और मैं बंगाल के एक छोटे से शहर में पली-बढ़ी हूं। इस वजह से मुझे लगता है कि मैं भारत के हर कोने से ताल्लुक रखती हूं।

उन्होंने आगे बताया कि इस सीरीज के लिए उन्होंने सभी अभिनेताओं के साथ भाषा की बारीकियां सीखने पर काम किया और व्यापक शोध किया ताकि कहानी वास्तविक लगे। उन्होंने कहा, जब बिहार के लोग कहते हैं कि यह उन्हें सच्चा लगता है, तो मुझे बेहद खुशी होती है। सीरीज दुपहिया के कलाकारों की बात करें तो इसमें रेणुका शहाणे, गजराज राव, भुवन अरोड़ा, स्पर्श श्रीवास्तव, शिवानी रघुवंशी और यशपाल शर्मा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज धड़कपुर नामक काल्पनिक गांव पर आधारित है।

## सलमान खान की सिकंदर ने दिए सुपरहिट के संकेत



इस साल अब तक रिलीज हुई बड़ी फिल्मों में छावा ने बॉक्स ऑफिस पर पैसों की बारिश कराई है। अब एक और बड़ी फिल्म रिलीज की तैयारी कर रही है। सलमान खान स्टारर फिल्म सिकंदर कल यानी 30 मार्च रविवार को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। रिलीज से पहले ही सिकंदर ने सुपरहिट के संकेत दे दिए हैं। सिकंदर ने एडवांस बुकिंग शुरू होने के पहले दिन ही 12 करोड़ रुपयों से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। अब दूसरे दिन की एडवांस कमाई के आंकड़ें आने अभी बाकी हैं। एडवांस कलेक्शन को देखते ही फिल्म की सफलता का अंदाजा लगाया जा रहा है। सैकनिल्क की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सिकंदर ने अपने 2डी शो से अनुमानित 5.66 करोड़ रुपये और आईमैक्स 2डी शो से अतिरिक्त 48.9 लाख रुपये कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन करीब 5.71 करोड़ रुपये है। हालांकि बुक की गई सीटों को ध्यान में रखते हुए फिल्म के ऑल-टाइम बॉक्स ऑफिस नंबर करीब 12.53 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। सिकंदर फिल्म में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आ रही हैं। फिल्म को पैन इंडिया रिलीज किया जाना है। साउथ के सुपरहिट डायरेक्टर मुरुगुदास ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। वहीं फैन्स की प्रतिक्रिया को देखकर लग रहा है कि फिल्म हिट होने वाली है। वहीं मलयालम स्टार मोहनलाल की फिल्म एल2 एमिपुरान भी सिनेमाघरों में चल रही है। जिससे सिकंदर को बॉक्स ऑफिस पर टक्कर होने वाली है। इस बीच सलमान ने मीडिया से बातचीत में कहा, मुझे एक अभिनेता के रूप में मोहनलाल सर पसंद हैं। पृथ्वीराज इसे निर्देशित कर रहे हैं और मुझे पता है कि यह एक बेहतरीन फिल्म होने जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले सलमान ने यह भी साझा किया कि रजनीकांत, चिरंजीवी, सूर्या और राम चरण जैसे सितारों की फिल्में हिंदी बेल्ट में अच्छा प्रदर्शन करती हैं, लेकिन दक्षिण क्षेत्र के दर्शक बॉलीवुड फिल्में और इसके सितारों को सिनेमाघरों में नहीं देखते हैं। अभिनेता ने कहा, जब मेरी फिल्म वहां रिलीज होगी तो उसे नंबर नहीं मिलेंगे क्योंकि उनके प्रशंसक बहुत अलग हैं। मैं सड़क पर रहूंगा, और वे कहेंगे, भाई, भाई, लेकिन वे सिनेमाघरों में नहीं जाएंगे। हमने उन्हें यहां स्वीकार कर लिया है और उनकी फिल्में अच्छा प्रदर्शन करती हैं क्योंकि हम उन्हें देखने जाते हैं जैसे रजनीकांत गारू या चिरंजीवी गारू या सूर्या या राम चरण। लेकिन उनके प्रशंसक हमारी फिल्में देखने नहीं जाते।



### टिकिट की बढ़ी कीमतों के बाद भी दिखा उत्साह

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिकंदर को लेकर भारी उत्साह देखा गया है। विदेशों में एडवांस बुकिंग के कारण कथित तौर पर कुछ ही घंटों में टिकटें बिक गईं। यही बात भारतीय सिनेमाघरों के लिए भी सच है जहां नेटिज़ेंस ने बताया कि फिल्म के टिकट 700 रुपये से 2,100 रुपये के बीच की कीमतों पर बेचे जा रहे हैं।

## बालकनी में योगासन करती नजर आईं नीना गुप्ता

हाल ही में बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीना गुप्ता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह बालकनी में योगासन करती नजर आईं। इस दौरान बैकग्राउंड में ओम मंत्र की ध्वनि सुनाई दे रही थी, जिसने वीडियो को और भी प्रभावशाली बना दिया।



नीना के इस योग वीडियो को देखकर उनके प्रशंसकों ने उनकी स्वस्थ जीवनशैली की जमकर तारीफ की। कई यूज़र्स ने कमेंट कर कहा कि उनकी वेलनेस रूटीन ने उन्हें प्रेरित किया है। एक फैन ने लिखा, नीना जी, आप सच में प्रेरणा हैं। वहीं, एक अन्य यूजर ने उनकी शालीनता और सकारात्मकता की सराहना की। नीना गुप्ता ने हाल ही में अपना यूट्यूब चैनल भी लॉन्च किया है। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह कदम उन्होंने अपने फॉलोअर्स तक ज्यादा पहुंचने के लिए उठाया है। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि कई लोग इंस्टाग्राम का इस्तेमाल नहीं करते, जबकि मैं ज्यादातर चीजें वहीं पोस्ट करती हूं। इसलिए मैंने यूट्यूब चैनल शुरू करने का फैसला किया, ताकि ज्यादा लोग जान सकें कि मैं कौन हूं, क्या करती हूं, क्या पहनती हूं और किन विषयों पर बात करती हूं। काम की बात करें तो नीना गुप्ता हाल ही में फिल्म आचारी बा में नजर आईं।

हार्दिक गज्जर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में उन्होंने एक उद्यमी महिला की भूमिका निभाई है, जो अपने परिवार में उपेक्षित महसूस करती है और बाद में एक सफल अचार व्यवसाय शुरू करती है। फिल्म में उनके साथ कबीर बेदी, वत्सल शेठ, वंदना पाठक और मानसी राछ अहम भूमिकाओं में नजर आए। नीना गुप्ता अपने अभिनय के साथ-साथ अपनी खुलकर बात करने वाली शख्सियत के लिए भी जानी जाती हैं। वह सोशल मीडिया पर अपनी जिंदगी और अनुभवों को साझा करती रहती हैं, जिससे उनके फैंस उनसे जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। बता दें कि अभिनेत्री नीना गुप्ता अपनी फिटनेस और आध्यात्मिक जीवनशैली के लिए जानी जाती हैं। वह हर दिन की शुरुआत योग और ध्यान से करती हैं।

## साउथ की हसीना, डॉक्टरी छोड़ सिनेमा में लाई भूचाल



सीधी-सादी दिखने वाली, भारतीय परिवधानों में नजर आने वाली और इंटिमेट सीन से बचने वाली एक्ट्रेस की जब भी बात होती है तो आपके दिमाग में एक हीरोइन की सूरत जरूर फ्लैश होती होगी। ये एक्ट्रेस बिना मेकअप के पर्दे पर आने की हिम्मत रखती है। चेहरे के दाग-धब्बों को छिपाने के बजाए, इन्हें अपनी खूबसूरत मुस्कान के साथ स्विकारने वाली हीरोइन कमाल की डांसर भी है। डांसिंग करियर को छोड़ एक्टिंग में आई ये हसीना पहले एक डॉक्टर थी। जी हां, मेडिकल की पढ़ाई करने के बाद इन्होंने डॉक्टरी को पेशा नहीं बनाया, बल्कि फिल्मों में अपनी अलग पहचान बनाने की ठानी। अब तो शायद आप समझ गए होंगे कि आखिर ये हसीना है कौन? ये कोई और नहीं बल्कि साई पल्लवी हैं।

**इस देश से की है मेडिकल की पढ़ाई:** साई पल्लवी की यात्रा साधारण नहीं रही है। शिक्षा के प्रति जुनून रखने वाली मेडिकल छात्रा से लेकर कमाल की डांसर और अभिनेत्री बनने का उनका सफर जिंदगी में आए कई मोड़ के साथ पूरा हुआ। उन्होंने सिनेमा की दुनिया में आने के लिए अलग राह चुनी। सिल्वर स्क्रीन पर आना और स्टारडम तक पहुंचना उनकी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और अटूट दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। साई पल्लवी काफी पढ़ी लिखी हैं। उन्होंने जॉर्जिया के त्बिलिसी स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है, जो उनके सफल अभिनय करियर के साथ-साथ शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

**डांस रियलिटी शो का रहीं हिस्सा:** अमरन की अभिनेत्री एक डांसर भी हैं। वो कई डांस रियलिटी शो का हिस्सा भी बन चुकी हैं, जहां उन्होंने अपनी डांस स्किल्स का प्रदर्शन किया। साई पल्लवी के हाथ एक बार शानदार ऑफर लगा था, लेकिन एक्ट्रेस ने अपने विचारों से समझौता नहीं किया और इस ऑफर को लात मार दी। साई पल्लवी ने फेयरनेस क्रीम के विज्ञापन के लिए 2 करोड़ का ऑफर ठुकरा दिया था। बिहाइंडवुड्स के साथ एक इंटरव्यू में साई पल्लवी ने खुलासा किया कि वो गलत चीज का प्रचार नहीं करना चाहती थीं।

## दूसरी बार मां बनेगी कुमकुम भाग्य एक्ट्रेस, फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

पूजा बनर्जी ने अपने पति संदीप सेजवाल के साथ फैंस को गुडन्यूज दी है। वो दूसरी बार मां बनने वाली हैं। पूजा ने अपने इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट मैटरनिटी फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं जो तेजी से वायरल हो रही है। इनमें वो बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। कुमकुम भाग्य एक्ट्रेस ने 2022 में अपने पहले बच्चे, बेटी सना का स्वागत किया था। 38 साल की उम्र में वह अपने दूसरे बेबी को जन्म देने वाली है। साथ ही उन्होंने खुलासा किया है कि वह हमेशा से दो बच्चे चाहती थीं और कुछ समय के लिए एक्टिंग से ब्रेक लेने का प्लान कर रही है।



### 38 की उम्र में दूसरे बच्चे को देंगी जन्म

पूजा बनर्जी ने शुक्रवार, 28 मार्च को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए कुछ नई तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह बहुत खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने तस्वीरों को कैप्शन दिया, जल्द ही बड़ी बहन बनने वाली हैऽ। इन फोटोज में वो व्हाइट बॉडीकोन गाउन पहने बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस ने अपना लुक सेटल मेकअप के साथ पूरा किया है। उन्होंने ईटाइम्स को बताया कि, उनको और उनके पति को दो बच्चे चाहिए थे और उनकी ये ख्वाहिश अब पूरी होने जा रही है।

### बच्चों के लिए छोड़ी इंडस्ट्री

पूजा ने कहा कि, मैं अपने बच्चों के साथ समय बिताना चाहती हूं। अपने पहले बच्चे के बारे में बात करते हुए, एक्ट्रेस ने शेयर किया कि उनकी बेटी बहुत समझदार हो गई है जो अपने आने वाले भाई-बहन का वेलकम करने के लिए काफी एक्साइटेड है।

## ब्रीफ न्यूज

### ट्रेन-प्लेटफॉर्म के बीच फंसी लड़की बचाने वाला आरक्षक होगा सम्मानित



**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश के अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर एक नाबालिग लड़की ने चलती ट्रेन में चढ़ते की कोशिश की। इस दौरान पैर फिसलने से वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गई। तभी वहां खड़े जीआरपी के जवान ने फुर्ती दिखाते हुए युवती को बाहर खींचा और उसकी जान बचाई। शुक्रवार दोपहर में हुई इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। लड़की की जान बचाने वाले जीआरपी आरक्षक गोविंद सिंह चौहान की सूझबूझ और साहस की हर तरफ चर्चा हो रही है। मध्यप्रदेश पुलिस जवान गोविंद सिंह को इस कार्य के लिए सम्मानित करेगी। डीजीपी कैलाश मकवाना ने आरक्षक को 10 हजार रुपए का नकद पुरस्कार देने की घोषणा भी की है।

### भीम युवा संगठन एवं धम्म मित्र मंडल के द्वारा होगा 14 अप्रैल को भव्य आयोजन

**खरगोन।** महाकारुणिक बुद्ध विहार सेवा समिति के तत्वावधान में खरगोन मध्य प्रदेश में 14 अप्रैल संविधान रचयिता बोधिसत्व भारत रत्न परम पूज्य डॉ बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी के जन्मजयंती के शुभ अवसर पर *महामानव तथागत गौतम बुद्ध की साढ़े पांच फीट* की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। समाज से अपील हे कि अधिक से अधिक संख्या में महाकारुणिक बुद्ध विहार मंडी रोड आनंद नगर खरगोन में पहुंचकर महाप्रसादी ग्रहण कर कार्यक्रम को सफल बनाए। कार्यक्रम आयोजक प्रदीप कुमार गांगले ने बताया कि इस आयोजन के मुख्य अतिथि रवि जोशी जी (पूर्व विधायक विधानसभा खरगोन एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मप्र भोपाल) होंगे... एवं विशेष अथिति के रूप में भदंत बुद्धकीर्तीजी महाथेरो समता बुद्ध विहार घाटकोपर मुंबई, भदंत संघबोद्धिजी थेरो समता बुद्ध विहार घाटकोपर मुंबई, भदंत दीपंकरजी थेरो चैत्य भूमि मुंबई,संजीव कुमार ,एस. एल. अटोदेजी , एडवोकेट श्याम कुमार गांगले (वरिष्ठ समाज सेवी), अजय गांगले (वरिष्ठ समाज सेवी) रहेंगे।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

- सिंधिया ने बोला जो सेवा मेरे चिकित्सक करते हैं, वह भगवान की सेवा के समान है
- अशोकनगर जिले में स्वीकृत किए गए नए अस्पताल की क्षमता 350 से बढ़ाकर 400 बेड करने का प्रयास किया जाएगा

## अस्पताल में संचालित विभागों की समीक्षा कर खाली पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू किए जाने के दिए निर्देश, मरीजों से मिलकर जाना उनका हालचाल

### सिंधिया ने राजमाता की प्रतिमा का अनावरण किया

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को अशोकनगर का दौरा किया। उन्होंने सबसे पहले राजमाता चौराहे पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण किया।

इसके बाद अस्पताल का निरीक्षण कर कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में शामिल हुए। सिंधिया ने कहा कि यह अशोकनगर के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने राजमाता के योगदान को याद करते हुए बताया कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया। राजमाता ने ग्वालियर में सिंधिया कन्या विद्यालय के लिए 70 एकड़ जमीन दान की थी।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने संसदीय क्षेत्र के चार दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन आज अशोकनगर जिला अस्पताल पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों व उनके परिजनों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं उनकी समस्याओं को सुना।

सिंधिया ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सा अधिकारियों से स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, दवाओं की आपूर्ति, डॉक्टरों की उपस्थिति और उपचार की गुणवत्ता को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मरीजों से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में सीधा फीडबैक लिया और उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने का आश्वासन दिया।

अस्पताल के विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट) का निरीक्षण कर दिए सख्त निर्देश सिंधिया ने जिला चिकित्सालय के SNC का भी दौरा किया।

जहां कुछ दिन पहले एसी फटने से आग लगने की घटना हुई थी। उन्होंने मामले की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि ऐसी घटनाएँ दोबारा न हों।











#### बर्थ वेटिंग रूम' का लोकार्पण

इस दौरान, केंद्रीय मंत्री ने जिला चिकित्सालय में बर्थ वेटिंग रूम' का लोकार्पण भी किया। यह सुविधा उन गर्भवती महिलाओं के लिए समर्पित है, जिन्हें डिलीवरी से पूर्व विशेष देखभाल और आराम की आवश्यकता होती है। इस नई सुविधा से महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिलेंगी और उनके सुरक्षित प्रसव की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

#### अस्पताल में संचालित सीटी स्कैन मशीन की प्रशंसा की

अस्पताल के निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने अस्पताल में संचालित सीटी स्कैन की सुविधा को लेकर अस्पताल प्रबंधन की प्रशंसा की। अस्पताल प्रबंधन ने सिंधिया को बताया कि आमतौर पर बाजार में सीटी स्कैन का 5 हजार रुपए चार्ज लगता है। लेकिन अस्पताल में प्रतिदिन 30-40 लोगों के सीटी स्कैन निःशुल्क किए जाते हैं। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा कोरोना महामारी के दौरान अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन की स्थापना कराई गई थी ताकि मरीज़ को अस्पताल में ही यह सुविधा मिल सके।

#### स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा विस्तार : सिंधिया

इस दौरान सिंधिया ने कहा कि अशोकनगर में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु 350 बेड के नए अस्पताल की मंजूरी मिल चुकी है। जिसमें 300 बेड के साथ 50 क्रिटिकल केयर बेड भी शामिल हैं। हमारी कोशिश है कि नए अस्पताल का विस्तार करते हुए हम इसे 400 बेड तक लेकर जाएं। ताकि यहां के लोगों को हम बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा सकें।

#### जरूरत के आधार पर रिपोर्ट तैयार करें : सिंधिया

विभागीय समीक्षा के दौरान सिंधिया ने अस्पताल प्रबंधन को जरूरत के आधार पर चार खंडों में विस्तृत रिपोर्ट बनाने के निर्देश भी दिए। जिसमें बेड्स की आवश्यकता, अस्पताल भवन की मरम्मत, उपकरणों की आवश्यकता एवं अस्पताल में खाली पदों पर भर्ती तथा पदों की संख्या को बढ़ाए जाने के निर्देश दिए।



### अपनी मांगों को लेकर एआईडीएसओ ने सांसद सिंधिया के सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

आज 29 मार्च को क्षेत्रीय सांसद व केबिनेट मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को छात्र संगठन एआईडीएसओ की ओर से ज्ञापन दिया गया। जिसमें गर्ल्स स्कूल की नवीन बिल्डिंग के निर्माण व नेहरू पीजी कॉलेज में बस सुविधा के नाम पर की गई। फीस वृद्धि वापस लेने की मांग की गई। इस मौके पर एआईडीएसओ के जिला सचिव अनुराग सागर ने बताया कि अशोकनगर जिले में प्रशासन की लापरवाही के कारण छात्रों को अनेकों समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। ऐसे ही कुछ समस्याओं को लेकर आज हमने सांसद को ज्ञापन दिया है।

#### ज्ञापन के माध्यम से मुख्य रूप से तीन मांगे की गई

- शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर की विदिशा रोड़ स्थित पुरानी बिल्डिंग की जमीन पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की नवीन बिल्डिंग का निर्माण किया जाए।
- नेहरू पीजी कॉलेज में बस सुविधा के नाम पर जन भागीदारी द्वारा 360 रुपए की फीस वृद्धि को तुरंत वापस की जाए।
- सीएम राइज या अन्य किसी भी नाम पर सरकारी स्कूलों को बंद करने की नीति रद्द की जाए।

# आर.ई.सी. ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को सौंपा ट्रांसमिशन एस.पी.व्ही.

## 1230 मेगावॉट विद्युत पारेषण के लिये विंध क्षेत्र में बनेंगे 400 के.व्ही. के दो सबस्टेशन

सत्ता सुधार ■ शहडोल

मध्यप्रदेश को आगामी दो से तीन वर्षों में दो चरणों में 1230 मेगावॉट विद्युत की अतिरिक्त उपलब्धता रहेगी, इस हेतु बिजली कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में आर.ई.सी. ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को ट्रांसमिशन एस.पी.व्ही. सौंपा। इस परियोजना के तहत मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड के बंधौरा (सिंगरौली) पावर जनरेटिंग प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी के लिये ट्रांसमिशन नेटवर्क तैयार किया जाना है।

### पारेषण अद्योसंरचना होगी विस्तारित

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी ने 1230 मेगावॉट विद्युत प्रदाय हेतु मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड से पॉवर परचेस अनुबंध किया था, उक्त हेतु मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड द्वारा 2X800 मेगावॉट क्षमता के पावर जनरेटिंग प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है। उक्त पावर प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी हेतु नियामक आयोग के विनियमानुसार टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली प्रक्रिया के अंतर्गत पारेषण अद्योसंरचना के विस्तार हेतु मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी/एस.टी.यू. से अनुरोध किया गया था, जिसके तहत शासन ने निविदा प्रक्रिया समन्वयक (बी.पी.सी.) के लिये आर.ई.सी.पी.डी.सी.एल. (आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसलटेंसी लिमिटेड) को नियुक्त किया।



टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली (टी.बी.सी.बी) में मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने 2000 करोड़ रूपये की इस परियोजना को अन्य बिडर्स के मध्य न्यूनतम दर के आधार पर हासिल करने में सफलता प्राप्त की।

### पारेषण सेवा अनुबंध हस्ताक्षरित

श्री चक्रवर्ती ने जानकारी दी कि तमाम वैधानिक औपचारिकताओं को पूर्ण करने के बाद मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी एवं मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के मध्य पारेषण सेवा अनुबंध (ट्रांसमिशन सर्विस एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित हुये, जिसके तहत विंध क्षेत्र में टी.बी.सी.बी. में 400 के.व्ही., 220 के.व्ही. एवं 132 के.व्ही. की विभिन्न ट्रांसमिशन लाइनों सहित दो 400 के.व्ही. के सबस्टेशन रीवा (सगरा) एवं अमरपाटन में स्थापित किये जाने है।

# अशोकनगर ज़िले की जनसुनवाई शिविर में खुशी से रो पड़ीं गुड्डीबाई, मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गले लगाकर संभाला



### गुड्डीबाई को जनसुनवाई की मदद से मिला जमीन का पट्टा

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

अशोकनगर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की जनसुनवाई के दौरान श्रीमती गुड्डीबाई खुशी के आँसू नहीं रोक पाईं। उन्होंने मंत्री सिंधिया को धन्यवाद दिया कि कैसे उनकी त्वरित कार्रवाई से गुंडों द्वारा कब्जाई गई उनकी जमीन उन्हें वापस मिली। एसडीएम अशोकनगर की सहायता से न केवल कब्जा हटाया गया, बल्कि जनसुनवाई शिविर में ही उन्हें जमीन पट्टे का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया, जो अब अमल में आ चुका है। सिंधिया ने गुढ़ीबाई को गले लगाकर दिलासा दिया और आश्वासन दिया कि जनता की रक्षा के लिए वे हमेशा खड़े रहेंगे।

# खंडवा: करोड़ों के अवैध उत्खनन पर प्रशासनिक निष्क्रियता, सवालों के घेरे में खनिज विभाग

सत्ता सुधार ■ खंडवा

रेत, मुरम और गिट्टी के डंपरों पर कार्रवाई कर अपनी पीठ थपथपाने वाले खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। प्रशासन की इस निष्क्रियता का सबसे बड़ा उदाहरण दस साल पुराना अवैध उत्खनन का मामला है, जिसमें नौ करोड़ रुपये की वसूली के आदेश के बावजूद विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

### तीन न्यायालयों का आदेश, फिर भी वसूली नहीं!

साल 2014 में नवकार नगर के पीछे बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन हुआ था। जांच के दौरान दो डंपर और दो जेसीबी जब्त की गई थीं। तत्कालीन एसडीएम और कलेक्टर ने इस मामले में कुल 18 करोड़ 1 लाख 76 हजार 800 रुपये का अर्थदंड लगाया था। बाद में एसडीएम कोर्ट ने इसे घटाकर 9 करोड़ 84 लाख 400 रुपये कर दिया। यह मामला पहले कलेक्टर कोर्ट, फिर इंदौर संभाग के अपर आयुक्त की अदालत तक पहुंचा, लेकिन हर बार आरोपी की अपील खारिज हुई और जुर्माने को बरकरार रखा गया।







इसके बावजूद खंडवा का खनिज विभाग इस पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए है। पूरे एक साल से विभाग न तो कोई वसूली कर रहा है और न ही आरोपी को नोटिस देने की जहमत उठा रहा है। आखिर क्यों?

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

मुख्य आरोपी अभय जैन पिता कांतिलाल जैन, निवासी संतोष नगर, खंडवा, खुद को संघ और हिंदू संगठन से जुड़ा बताकर प्रशासन पर दबाव बनाता रहा है। इसके अलावा, यह मामला केवल एक व्यक्ति का नहीं है, बल्कि इसमें कुल 12 अन्य आरोपी भी हैं, जिनमें वाहन चालक और वाहन मालिक शामिल हैं। यह गंभीर प्रश्न उठता है कि जब तीन-तीन न्यायालयों ने अर्थदंड को सही ठहराया है, तब प्रशासन इस मामले में कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठा रहा है?

### खनिज विभाग की निष्क्रियता: संरक्षण या मिलीभगत?

इस मामले में खनिज विभाग की भूमिका संदेह के घेरे में है। क्या विभाग जानबूझकर इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल रहा है? अगर विभाग छोटे वाहनों पर कार्रवाई कर सकता है तो करोड़ों के अवैध उत्खनन में दोषी पाए गए प्रभावशाली लोगों पर कार्रवाई करने में देरी क्यों?

### मामले की पड़ताल: क्या कहते हैं तथ्य?

इस अवैध उत्खनन में कुल 18 खसरों से खनन होने की बात सामने आई थी, जिनमें से तीन खसरों पर अभय जैन का स्वामित्व था। उसने कोर्ट में यह तर्क दिया कि शेष 15 खसरों के मालिकों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। लेकिन अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिन लोगों को मौके पर पकड़ा गया था, उन्होंने स्वीकार किया कि वे प्रतिदिन अवैध रूप से मुरम निकालते और बेचते थे। इसके बावजूद, प्रशासन की इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं है।

### हिन्दू संगठन का नेता बना घूमता है अवैध खनन घोटाले का प्रमुख आरोपी अभय जैन

#### इनका कहना है :-

मामला मेरे संज्ञान में नहीं है मेरे कार्यकाल सें पुराना मामला है, खनिज अधिकारि सें बात कर लीजिये वह जानकारी दे पाएंगे।

**-काशीराम बड़ोले, अपर कलेक्टर खंडवा**

खनिज खनिज अधिकारी सचिन वर्मा को उनके नंबर पर कॉल किया परंतु उन्होंने कॉल अटेंड नहीं किया।

### प्रशासन को देना होगा जवाब

खंडवा की जनता यह जानना चाहती है कि जब छोटे खनन मामलों में इतनी सख्ती बरती जाती है तो करोड़ों की वसूली के मामले में प्रशासन मौन क्यों है? क्या यह किसी राजनीतिक दबाव का नतीजा है, या फिर भ्रष्टाचार का एक और उदाहरण? अगर प्रशासन इस मामले में जल्द कदम नहीं उठाता, तो यह साफ हो जाएगा कि कानून सिर्फ आम जनता के लिए है, जबकि रसूखदारों के लिए प्रशासन की आंखें मूंद जाती हैं।

# मुख्यमंत्री ने शहडोल जिले की संबल योजना की हितग्राही मुन्नू ढीमर से किया संवाद



### मुख्यमंत्री ने किया सिंगल क्लिक के माध्यम से अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण

सत्ता सुधार ■ शहडोल

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल 2.0 योजना अंतर्गत सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण किया। सिंगल क्लिक के माध्यम से शहडोल जिले के 448 हितग्राहियों को 9 करोड़ 52 लाख रूपये की राशि का अंतरण किया गया।

अनुग्रह सहायता राशि वितरण कार्यक्रम को कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में वर्चुअली रूप से चलाया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वर्चुअली रूप से हितग्राहियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने शहडोल जिले की हितग्राही श्रीमती मुन्नू ढीमर से संवाद किया तथा उनके लिए संवेदना भी व्यक्ति की। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्रीमती मुन्नू ढीमर से उनके परिवार की जानकारी ली तथा पति की मृत्यु किस कारणवश हुई इसकी भी जानकारी ली। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने श्रीमती मुन्नू ढीमर की पुत्री सपना ढीमर एवं मधु ढीमर से भी चर्चा की तथा उनसे शिक्षा अध्ययन के बारे में जानकारी ली तथा उच्च शिक्षा प्राप्त करने की बात भी कही।

इस दौरान एनआईसी कक्ष में कलेक्टर डॉ केदार सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत सोहागपुर श्रीमती हीरावती कोल, अध्यक्ष नगर पालिका शहडोल श्री घनश्याम जायसवाल, श्रम निरीक्षक शहडोल श्रीमती चरणा गुप्ता सहित काफी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

## विश्व में शहडोल के मिनी ब्राज़ील विचारपुर की हो रही चर्चा

# मानसिक एवं शारीरिक संतुलन का खेल है फुटबॉल : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने आज शहडोल के ÷मिनी ब्राज़ील÷ विचारपुर मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी सपना गुप्ता,सानिया कुंडे सुहानी कोल सहित अन्य फुटबॉल खिलाड़ियों को किट, फुटबॉल सहित अन्य खेल सामग्री का वितरण किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का वास्तविक खेल फुटबॉल है और फुटबॉल मानसिक, शारीरिक संतुलन बनाने का खेल है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शहडोल के मिनी ब्राज़ील के नाम से पहचान बना चुके विचारपुर का जिक्र कई मंचों पर किया है जहां पर खिलाड़ी चार चार पीढ़ियों से फुटबॉल खेल रहे है। उन्होंने कहा कि मिनी ब्राज़ील विचारपुर के लगभग हर घर में राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रदेश, संभाग, जिले का नाम रोशन कर रहे हैं यह विंध्य प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि मिनी ब्राज़ील ग्राम विचारपुर के बच्चे बचपन से ही फुटबॉल का खेल खेल रहे हैं और फुटबॉल के अलावा कोई भी खेल में रुचि नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि नेचुरल प्रतिभा निखरना आसान होता है, इसके लिए प्रशासन भी पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने फुटबॉल खेल को प्रोत्साहित करने के लिए कोच श्री रईस अहमद व अन्य फुटबॉल कोचों के द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना भी की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मिनी ब्राज़ील विचारपुर मैदान को विकसित कर खिलाड़ियों को और अच्छी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि 1.50 करोड़ रूपये की लागत से विचारपुर बैगा बस्ती से ज्ञानोदय स्कूल होते हुये खेल मैदान तक रोड कार्य के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदाय की जा चुकी है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि खिलाड़ी बालक-बालिकाओं के लिये अलग-अलग शौचालय का निर्माण, छोटे बच्चों के लिये अलग खेल मैदान तैयार कराया जा रहा है, रात्रि में खेल हो सके इसके लिये रात्रि कालीन लाईट की व्यवस्था, ग्रेडर के माध्यम से बड़े मैदान को व्यवस्थित एवं समतलीकरण कराया गया है, 135 खिलाडियों को ड्रेस किट का वितरण एवं 20 फुटबाल प्रदाय किये गये है। स्टेडियम एवं बाऊण्ड्रीवाल के लिये रिलायन्स फाउण्डेशन एवं एस.ई.सी.एल. को सी.एस.आर. मद से कार्य कराये जाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने फुटबॉल खिलाड़ियों को खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कोच रईस अहमद, सीताराम सहित अन्य फुटबॉल कोचों से फुटबॉल खेल के संबंध में जानकारी ली।



# 5 दिव्य प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का समापन



### लियो वेन्स क्लब खंडवा ने योगाचार्य एवं सहयोगियों को सम्मानित किया

**खंडवा।** लायन्स क्लब खंडवा व सामाजिक सहायता के सहयोग से 5 दिव्य शारीरिक शुद्धि प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का 27 मार्च को नक्षत्र गार्डन में समापन हुआ। खून निकलना, मधुमेह, कब्ज, गैस, एसिडिटी, गुटने का दर्द, कमर दर्द, सरवाइकल, मधुमेह, थाइराइड, अनिन्द्रा, आदि बीमारी का इलाज किया गया। मिट्टी की लेप मैड पैक के साथ सूर्य स्नान, स्टीम बाथ आदि से प्राकृतिक चिकित्सा, बॉयलर की चिकित्सा और व्यावहारिक अभ्यास की जानकारी दी गई। सुनील जैन ने बताया कि योग और प्राकृतिक चिकित्सा से बिना दवाइयों के रोग को ठीक किया जा सकता है। यह अप्रभावी अनुपयोगी चिकित्सा पद्धति है। इस मशीन पर शिविर में स्वास्थ्य लाभ ले पीड़ित ने अपना अनुभव साझा किया। मित्र ने कहा कि शिविर में उन्हें अच्छा महसूस हो रहा है। लायेन रितेश गोयल ने बताया कि कैंप में पीड़िता का प्राकृतिक उपचार कैसे किया गया। उन्हें जीवन की कला एवं योग के बारे में भी बताया गया। शिविर में भाग लेने वालों को स्वास्थ्य में बहुत लाभ हुआ।समापन समारोह में अपनी लाइब्रेरी में लायंस के सचिव मिशिगन वाधवा ने कहा कि आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा के उपयोग से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजनों के लिए आग्रह किया।

### विद्यालय के निदेशक कपिल पाटीदार ने माता गणगौर का पूजन कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

# श्री शंकर स्कूल में मनाया गुड़ी पड़वा एवं गणगौर महोत्सव

सत्ता सुधार ■ धामनोद

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ गुड़ी पड़वा पर्व को मना कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के निर्देशक कपिल पाटीदार ने गुड़ी एवं माता गणगौर का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के शिक्षक देवेंद्र गौड़ ने गुड़ी पड़वा महोत्सव को मनाने के तरीके एवं हिंदू मान्यता पर आधारित गुड़ी पड़वा का महत्व समझाया इसके बाद कक्षा चौथी व पांचवी के बच्चों ने गुड़ी पड़वा पर आधारित सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया ।

विद्यालय की शिक्षिका शशिकिरण मिश्रा एवं अंतिमबाला सोलंकी ने गणगौर महोत्सव के बारे में बताया कि गणगौर माता का शुभारंभ एकादशी को जवारे रखकर किया जाता है जिसमें सामूहिक रूप से सभी लोग मंदिर में जवारे स्थापित करते हैं उसी दिन से प्रत्येक घर में गणगौर माता को लाने की तैयारी शुरू हो जाती है ।

गणगौर को किस तरह से मनाया जाता है इसकी पूरी जानकारी विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत की गई। इसके बाद कक्षा दूसरी व तीसरी के बच्चों ने गणगौर माता के गीतों पर आधारित सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया तथा इसी के तुरंत बाद विद्यालय के कक्षा छटी से आठवीं तक की बालिकाओं ने गणगौर माता के लोकगीत प्रस्तुत किये, जिसमें बच्चों ने घाटी चढ़ी न हारी हो चंदा, म्हारी रणु बाई का अंगना म लिमडो, जैसे लोकप्रिय लोकगीत प्रस्तुत किये जिसे सुनते ही प्रांगण में बैठे सारे बच्चों ने करतल ध्वनि बजाते हुए इन बच्चों के साथ सामूहिक गायन प्रस्तुत किया।

विद्यालय की आर्केस्ट्रा टीम में विद्यालय के ही छोटे-छोटे बच्चों ने अलग-अलग वाद्य यंत्रों को बजाया, जिन्हें बजाते देखकर विद्यालय के सारे शिक्षक व अतिथि भाव विभोर हो उठे। इसके पश्चात कार्यक्रम का संचालन कर रही प्रियांशी गुप्ता ने बताया की इसी सेलिब्रेशन के साथ हमारे विद्यालय में पिछले 10 दिनों से चले आ रहे समर




कैंप का समापन किया जा रहा है तथा अगले शैक्षिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ भी हम गुड़ी पड़वा के पूजन कर आरंभ कर रहे हैं।


सीबीएसई की गाइडलाइन के अनुसार 25-26 का शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल को शुरू होने जा रहा है जिसकी तैयारी में विद्यालय के प्रत्येक शिक्षक लगे हुए हैं । विद्यालय के लिए एक और गोरवान्वित कर देने वाला अवसर विद्यालय को प्राप्त हुआ जिसमें विद्यालय के छात्र युग पाटीदार का मध्य प्रदेश द्वारा अयोजित की जाने वाली आई-लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ जिसमे युग पाटीदार अपने राज्य का नेतृत्व करेंगे।

युग के कोच रोहित बामनिया ने अपने इस खिलाड़ी पर गर्व जताते हुए बाकि सभी बच्चों को भी युग से प्रेरणा ले कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। वही विद्यालय में सीबीएसई के द्वारा आयोजित की जाने वाली शिक्षकों के लिए वर्कशॉप का आयोजन भी हो रहा है जिसमें विद्यालय समेत आसपास के विद्यालयों से लगभग 60 शिक्षक इस वर्कशॉप में भाग लेने आ रहे हैं जिसमे सीबीएसई द्वारा मनोनीत किए हुए रिसोर्स पर्सन द्वारा यह कार्यशाला ली जायेगी जो कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम पर आधारित होगी।

विद्यालय में चल रही इन गतिविधियों को देखकर विद्यालय के निदेशक कपिल पाटीदार एवं प्राचार्य ऋषि श्रीवास्तव ने हर्ष व्यक्त किया तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों पर गर्व जताते हुए सारे विद्यार्थियों को गुड़ी पड़वा एवं गणगौर की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# पुराने टर्मिनल से नई उड़ानों की तैयारी

## 45 करोड़ की लागत से हो रहा नवीनीकरण



सत्ता सुधार ■ इंदौर

देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल का नवीनीकरण कार्य तेजी से जारी है। लगभग 45 करोड़ रुपए की लागत से हो रहा यह कार्य जुलाई तक पूरा होने की उम्मीद है। इस टर्मिनल से शारजाह की अंतरराष्ट्रीय उड़ान और छोटे एटीआर विमानों का संचालन किया जाएगा।

वर्तमान में मुख्य टर्मिनल से प्रति सप्ताह 100 से अधिक उड़ानें संचालित हो रही हैं, जिससे पीक आवर्स में यहां भीड़ बढ़ने लगी है। पुराने टर्मिनल को दोबारा शुरू करने से इस दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, यहां एक इमिग्रेशन ऑफिस भी स्थापित किया गया है। टर्मिनल का संचालन शुरू करने से पहले सुरक्षा संबंधी औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। इसके बाद, दोनों टर्मिनल से उड़ानों का संचालन होने पर इंदौर एयरपोर्ट से प्रति घंटे 2500 यात्री यात्रा कर सकेंगे, जो वर्तमान की तुलना में 1000 अधिक होंगे। इससे नए टर्मिनल पर यात्री भार लगभग एक तिहाई कम हो जाएगा, जिससे नई उड़ानों के संचालन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

शारजाह की अंतरराष्ट्रीय उड़ान सप्ताह में चार दिन पुराने टर्मिनल से संचालित होगी, जबकि अन्य दिनों में घरेलू उड़ानें चलाई जाएंगी। साथ ही, नए टर्मिनल में बदलाव कर उसके अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र को घरेलू उड़ानों के लिए उपयोग में लाया जाएगा। इंदौर एयरपोर्ट से वर्तमान में 85 से 90 उड़ानें रोजाना संचालित होती हैं, जिनमें से 34 से 36 उड़ानें एटीआर विमानों की होती हैं और छह उड़ानें अंतरराष्ट्रीय होती हैं। पुराने टर्मिनल से इन उड़ानों का संचालन शुरू होने पर नए टर्मिनल पर 36 उड़ानों का भार कम होगा, जिससे यात्री सुविधाएं बेहतर होंगी। साथ ही, पार्किंग और यातायात प्रबंधन में भी सुधार होगा। पुराने टर्मिनल में एयरोब्रिज की सुविधा नहीं होगी, जिससे अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को बस या पैदल विमान तक जाना होगा। छोटे विमानों के लिए एयरोब्रिज की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों को सीढ़ियों का उपयोग करना पड़ सकता है।

## इंदौर-नई दिल्ली के लिए चली स्पेशल ट्रेन, सोमवार को भी चलेगी

इंदौर-दिल्ली के बीच चल रही ट्रेनों में लंबी वेटिंग को कम करने के लिए रतलाम मंडल शनिवार और सोमवार को स्पेशल ट्रेन चला रहा है। नई दिल्ली-इंदौर स्पेशल सुपरफास्ट एक्सप्रेस (04092) शुक्रवार को नई दिल्ली से दोपहर 3.30 बजे रवाना हुई थी जो की आज यानी शनिवार सुबह 6.10 बजे इंदौर पहुंची। यह ट्रेन वापसी में इंदौर-नई दिल्ली स्पेशल सुपरफास्ट एक्सप्रेस (04091) शनिवार यानी आज दोपहर 11.45 बजे रवाना होगी और देर रात 2:30 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।




इंदौर से आज रवाना होने के बाद यह ट्रेन अब सोमवार को इंदौर से रवाना होगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर से आज दिल्ली पहुंचने वाली ट्रेन कल दोपहर 3:30 बजे दिल्ली से दोबारा इंदौर के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन नागदा स्टेशन पर रात 2:10 बजे और रतलाम स्टेशन पर 3:40 बजे पहुंचेगी। जिसके बाद यह ट्रेन सोमवार को सुबह 6:10 बजे इंदौर जंक्शन पहुंचेगी।

इसी तरह यह ट्रेन वापसी में इंदौर से सुबह 11:45 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन रतलाम 2:10 बजे और नागदा 3:15 बजे पहुंचेगी। अगले दिन यह ट्रेन रात 2:30 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन का दोनों दिशाओं में मथुरा, कोटा, नागदा और रतलाम स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। ट्रेन में सेकंड एसी कम थर्ड एसी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी कोच रहेंगे। सोमवार को भी स्पेशल ट्रेन का यही समय रहेगा।

**इंदौर से जयपुर के लिए नई ट्रेन :** रेलवे ने इंदौर से राजस्थान जाने वाले यात्रियों को नई सौगात देते हुए इंदौर-जयपुर स्पेशल ट्रेन शुरू करने की घोषणा की है। यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित होगी। हालांकि, इसकी शुरुआत की तारीख अभी तय नहीं की गई है। इस ट्रेन की मांग पिछले साल रेलवे अधिकारियों की बैठक में उठाई गई थी, जिसे अब मंजूरी मिल गई है।

रेलवे द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार, इंदौर-जयपुर ट्रेन शाम 7:20 बजे रवाना होगी और रतलाम, चित्तौड़गढ़, चंदेरिया व अजमेर होते हुए जयपुर पहुंचेगी। जयपुर में 10 मिनट रुकने के बाद यह ट्रेन सुबह 7:30 बजे खातीपुरा स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में, यह ट्रेन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को शाम 7:00 बजे खातीपुरा से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 8:30 बजे इंदौर पहुंचेगी।

# 4 दिन बंद रहेगी मांस-मटन की दुकानें

## महापौर बोले- नहीं माने तो दुकानदारों पर होगी सख्ती

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने 4 दिन मांस-मटन की दुकानें बंद रखने का आदेश जारी किया है। कहा है कि अगर आदेश नहीं माना जाता है तो दुकानदारों पर नगर निगम सख्ती से कार्रवाई करेगा।



जिन दिनों मांस-मटन की दुकानों को पूर्णत~ बंद रखने का आदेश जारी किया है, उनमें 30 मार्च को गुड़ी पड़वा/चेटीचंड, 6 अप्रैल को रामनवमी, 10 अप्रैल को महावीर जंयती और 12 मई को बुद्ध जयंती शामिल है। इस दौरान इंदौर नगर निगम सीमा में सभी मांस-मटन की दुकानें बंद रहेंगी। ऐसा ही आदेश पिछले साल भी जारी किया गया था।

### सख्ती से होगा आदेश का पालन

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने निर्देश में साफ कर दिया है कि इन दिनों में दुकानें बंद रखनी ही होगी, आदेश की अव्हेलना करते हुए यदि कोई भी मांस विक्रय करते हुए इन दिनों में पाया गया तो सख्ती से पालन भी कराया जाएगा।

# भारत विकास परिषद शाखा धामनोद के निर्विरोध निर्वाचन संपन्न

### दुर्गेश दाबड़ अध्यक्ष, सचिन यादव, सचिव राजू सलूजा कोषाध्यक्ष निर्वाचित

सत्ता सुधार ■ धामनोद

भारत विकास परिषद शाखा धामनोद का सेवा सत्र 2025- 26 हेतु निर्विरोध निर्वाचन कार्य बालाजी गार्डन परिसर में प्रांतीय पर्यवेक्षक डॉ. शैलेंद्र महोदय खंडवा एवं प्रीति शर्मा धरमपुरी के निर्देशन में संपन्न हुआ।





कोषाध्यक्ष राजू सलूजा द्वारा पूरे वर्ष का आय व्यय पत्रक प्रस्तुत किया गया। जिसमें अध्यक्ष के दायित्व हेतु दुर्गेश दाबड़ के नाम का प्रस्ताव जगदीश पाटीदार बालाजी तथा समर्थन हरेन्द्र सिंह चौहान, नरेन्द्र तिवारी ने किया। सचिव के दायित्व हेतु सचिन यादव के नाम का प्रस्ताव हरि पाटीदार ने किया और समर्थन द्वारका सराफ, राजकुमार उतवानी ने किया ।

इसी तरह कोषाध्यक्ष के दायित्व हेतु राजू सलूजा का प्रस्ताव दीपक प्रधान ने और समर्थन महेश सेन, भवानी राम वर्मा द्वारा किया गया। जिन्हें प्रांतीय पर्यवेक्षकों द्वारा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर परिषद सदस्य नरेंद्र भट्ट, डॉ. कुसुम पाटीदार, डॉ. राहुल कुशवाह, विकास अग्रवाल, विजय नामदेव, महादेव नामदेव, अनूप सक्सेना, मुकेश आगीवाल, अनिल खजांची, योगेन्द्रसिंह चौहान, रमेशचंद्र वर्मा, राजेश सिदगौर, मधु सराफ, निलेश मंगल, डॉ. मनोज नाहर, राजेश पारीक, पंकज बंसल, डॉ. अजयसिंह चौहान, डॉ. सन्नी पंडित, देवकरण पाटीदार, संजय पाटीदार, देवराम वर्मा, देवेंद्र गर्ग, सुरेश पाटीदार, अश्विन पाटीदार, गोपाल पाटीदार, अजय झुलवाला, जगदीशचंद्र पाटीदार, सुरेश पाटीदार इत्यादि एवं अन्य उपस्थित रहे।

अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुर्गेश दाबड़ ने आगामी सेवा क्षेत्र को लेकर भावी कार्य योजना एवं रूपरेखा प्रस्तुत की। आभार नवनिर्वाचित सचिव सचिन यादव ने माना।

# स्कीम-78 सलैया वालों के मंदिर से निकली भव्य प्रभात फेरी



सत्ता सुधार ■ इंदौर

दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद , इंदौर, सोशल ग्रुप फेडरेशन एवं महावीर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सुबह प्रभात फेरी श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, स्कीम नंबर 78 सलैया वालों के मंदिर से निकली। आसपास के क्षेत्र में घूम कर पुनः वही पहुंची।

समाज के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी ने बताया कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर निकलने वाली भव्य स्वर्ण रथ यात्रा के सारथी बने विमला देवी, मुकेश पाटोदी परिवार का सम्मान किया गया।

समाज के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि बैंड बाजों के साथ निकल रही 20 दिवसीय प्रभात फेरी मैं समाज श्रेष्ठियों के साथ आज सोशल ग्रुप अहिंसा के बहुत अधिक दंपति सदस्य चल रहे थे। प्रतिदिन प्रभात फेरी साथ शहर के विभिन्न मंदिरों से निकल रही है। इस दौरान प्रभु जी को रजत पालकी में विराजित कर बड़े भक्ति भाव से आसपास की कॉलोनी में भ्रमण कराया जाता हैं। प्रभु जी के जय कारे लगाते हुए समाज जन चलते हैं, व महिलाएं भक्ति नृत्य करते हुए चलती है। रास्ते पर श्रद्धालु पालकी में विराजित प्रभु जी की आरती उतारते हैं। मंदिर प्रांगण पर मुकेश पाटोदी, राजकुमार पाटोदी, अनिल सलैया, राकेश विनायका , सुशील पांड्या,संजय अहिंसा ने ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर मनोहर झांझरी, राजेंद्र सोनी, देवेंद्र सोगानी, सुनील जैन, ऋषभ पाटनी, सुधीर सिंघई, हर्ष जैन, पवन सिंघई, राजेश जैन, अनिल इटको, संजय पापड़ीवाल, चंद्रेश जैन, केशव जैन,मनीष जैन सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

## रविवार और ईद पर भी खुले रहेंगे पंजीयन, निगम कार्यालय, समय भी बढ़ाया

**इंदौर।** नए वित्तिय वर्ष के पहले इंदौर में सरकार के खजाने में भरपूर टैक्स जमा हो रहा है। इसके अलावा कलेक्टर गाइडलाइन बढ़ने का असर भी देखा जा रहा है। लोग 31 मार्च से पहले रजिस्ट्रियां करा रहे है। शनिवार, रविवार और सोमवार को ईद का अवकाश है, लेकिन पंजीयन कार्यालय और नगर निगम के राजस्व काउंटर तीनों दिन खुले रहेंगे। व्यवस्थाएं संभालने के लिए अतिरिक्त स्टॉफ भी लगाया गया है। नगर निगम ने बकाया करों के भुगतान के लिए शनिवार, रविवार व सोमवार को अवकाश के दिनों में राजस्व मुख्यालय, सभी 22 झोनों के केश काउंटर को खुले रखने का फैसला लिया है। नगर निगम अग्रिम कर जमा करने वालों को छह प्रतिशत छूट भी दे रहा है। सरकारी विभागों से भी निगम के खजाने में राशि जमा हुई है। इसमें दूरदर्शन कार्यालय, इंदौर विकास प्राधिकरण ने राशि जमा की है। इसके अलावा सेंट्रल जेल प्रशासन ने 13 लाख रुपये, देवी अहिल्या विश्व विद्यालय ने 35 लाख, महिला व बाल विकास विभाग ने 54 लाख रुपये जमा किए है। आरआर कैट से भी निगर निगम ने 32 लाख रुपये का टैक्स जमा कराया है।

# नवरात्रि में किलेनुमा दिखेगा ग्वाल भैरव कालका मंदिर

### शौर्यगाथाओं से होगा सजीव चित्रण

सत्ता सुधार ■ इंदौर

विजयनगर चौराहा स्थित श्री ग्वाल भैरव कालका माता मंदिर इस बार चैत्र नवरात्रि में महामाई का दरबार अद्भुत रूप में नज़र आएगा। मंदिर प्रांगण को किले की आकृति में दर्शाया जाएगा, जो दर्शकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगा।



पुजारी राहुल यादव ने बताया कि इस किलेनुमा आकृति में हिंदुत्व के रक्षक, महान शौर्यवीर योद्धाओं की वीर गाथाओं का सजीव चित्रण किया जाएगा। नवरात्रि के दौरान मंदिर आने वाले श्रद्धालु इन योद्धाओं के बलिदान और वीरता से परिचित हो सकेंगे। यह प्रयास न केवल मंदिर की सुंदरता को बढ़ाएगा, बल्कि युवाओं को अपनी संस्कृति और इतिहास से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

सत्ता सुधार ■ धामनोद

नई शिक्षा नीति 2020 पर एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन श्री शंकर स्कूल धामनोद में किया गया जिसमें विद्यालय तथा अन्य सीबीएसई विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

नई शिक्षा नीति किस प्रकार विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा समाज के लिए लाभदायक है इस पर बल दिया गया। सीबीएसई द्वारा निर्वाचित प्रशिक्षणकर्ता सुनील पाटिल सर, प्राचार्य महेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल बाग तथा श्रीमती नेहा सांगवा, व्याख्याता, शांति निलया स्कूल धामनोद द्वारा शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रशिक्षण दिया गया।



विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सीबीएसई द्वारा समय-समय पर विद्यालयों में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन करना अनिवार्य है, जिस हेतु श्री शंकर स्कूल प्रतिबद्ध है। नई शिक्षा नीति पर आधारित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों ने सिखा की किस प्रकार नवीन शिक्षण पद्धतियों के द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ाया जाए। किस प्रकार विद्यार्थियों का मूल्यांकन तथा उन्हें विशिष्ट प्रणालियों के तहत परखा जाए। सामाजिक स्तर पर शिक्षा में कमियों तथा उन्हें दूर करने हेतु शिक्षकों को किस प्रकार अपनी भूमिका न केवल कक्षा में बल्कि शिक्षा के हर क्षेत्र में निभानी होगी, यह भी मेंटर्स द्वारा समझाया गया। इक्कीसवीं सदी में विभिन्न कौशलों द्वारा बच्चों को कौशल आधारित शिक्षा कैसे दी जाए इस विषय पर भी चर्चा की गई।

विद्यालय निदेशक कपिल पाटीदार द्वारा शिक्षकों को विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने की सराहना की गई। उन्होंने बताया कि श्री शंकर स्कूल हमेशा से विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है व शिक्षा जगत में अपना एक विशिष्ट स्थान रखता है।

## एक अप्रैल को मनेगी मिनेश जयंती

**इंदौर।** मीणा समाज के आराध्य देव भगवान मिनेश की जयंती को लेकर मीणा समाज इंदौर में उत्साह का माहौल है। मप्र मीणा समाज सेवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास रावत के नेतृत्व में प्रदेश में 31 मार्च से 15 अप्रैल तक मिनेश जयंती महोत्सव पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया। इसी तारतम्य में 1 अप्रैल को इंदौर मीणा समाज ने वृहद पैमाने पर मिनेश जयंती महोत्सव मनाने का निर्णय लिया। मप्र मीणा समाज सेवा संगठन की इंदौर जिला ईकाई के अध्यक्ष सत्यनारायण मीणा ने बताया कि 1 अप्रैल इंदौर में रेलवे कम्युनिटी हॉल में सुबह 10 बजे से स्वजातीय बंधुओं के सहयोग से मिनेश जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष रावत करेंगे। मुख्य अतिथि मप्र मिनेश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष लालाराम मीणा, विधायक रमेश मैंदोला, पूर्व विधायक गणपत पटेल, आईपीएस अधिकारी विनोद मीणा, ऋषिकेश मीणा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष मीणा ने बताया कि इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों और समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा। जिलाध्यक्ष मीणा ने बताया कि इंदौर जिले के मीणा समाज निवासरत अनेक गांवों का भ्रमण कर मीणा बंधुओं को आमंत्रित करते हुए आग्रह किया कि वे एक अप्रैल को इंदौर में अपने ईष्ट देव भगवान मिनेषजी के जयंती महोत्सव में सपरिवार शामिल हो।

## ब्रीफ न्यूज

### कलेक्टर ने डॉ. आरूषि शास्त्री को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



**मुरैना।** रोटरी मेगा कैंप में डेंटल कॉलेज भोपाल से दंत चिकित्सक डॉ आरूषि शास्त्री को कलेक्टर अंकित अस्थाना ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। सम्मान प्राप्त करते समय डॉक्टर अरूषि शास्त्री ने कहा है कि मेरे द्वारा रोटरी कैंप में लगभग 300 मरीजों का परीक्षण किया था। मैं शासकीय दंत चिकित्सक महाविद्यालय इंदौर से पासआउट हूं। मैं मुरैना वासियों को तहेदिल से धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने इतना अच्छा कैंप लगाकर जरूरतमंद लोगों के लिये बेहतर सुविधायें प्रदान की हैं।

### बेटे का हुआ निःशुल्क ऑपरेशन

**मुरैना।** राज के पिता बताते हैं कि मैं पेशे से मजदूर हूं मेरे घर में चार सदस्य हैं, उनका गुजर बसर बड़ी मुश्किल से हो पाता है। वह अपने बेटे के रोटरी मेडिकल स्वास्थ्य शिविर में हुए ऑपरेशन से बहुत प्रसन्न हैं। वह कहते हैं कि यही ऑपरेशन प्राइवेट हॉस्पिटल में हुआ होता तो 40 से 50 हजार रुपए खर्च हो जाते। इतने पैसे मेरे पास नहीं थे। मुझे किसी साहूकार से उधार लेकर ही ऑपरेशन कराना पड़ता किंतु आज रोटरी के सहयोग से मेरे बच्चे का ऑपरेशन हुआ है। मैं अपने बेटे के निःशुल्क ऑपरेशन के लिए रोटरी एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद देता हूं।

### मैगा हैल्थ कैंप में 485 आयुष्मान कार्ड बनाये गये

**मुरैना।** मेगा हैल्थ कैंप में शनिवार को 485 आयुष्मान कार्ड बनाए गये। स्वास्थ्य शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य गतिपूर्ण जारी है। जिनमें से 70 वर्ष से अधिक के 55 आयुष्मान कार्ड सम्मिलित हैं।

# सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति के लिए भगवान श्री शनिदेव के दर्शन किये और प्रार्थना की

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शनिचरी अमावस्या पर 29 मार्च 2025 (शनिवार) को मुरैना जिले के ऐंती ग्राम में स्थित प्राचीन शनिधाम मंदिर पर विशाल मेला का आयोजन सम्पन्न हुआ। मेले में लगभग 5 लाख श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति के लिए भगवान श्री शनिदेव के दर्शन किये और प्रार्थना की। शनिदेव के दर्शन करने में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के अलावा विभिन्न न्यायाधीश तथा गणमान्य नागरिक और राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़, भोपाल कोटा से भी श्रद्धालु शनि की शरण में पहुंचे।

जिला प्रशासन द्वारा की गई माकूल व्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालुओं को दर्शन





करने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देशन में पुलिस व राजस्व विभाग तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग करते रहे। पुलिस अधीक्षक समीर सौरव द्वारा पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्थायें की गई थी, जिसमें चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये। जिसमें दो पालियों में 500 पुलिस कर्मचारी एवं अन्य राजस्व विभाग 700 कर्मचारियों को तैनात किया गया। विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यपालिक दण्डाधिकारी के रूप में जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। मेले को 4 सेक्टरों में विभाजित किया गया था, जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहे।

### मेले में स्नानागार की उचित व्यवस्था

मेले में प्रशासन द्वारा महिला एवं पुरूष स्नानागार की उचित व्यवस्था की गई, जिससे महिला एवं पुरूषों के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर स्नान किया जा रहा था। नाई जोन प्रशासन ने नाई जोन की उचित व्यवस्था की थी, जिसमें करीब 300 नाईयों को नाईजॉन में बिठाया गया।

**फायर बिग्रेड की उचित व्यवस्था :** प्रशासन द्वारा इस मेले में अलग-अलग स्थानों पर फायर विग्रेड की व्यवस्था की गई। इससे अग्नि दुर्घटनाओं को आसानी से रोका जा सके।

**मेला में भण्डारों की उचित व्यवस्था :** शनि मेंला में भण्डारें लगाये गये, जहां मेले में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर भण्डारों में प्रसादी ग्रहण की। सिरसा का भण्डारा लगातार 25वीं वार लगाया गया।

# युवकों ने माँ-बेटी चौराहे पर फायरिंग कर फैलाई दहशत

### सोशल मीडिया पर लोगों ने वीडियो बनाकर एसपी को कहा कि सरकारें आती-जाती रहेंगी आप तो कुछ करिए, दो युवकों की पहचान, पुलिस तलाश में जुटी



सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर के सिटी कोतवाली स्टेशन रोड एवं सिविल लाइन थाना क्षेत्र में इन दोनों गुर्जर समाज के कुछ अराजक तत्वों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे जनता परेशान होकर सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकाल रही है और पुलिस अधीक्षक को कह रही है कि सरकार तो आती-जाती रहेंगी, आप तो कुछ करिए साहब, लोग आए दिन फायरिंग कर आतंक फैला रहे हैं और पुलिस कुछ नहीं कर रही है, जिससे दुकानदार व आम जनता परेशान हैं।

शहर के तीनों थाना क्षेत्र में आए दिन अवैध हथियारों से फायरिंग तथा मारपीट की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। अपराधियों में पुलिस का कोई खौफ नहीं है, जिससे वह स्वच्छंद होकर सरेराह वारदात कर निकल जाते हैं। छोटी-छोटी बातों पर फायरिंग की घटना हो रही है, लेकिन पुलिस इन पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। शुक्रवार की रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जौरा रोड स्थित मां-बेटी चौराहे पर दुकानों के सामने गुर्जर समाज के दो युवकों द्वारा मंत्री के नाम की धमकी देते हुए कई फायर किए और दहशत फैला दी।

इलाके के रहने वाले कुछ लोगों ने घटना के बाद पुलिस को सूचना दी, तो काफी देर बाद हंड्रेड डायल गाड़ी मौके पर पहुंची और उसने वहां से चले हुए कारतूस भी जप्त किए। घटना के कुछ फुटेज एक दुकानदार के सीसीटीवी कैमरे में आए हैं, जिसके आधार पर फायरिंग करने वालों की पहचान ऐंटी गुर्जर एवं भोले गुर्जर के रूप में हुई है। उक्त घटना के बाद कुछ युवकों ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल करते हुए कहा कि पूरे शहर में गुर्जर समाज के कुछ अराजक तत्वों द्वारा आए दिन इसी प्रकार से दहशत फैलाई जा रही है, जिससे लोगों का जीना मुश्किल होता जा रहा है। वायरल वीडियो में युवक ने पुलिस अधीक्षक से अपील करते हुए कहा कि सरकार तो आती-जाती रहेगी, आप अपना काम करिए, ताकि लोग चैन की सांस ले सके।

**इनका कहना है**

जानकारी मिली है कि शराब पीकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ है उसके बाद फायरिंग हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान ऐंटी गुर्जर एवं भोले गुर्जर के रूप में हुई है। फरियादी रिपोर्ट दर्ज करने नहीं आया है लेकिन हम आरोपियों को पकड़ने के लिए अपनी कार्रवाई कर रहे हैं।

**प्रीति जादौन,**
**प्रभारी थाना सिविल लाइन, मुरैना**

### व्यापारी से अवैध वसूली करने के लिए फायरिंग करने वाले चार आरोपी कार एवं दो कट्टों के साथ गिरफ्तार

**सबलगढ़।** सबलगढ़ थाना पुलिस ने एक व्यापारी की फैक्ट्री के बाहर अवैध वसूली के चलते फायरिंग करने वाले चार आरोपियों को गाड़ी एवं दो अवैध कट्टों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 27 मार्च को सुभाष मंगल फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की कुछ अज्ञात द्वारा अवैध वसूली के चलते उसकी फैक्ट्री के बाहर फायरिंग की गई, जिससे व्यापारी भयभीत हो गया। उक्त रिपोर्ट पर से पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 119 (1), 296,125, 351(3), 324(4) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। सबलगढ़ थाना पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आस-पास के सीसीटीव्ही कैमरों को चैक किया गया। पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर बधरैटा की नहर के पास से उक्त अपराध में शामिल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार क्रमांक एमपी 07 जेड क्यू 6379, 02 देशी कट्टे, 01 जिंदा राउण्ड एवं 02 खाली खोखे जब्त किए गए।

## स्काउट गाइड ने दी शनिदेव मेले में श्रद्धालुओं को दी सेवाएं



सत्ता सुधार ■ मुरैना

विश्व प्रसिद्ध त्रेता युगीन शनि देव मंदिर ऐंती पर्वत पर जो कि शनिश्चरा धाम के नाम से विश्व विख्यात है। यहां आयोजित दो दिवसीय शनि मेले के दौरान 28 एवं 29 मार्च को भारत स्काउट गाइड जिला संघ मुरैना,भिंड एवं दतिया के स्काउट-गाइड, रोबर-रेंजर, स्काउटर-गाइडर के लगभग 80 सेवार्थियों ने अपनी सेवाएं दी।

28 मार्च को रात्रि 11:00 बजे से पहला दल अपनी सेवा के लिए उपस्थित हुआ। जितने भी सेवार्थी थे, वह शनिदेव के मुख्य गेट से जिंग-जिंग रेलिंग, हनुमान जी के मंदिर के सामने, गर्भ गृह के सामने और निकासी की सीढीयों पर क्रमबद्ध होकर अपनी सेवाएं दे रहे थे। इस बीच में दर्शनार्थियों के बीच यदि कोई असहाय दर्शनार्थ दिखाई दिए, उनको सहारा देकर स्काउट गाइड द्वारा सीड़ीयों से ऊपर बाहर तक ससम्मान पहुंचाया गया। इसी बीच जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और सीईओ ने सेवार्थियों के बीच पहुंचकर उनकी हौसला अफजाई की।

# नगर परिषद की साधारण सभा की बैठक संपन्न



सत्ता सुधार ■ झुण्डपुरा

नगर परिषद झुण्डपुरा कार्यालय पर अध्यक्ष मनीषा बल्ली सोनी के निर्देशानुसार परिषद के साधारण सभा सम्मेलन आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा बहुमत से निम्न सभी बिन्दुओं को पारित किया गया। इस विशेष बैठक में नपाध्यक्ष मनीषा बल्ली सोनी उपाध्यक्ष यशकांत शर्मा ने सभी सदस्यों के समक्ष एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव भी रखा। एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को भी परिषद के सभी सदस्यों ने हर्ष ध्वनि के साथ प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए कहा कि यह राष्ट्रहित में है। सम्मिलन में साधारण सभा की बैठक में विचार हेतु एजेंडे में शामिल किए गए व वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय बजट पर चर्चा की गई।

इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन शहरी-2.0 योजनान्तर्गत स्वच्छता उपकरण एवं सामग्री क्रय करने, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बाजार बैठक बसूली ठेके पर दिए जाने व नगरीय क्षेत्र झुण्डपुरा में वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक की सम्पत्तियों पर शासन की गाईड लाईन अनुसार सम्पत्तिकर अधिरोपित करने पर विचार किया गया। इसके साथ ही एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में प्रस्तुत आवेदन पर विचार विमर्श करते हुए इस बिन्दु को सर्वसम्मति से पारित किया गया। तथा बिन्दु एक से चार तक को 10 सदस्यों ने सहमति जताई तथा चार सदस्यों ने असहमति जताई। इस प्रकार सभी बिंदुओं को बहुमत से पारित कर दिया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष मनीषा बल्ली सोनी, उपाध्यक्ष यशकांत शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक कुमार वाल्मीकि, नीलम रावत, रेखा मनोज, सुशीला श्यामलाल, रघुराज सिंह गुर्जर, रामपति व्यास, नारायणी, मनीषा खटीक, यशकांत शर्मा, सुनीता शर्मा, सुल्तान खां, देवकीनंदन कुशवाहा, मनीषा सोनी, सुनीता विनोद रावत, सोमवती रावत पार्षद उपस्थित रहे तथा पार्षद शीला गजराज जाटव अनुपस्थिति रही। इस अवसर पर रामदीन जौहरी, संदीप त्यागी, रामवरण शर्मा, हेमंत शर्मा, नागेन्द्र मोर्य, बाबूसिंह, शैलेन्द्र सविता, गिर्राज शुक्ला, जगदीश मल्हा, मोहर सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाओं की दर्दनाक मौत

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत शनिवार की दोपहर जौरा रोड श्रीराम पैलेस के सामने एक ट्रक ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी, जिससे पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं पति घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक फरार बताया गया है। इधर शाम को नेशनल हाईवे पर बाइक से जा रहे पति-पत्नी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे एक महिला की मौत होना बताया गया है, यह महिला दतिया की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मी पत्नी मनोज प्रजापति तुलसी कॉलोनी गणेशपुरा मुरैना अपने पति के साथ शनिवार की दोपहर बाइक पर सवार होकर टिकटोली बुआ के घर जा रही थी, तभी एक



ट्रक चालक ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे लक्ष्मी की ट्रक से कुचल जाने के कारण घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई, वहीं पति घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक फरार बताया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला का पीएम कराया। फिलहाल पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। इधर शनिवार की शाम नेशनल हाईवे पर बाइक से जा रहे पति-पत्नी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई, यहां भी वाहन चालक फरार बताया गया है।

# घटस्थापना के साथ आज से आरंभ होंगे नवरात्र

## श्रद्धालुओं में उत्साह, 9 दिन तक बहेगी भक्ति रस की बयार



बाजारों में उमड़ी भीड़, देवी दर्शनों के लिए पैदल जा रहे भक्त

सत्ता सुधार ■ मुरैना

रविवार से चैत्र नवरात्र घट स्थापना के साथ आरंभ हो रहे हैं, जिसको लेकर देवी भक्तों में भारी उत्साह एवं जोश दिखाई दे रहा है और बाजारों में काफी चहल-पहल शनिवार को देखी गई। लोग माता रानी की पूजा के लिए तैयारी में एक दिन पहले से ही जुट गए हैं और अब 9 दिन तक पूरे जिले का वातावरण धर्ममय हो जाएगा। नवरात्र से पूर्व ही कैला देवी दर्शनों के लिए साईकिल यात्रा एवं पैदल यात्रा हो रही है और लोग देवी दर्शन के लिए आ जा रहे हैं।

चैत्र नवरात्र के चलते शनिवार को बाजारों में काफी चहल-पहल देखने को मिली और लोग माता रानी के लिए चुनरी वस्त्र श्रृंगार का सामान उपवास के लिए खाने पीने की वस्तुएं खरीदते देखे गए। 9 दिन तक शहर के देवी मंदिरों पर मां की विशेष भक्ति पूजा की जाएगी और कई जगह मेला भी आयोजित किए जाते हैं। मुरैना शहर के प्रसिद्ध देवी मंदिर श्री महामाया मंदिर, बड़ोखर माता मंदिर, श्री ज्ञान ज्ञानेश्वरी देवी मंदिर, गणेशपुरा स्थित मंशा देवी मंदिर, कैलारस अंतर्गत आने वाली बहरारे वाली माता मंदिर एवं माता बसैया मंदिर की विशेष मान्यता है और यहां पर बड़ी संख्या में भक्तगण सुबह शाम मां के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। थाना माता बसैया एवं बहरारे वाली माता मंदिर पर 9 दिन तक मेला आयोजित होता है, जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचते हैं और सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

नवरात्र के चलते देवी मंदिरों में विशेष साफ-सफाई एवं सजावट पूर्ण हो चुकी है और आगामी 9 दिन तक मंदिरों में भजन कीर्तन देवी जागरण के आयोजन किए जाएंगे। इधर चैत्र नवरात्रि के चलते कई दिन पहले से ही मुरैना शहर के अलावा जिले की अन्य तहसीलों से बड़ी संख्या में लोग पदयात्रा कर कैला देवी माता के दर्शनों के लिए निकल चुके हैं। इसके अलावा लगातार लोगों का आना-जाना केलादेवी लगा हुआ है, कोई साइकिल से जा रहा है तो कोई कनक दंडवत कर रहा है। आगामी 9 दिन तक मंदिरों पर होने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के इंतजाम भी किया जा रहे हैं।

**प्रशिक्षण** त्यागी धर्मशाला जौरा में आयोजित किया गया पोषण भी-पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम

# नब्बे प्रतिशत मस्तिष्क का विकास जीवन के पहले 6 वर्ष में होता है: आरती राजपूत

सत्ता सुधार ■ जौरा

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती उपासना राय के निर्देशन व मार्गदर्शन में जिले भर में आयोजित किये जा रहे पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला में महिला एवं बाल विकास परियोजना क्रमांक 1 एवं 2 जौरा द्वारा गालव त्यागी धर्मशाला में तीन दिवसीय पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसका समापन 29 मार्च शनिवार को किया गया। परियोजना क्रमांक एक की प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती आरती राजपूत, दो की प्रभारी अधिकारी श्रीमती गिरिजा यादव एवं पत्रकार जेपी पाराशर तथा सिविल हॉस्पिटल आईसीटीसी जौरा के परामर्शदाता संदीप सेंगर विशेष रूप से उपस्थित थे। इनके अलावा पर्यवेक्षक श्रीमती प्रियंका भावसार, दीपा कनौजिया, पुष्पा शर्मा, सृष्टि यादव, ज्योति शर्मा एवं ब्लाक




समन्वयक श्रीमती प्रियंका व सत्येंद्र उपस्थित थे।

कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन दिवस में पोषण, कुपोषण, स्वच्छता एवं शिक्षा नीति तथा विकलांगता के बारे में उपस्थित मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर श्रीमती आरती राजपूत द्वारा बताया गया कि नब्बे प्रतिशत मस्तिष्क का विकास जीवन के पहले 6 वर्ष में होता है। इसलिए 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों को पोषण के साथ-साथ दी गई सही शिक्षा उनके सर्वांगीण विकास को पूर्ण करेंगी आप न पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आपने जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वह तभी साकार होगा जब आपके द्वारा फील्ड में धरातल पर समुदाय के बीच महिलाओं एवं बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए उनके स्वास्थ्य की चिंता कर उन्हें हर प्रकार से सशक्त बनाने में भागीदारी निभाते हुए तत्परता के साथ कार्य किया जाए। इस अवसर पर श्रीमती गिरजा यादव के कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर 2 घंटे खेल-खेल में बच्चों को शिक्षा के साथ रचनात्मक कौशल विकसित करने हेतु आप सब को कार्य करना होगा।

# विधायक दिनेश ने कराई 4 करोड़ 40 लाख की सड़कें मंजूर



**मुरैना।** विधायक दिनेश गुर्जर द्वारा लगातार विधानसभा में आवाज बुलंद की जा रही है और मुरैना विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनहित कार्यों के लिए शासन से मांग करते आ रहे हैं, उनके अथक प्रयासों से मुरैना विधानसभा में पटिया वाले बाबा करह रोड़ से मारवाड़ी का पुरा तक रोड़ राशि 1 करोड़ 20 लाख, टेकरी बिचौला रोड़ से कल्लू सिंह कंसाना का पुरा तक रोड़ राशि 1 करोड़ 20 लाख एवं ग्राम पंचायत रंचोली के अन्तर्गत रंचोली मुख्य मार्ग से खटाने के पुरा तक रोड़ राशि 2 करोड़ स्वीकृत हुई है। मुरैना विधायक द्वारा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 44 के अंतर्गत छोंदा नदी पर एक आधुनिक पार्क, जिम एवं वोट क्लब बनाया जावे, जिससे मुरैना शहर की जनता को मनोरंजन की सुविधा मिल सके एवं जनहित में विकास कार्यों के लिए मध्य प्रदेश सरकार से मांग कर प्रयास जारी है।

## ब्रीफ न्यूज

### शनिचरी भूतड़ी अमावस्या पर लगा भूतों का मेला लाखों लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी



**सीहोर।** बुधनी विधानसभा के मां नर्मदा के विभिन्न घाटों पर आज अमावस्या के दौरान आस्था उमड़ी सभी घाटों पर स्नान के लिए सुबह से ही लोग नज़र आए वही बुधनी का प्रसिद्द नर्मदा घाट आबलीघाट पर विगत तीन दिन से भरी संख्या में लोग मा नर्मदा स्नान के लिए आ रहे है आज लाखों लोगों ने पवित्र जल में लगाई आस्था की डुबकी। वही इसी घाट पर रात्रि को भूतों का मेला भी लगता है इस घाट की विशेष मान्यता है यहां नवरात्रि से पहले जिन लोगों के शरीर में देवी देवता आते है उन्हें अमावस्या से पहली बाली रात को ही यहां आना होता है और इन पंडा पडियार के साथ बहारी बाधा से पीड़ित लोग आते है जिसे रात भर पड़ा पडियार उन्हें इन बाधाओं से मुक्ति दिलाते है जिसे भूतों का मेला कहते है। सुबह अमावस्या पर सभी स्नान कर मां विजयासन देवी सलकनपुर पहुंचे हैं।

### 11वी में काजल 94 ओर 9वी में वैष्णवी 91 प्रतिशत अंको के साथ रहे विद्यालय के टॉपर



**खरगोन।** शहर के बीटीआई रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में शनिवार को समारोहपूर्वक परीक्षा परिणाम वितरित किये गए। कार्यक्रम में अतिथि श्रीमती अमृता भावसार एवं श्रीमती पूजा ताक ,प्राचार्य लोकेश गुप्ता, बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ दीपक दशोरे , कांतिलाल जी कर्मा ने उत्कृष्ट अंको से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर परीक्षा परिणाम वितरित किये। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी मेहनत और लगन का परिणाम है। आगे भी यह प्रदर्शन जारी रखे और परिवार, स्कूल का नाम रोशन करे। समिति सदस्यों ने कहा कि सरस्वती स्कूल ऐसी स्कूल है जिसने प्रतिस्पर्धा की दौड़ में भी अच्छी शिक्षा संस्कारो के साथ देने की परंपरा को बनाये रखा है। विद्यालय के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिये विद्यार्थियों के साथ आचार्य दीदी भी बधाई के पात्र है, जिनके कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थी संस्कारित शिक्षा हासिल कर रहे है। इस दौरान विद्यार्थियों ओर स्टाफ को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। उपप्राचार्य संजय राठौड़ ने बताया कक्षा 1 से 11वी तक कि स्थानीय परीक्षाओ का परिणाम जारी कर दिया गया। सभी कक्षाओं के परिणाम शत प्रतिशत रहा।

### कलेक्टर ने कार्यक्रम आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया



**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने शनिवार को अजनाल नदी के तट पर स्थित गुप्तेश्वर मंदिर पहुंचकर वहां रविवार को आयोजित होने वाले विक्रमोत्सव-2025 कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अजनाल नदी तट पर स्थित पैड़ी घाट पहुंच कर वहां 30 मार्च रविवार को आयोजित होने वाले जल गंगा संवर्धन अज़ियान कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों का ज़ी जायजा लिया।

# 300 साल पहले बंजारों ने की थी सलकनपुर में विजयासन धाम की स्थापना

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

सीहोर जिले के सलकनपुर के पास, एक हजार फीट उंचे विन्ध्य पर्वत पर, माता विजयासन देवी का मंदिर है। यह देश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों में से एक है। पुराणों के अनुसार देवी विजयासन माता पार्वती का ही अवतार हैं। जिन्होंने देवताओं के आग्रह पर रक्तबीज नामक राक्षस का वध कर सृष्टि की रक्षा की थी। रक्तबीज का संहार कर विजय पाने पर देवताओं ने यहॉ माता को जो आसन दिया, वही विजयासन धाम के नाम से विख्यात हुआ, और माता का यह रूप विजयासन देवी कहलाया। एक किवदंती यह भी प्रचलित है कि लगभग 300 साल पहले बंजारे अपने पशुओं के साथ जब इस स्थान पर विश्राम करने के लिए रूके तब अचानक उनके सारे पशु गायब हो गए। बहुत ढूंढने के बाद भी पशु नहीं मिले। तभी एक बुर्जुग बंजारे को एक बालिका दिखाई दी। उस बुजुर्ग ने उस बालिका से पशुओं के बारे में पूछा तो उसने कहा कि, इस स्थान पर पूजा-अचज़्ना कीजिए आपको सारे पशु वापस मिल जाएंगे और हुआ भी वैसा ही। अपने खोए हुए पशु वापस मिलने पर बंजारों ने उस स्थान पर मंदिर का निर्माण किया। तभी से यह स्थल शक्ति पीठ के रूप में स्थापित हो गया।



### गुड़ी पड़वा पर्व - विक्रम संवत नव वर्ष की शुरूआत

भारत विविध धर्मों, सम्प्रदायों एव विविध संस्कृति और परंपराओं का देश है। सभी धर्मों–संप्रदायों के अपने त्योहार और उनका अपना विशेष धार्मिक महत्व है। अनेक पर्वों की भांति गुड़ी पड़वा का भी विशेष महत्व है। गुड़ी पड़वा महाराष्ट्र के अलावा अन्य राज्यों में भी मनाया जाता है। गुड़ी का अर्थ है ध्वज अर्थात झंडा और प्रतिपदा तिथि को पड़वा कहा जाता है। इस पर्व से चैत्र नवरात्र आरंभ हो रहे हैं। पौराणिक कथाओं में इसे रावण पर भगवान राम की जीत, और उनके 14 वर्ष के वनवास के बाद उनके राज्याभिषेक की खुशी में मनाया जाता है। ऐसी भी मान्यता है कि गुड़ी पड़वा वाले दिन ही ब्रह्माण्ड की रचना हुई थी। इस त्यौहार पर लोग अपने घरों में सजाते हैं और नव वर्ष के प्रारंभ से नयी शुरूआत करते हैं। लोग अपने घरों के बाहर गुड़ी लगाकर सुख समृद्धि, धन, यश और सौभाग्य को आमंत्रित करते हैं।

# मकड़ाई में गंदा पानी पीने लोग मजबूत चौतरफा गंदगी से वातावरण दूषित




**सत्ता सुधार ■ हरदा**

जिले की खिड़किया ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत मकड़ाई में घोर अव्यवस्था का आलम है। जहां एक और साफ-सफाई नहीं होने से चौतरफा गंदगी का आलम है। जिससे वातावरण दूषित है वही दूसरी और पानी की समस्या दिनों दिन बढ़ रही है। कुंए से पानी की सप्लाई की जाती है। ग्रामीणों की शिकायत है कि पीने का पानी जो मिल रहा है वह गंदा रहता है। मजबूरी में लोग दूषित पानी पीने को मजबूर है। जिसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। विकास कार्यो में नाम पर सरकारी राशि का व्यापक पैमाने पर दुरुपयोग किया गया है। प्राक्लन के अनुसार निर्माण कार्यों को नहीं करवाया गया है। गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्यो को गंज़ीरता से लेकर जांच पड़ताल कराकर कार्यवाही करने में कोताही बरती जा रही है।

**योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही :** शासन की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में मनमानी की गई है चाहे तो लाज़ देकर पात्र हितग्राहियों के हक हित से खिलवाड़ किया गया है। प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की जाये और गांव के लोगों से चर्चा की जाये घोर अनियमितता का मामला सामने आ जायेगा।

**सचिन के कार्यकाल की जांच की मांग :** सचिव श्री राठौर के कार्यकाल की जांच करने की मांग जोर पकड़ रही है। पद एवं अधिकार का दुरुपयोग करते हुए शासन के पैसे को खर्च करने में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया है। जो ज़ी काम कराये गए हैं। ज़ौतिक सत्यापन किया जाय और खर्च राशि के अनुपात से निर्माण कार्यो में उपयोग की गई सामग्री का पता लगाया जाय तो हकीकत सामने आ जायेगी। जनपद के अधिकारियों, कर्मचारियों और इंजीनियर से सांठगांठ करके राशि का दुरूपयोग किया गया है। यही वजह है कि विरोध व शिकायत के बाद ज़ी जांच कराकर कार्र्यवाही करने में रुचि नहीं ली गई है। इससे जिम्मेदार अधिकारियों की नीति नीयति उजागर हो रही है। जिला कलेक्टर से सारे मामले की उच्च स्तरीय जांच-पड़ताल कराकर कठोर कार्यवाही करने की मांग की जा रही है।

### सचिव का रवैया बना चर्चा का विषय

समस्याओं के समाधान के संबंध में शिकायत विरोध करने के बाद जी सचिव प्रेमनारायण राठौर द्वारा रूचि नहीं ली जाती है। समस्याओं की अनदेखी करने से लोग परेशान हैं। सड़क के साथ–साथ नाली की समस्या है। गंदा पानी इकट्ठा होकर सड़क पर बदबू दे रहा है। मच्छर पनप रहे हैं। जिससे बीमारी फैलने का अंदेशा है। इतने पर ज़ी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे लोग परेशान हैं। आश्वासन देकर ज़ूल जाते हैं उसे पर अमल नहीं करते हैं। कागजों पर जो साफ–सफाई का काम करवाया गया है। पंचायत अज़िलेख का बारीकीसे जांच पड़ताल कराई जाये तो दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा।

**ग्राम सज़ा के नाम पर खाना पूर्ति :** ग्राम सज़ा के नाम पर खानापूर्ति की जाती है। ग्राम सज़ा के दिमाग को देखा जाय और चर्चा की जाय हकीकत का पता लगाकर जाये तो वास्तविकता सामने आ जायेगी। शासन की मन्शा के अनुसार सरकारी कार्यवाही नहीं की जाती है। जिसको लेकर आक्रोश का माहौल है। समय रहते कार्यवाही नहीं की गई तो आक्रोशित लोग आंदोलन करने को मजबूर हो जायेगे।

# त्यौहारी सीजन में गुलजार हुए बाजार सुबह से देररात तक हो रही खरीददारी



**सत्ता सुधार ■ खरगोन**

चांद के दीदार के साथ मुस्लिम समाज के सबसे बड़े पर्व ईद ओर सनातन समाज के हिन्दू नववर्ष ओर चैत्र नवरात्र लगभग एक साथ शुरू होने वाले है। ऐसे में दोनों धर्मो के लोगो के बीच अपब्व- अपने त्यौहार उमंग-उल्लास के साढ़ मनानेकी तैयारिया भी सीगल रही है, जिसके चलते शहर के मुख्य बाजार के साथ बस्तियों, मोहल्लों के बाजार भी गुलजार है। सुबह से देररात तक लोग खरीदी में जुटे है।

रोजेदार शाम को इफ्तार के वक्त खरीदारी के लिए दुकानों पर उमड़ रहे हैं, वहीं माता रानी की चौकी लगाने के लिए भी श्रद्धालु खरीदारी में जुट गए हैं। ईद को लेकर मीठी सेवइयों की मांग बढ़ गई है। साधारण सेवइयां जहां 100 से 120 रुपये किलो मिल रही हैं, वहीं शक्कर और मेवा मिश्रित सेवइयां 400 रुपये किलो तक बेची जा रही है। जबकि कपड़ा, श्रंगार, किराना के साथ ही जूते चप्पल दुकानों पर भीड़ लग रही है। युवक, युवतियां जहां रेडीमेट ओर कटपीस कपड़ो में रुचि ले रहे है तो वही महिलाये साड़ी खरीदने में उत्साह दिखा रही है। ग्राहकों की मांग को देखते हुए व्यापारियों ने भी नई- नई वेरायटी में सामान सजाया है। ग्राहकों की भीड़ से व्यापारियों के चहरे भी खिल गए है। उल्लेखनीय है कि फसल कटाई का दौर होने के साथ ही निमाड़ में गणगौर का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। लोग माता के पूजन, श्रंगार के साथ ही भंडारा प्रसादी जा सामन भी खरीद रहे है।

### उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल आज हरदा आएंगे

**हरदा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विज़ाग राजेंद्र शुक्ल 30 मार्च, रविवार को हरदा आएंगे तथा विक्रमोत्सव–2025 कार्यक्रम के तहत ब्रह्म ध्वज स्थापना कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल रविवार 30 मार्च को हरदा आएंगे। श्री शुक्ला दोपहर 1:30 बजे जबलपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 6 बजे हरदा सर्किट हाउस पहुंचेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ला रात्रि 7 बजे हरदा के कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित विक्रमोत्सव–2025 के तहत ब्रह्म ध्वज स्थापना कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# शनिश्चरी भूतड़ी अमावस्या पर ओंकारेश्वर में उमड़ा जनसैलाब

### तांत्रिक साधनाओं और पूजा-अर्चना का आयोजन



**सत्ता सुधार ■ खंडवा**

पवित्र नगरी ओंकारेश्वर में शनिश्चरी भूतड़ी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ा। करीब चार लाख भक्तों ने ओंकारेश्वर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया और नर्मदा स्नान कर तांत्रिक क्रियाओं में भाग लिया।

**तांत्रिक साधनाओं और ऊपरी बाधा निवारण का आयोजन :** हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, इस विशेष अमावस्या एवं नववर्ष के आगमन से पहले ऐसे लोग जो अपने इष्ट की कृपा से सिद्ध होते हैं, वे ऊपरी बाधाओं और बीमारियों से पीड़ित लोगों का उपचार करते हैं। इसी परंपरा के तहत, नर्मदा किनारे संगम घाट, नागर घाट और अन्य प्रमुख घाटों पर बड़ी संख्या में तांत्रिक अनुष्ठान किए गए। कई तांत्रिकों ने पीड़ित श्रद्धालुओं का उपचार किया, वहीं नए साधकों को भी सिद्ध करने के लिए घाटों पर विशेष स्नान और दीक्षा अनुष्ठान संपन्न किए गए।

**प्रशासनिक इंतजाम और सुरक्षा व्यवस्था :** श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने यातायात एवं घाटों पर विशेष इंतजाम किए हैं। मंदिर ट्रस्ट और जिला प्रशासन भीड़ नियंत्रण और सुगम दर्शन की व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार नजर रखे हुए है। ओंकारेश्वर के मुख्य नगर पंचायत अधिकारी संजय गीते ने बताया कि जिलाधीश के निर्देशानुसार नगर पंचायत ने ओंकारेश्वर के सभी घाटों, बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, जेपी चौक और ब्रह्मपुरी क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया है। साथ ही, श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त जल और शौचालय की सुविधाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

**पुलिस बल तैनात, घाटों पर विशेष सुरक्षा :** यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह बैरिकेड्स लगाए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। घाटों पर पुलिस जवान और प्रशिक्षित तैराक भी तैनात किए गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

संजय गीते, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी, ओंकारेश्वर ने बताया की नगर पंचायत द्वारा जिलाधीश के निर्देश के बाद ओंकारेश्वर के सभी घाट, बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, जेपी चौक सहित ब्रह्मपुरी क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त जल आपूर्ति और शौचालय की व्यवस्था भी की गई है।

ओंकारेश्वर में यह पावन पर्व श्रद्धालु भक्तिभाव और आस्था के साथ मना रहे हैं, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में दिव्य और आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है।

### आज से शुरू होगा विक्रम संवत्सर, 5 शुभ संयोग में मनेगे चैत्र नवरात्र

**खरगोन।** चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि याने रविवार से चैत्र नवरात्र एवं हिंदू नववर्ष की शुरुआत भी होगी। हिन्दू नववर्ष की अगुवानी लेकर जहां सनातनियों में उत्साह है तो वही नवरात्र को लेकर उल्लास छाया है। मन्दिरो में विशेष सजावट के साथ हवन, पूजन श्रंगार की तैयारियों अंतिम दौर में पहुंच गई। मान्यता है कि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण किया था. इसी दिन से चैत्र नवरात्र शुरू होते है. कई राज्यों में नव वर्ष त्योहार मनाने की परंपरा है. इस दिन महाराष्ट्र में गुढ़ी पड़वा, आंध्र प्रदेश में युगादि, सिंधी समाज में चेट्टी चंड मनाने की परंपरा है। पण्डित दीपक नाइक ने बताया इस बार नवरात्रि का त्योहार 30 मार्च से शुरू होगा और छह अप्रैल तक मनाया जाएगा। नवरात्रि के दिनों में पांच विशेष योग बनने और माता की सवारी हाथी होने के चलते इस बार की नवरात्रि सुख समृद्धि से पूर्ण होगी। इस बार नवरात्रि 9 दिन की बजाय केवल 8 दिन की होगी, क्योंकि तिथियों में परिवर्तन के कारण अष्टमी और नवमी एक ही दिन पड़ रही हैं। पंचमी तिथि के क्षय होने के कारण आठ दिनों की नवरात्र होगी। दो अप्रैल दिन बुधवार को चौथी और पंचमी की पूजा होगी।

# पटाखा फैक्ट्री दुर्घटना प्रज़ावित परिवार का बेटा 'गौरव' नवोदय स्कूल के लिए चयनित हुआ



**सत्ता सुधार ■ हरदा**

गत वर्ष फरवरी माह में बैरागढ़ फटाका फैक्ट्री में हुई विस्फोट की दुर्घटना से प्रज़ावित परिवार का 11 वर्षीय बेटा गौरव चौहान नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया है, और अब गौरव जिले के चारूवा स्थित पीएम नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं मे पढ़ाई करेगा। शनिवार को कलेक्टर आदित्य सिंह ने गौरव, उसके पिता सुनील तथा माता पिंकी चौहान से मुलाकात की और गौरव को नवोदय विद्यालय की ड्रेस, स्कूल बैग, पुस्तकें, कॉपी ज़ेंट कर परिवार को शुज़कामनाएं दी और ज़विष्य में ज़ी हर संज़व मदद के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री डी एस रघुवंशी तथा डीपीसी बलवंत पटेल ज़ी मौजूद थे।

नवोदय में चयनित छात्र गौरव चौहान ने इस अवसर पर बताया कि विपरीत परिस्थिति में जबकि परिवार आईटीआई ज़वन में दुर्घटना प्रज़ावित अन्य परिवारों के साथ रह रहा था ऐसे में वहां रहकर उसने नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी की। गौरव ने बताया कि उसकी बचपन से ही इच्छा थी कि वह नवोदय विद्यालय में अध्ययन करे, लेकिन विस्फोट की दुर्घटना से उसने उम्मीद छोड़ दी थी। जिला प्रशासन द्वारा गत वर्ष दुर्घटना के तत्काल बाद प्रज़ावित परिवारों के बच्चों के शिक्षा दीक्षा की व्यवस्था की गई। गौरव की मां पिंकी चौहान ने बताया कि डीपीसी श्री बलवंत पटेल ने गत वर्ष महर्षि कान्वेंट स्कूल में अध्यनरत गौरव के स्कूल जाने तथा परीक्षा के लिए कोचिंग की व्यवस्था कर दी और नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की गाइड ज़ी दिलवा दी जिससे गौरव ने विपरीत परिस्थितियों में ज़ी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी जारी रखी। पिंकी चौहान ने बताया कि गत वर्ष विस्फोट दुर्घटना में बच्चों की कॉपी, किताब बस्ता आदि सब कुछ नष्ट हो गया था, ऐसे में कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों के लिए किताब कॉपी बस्ते सहित पढ़ाई के लिए सज़ी व्यवस्थाएं करवा दीं। आज उसी का परिणाम है कि गौरव नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित होकर चारूवा के नवोदय स्कूल में कक्षा 6 में प्रवेश ले रहा है।

### कुबेरेश्वरधाम पर आज गुडी-पड़वा पर उमेड़ग़ा आस्था का सैलाब, नियमित रूप से किया जा रहा भंडारे का आयोजन

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी चैत्र नवरात्र का पर्व जिला मुख्यालय के समीपस्थ निमार्णाधीन कुबेरेश्वरधाम पर आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यहां पर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए नियमित रूप से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में नियमित रूप से निशुल्क रूप से रुद्राक्ष वितरण का क्रम चल रहा है। रुद्राक्ष वितरण करीब पांच दिनों से चल रहा है।

# आष्टा झरखेड़ी की दलित बस्ती में जलसंकट समस्या को हल करने के पीएचई मंत्री सम्पतिया उईके ने दिये निर्देश



**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री ने आष्टा के ग्राम झरखेड़ी में जलसंकट को देखते हुए दलित बस्ती में पीएचई मंत्री सम्पतिया उईके से ग्रामीणजनों के साथ पेयजल समस्या के निराकरण की मांग की। इस अवसर पर नरेन्द्र खंगराले ने बताया कि पूर्व में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा आयुक्त राजस्व भोपाल संभाग सचिव अनुसूचित जाति आयोग, कलेक्टर, प्रमुख अभियंता, कार्यपालन यंत्री सीहोर प्रदीप सक्सेना, नलजन योजना प्रभारी ई. प्रवीण सक्सेना तथा सहायक यंत्री आष्टा जिज्ञासा दिक्षित को भी समय-समय पर ग्राम की दलित बस्ती में अनुर्सचित जाति के चन्दर सिंह केथवाल के घर के पास नलकूप खनन कराये की मांग की गई। मंत्री उईके द्वारा दलित बस्ती में पेयजल की भीषण समस्या को देखते हुए निराकरण के निर्देश प्रदान किये गये। इस मौके पर प्रमुख रूप से के.जी.बैरागी, नरेन्द्र खंगराले, नितिन जोहरी, सक्षम पालिवाल, अंकित शर्मा, एस.के.फरेला, राजकुमार चौधरी ठेकेदार, अनुसूचित जाति के ग्रामीणजनों में सरपंच रघुवर सिंह सेंधव पटेल, सचिव प्रकाश खत्री, रतनसिंह, चन्दरसिंह जांगड़ा, बाबूलाल जांगड़ा, भारत कैलाश, कृपाल सिंह, आजाद सिंह, प्रेम बाई, सावित्री बाई, सुशीला बाई, पूजा बाई, मानूबाई संगीता बाई सहित जांगड़ा समाज के लोग उपस्थित थे।

## भूमि पूजन

### नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर की पहल से गंदगी से मिली मुक्ति

# मातृशक्तियों से कराया 20 लाख से अधिक निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

शहर के वार्ड क्रमांक दो के अंतर्गत शनिवार को दो स्थानों पर भूमि पूजन का कार्य यहां पर मातृशक्तियों के द्वारा किया गया, इस मौके पर करीब 20 लाख से बनाई जाने वाली दो नालियों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को गंदगी से मुक्ति मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के सानिध्य में पार्षद और नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्त सहित अन्य पार्षदों और क्षेत्रवासियों ने वार्ड के इंद्रानगर शासकीय स्कूल से नाले तक बनाई जाने वाली नाली निर्माण होने से बारिश से जमा होने वाले पानी से मुक्ति मिलेगी। इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री सास्ता ने कहाकि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बजट बैठक के दौरान रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माणधीन मकानों के लिए अनिवार्य करने पर जोर दिया है। इस तरह के सिस्टम से पानी का दोहन भी थम जाएगा। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के तहत वर्षा जल को छत या फिर विशेष रूप से बनाए गए क्षेत्र में इकट्ठा किया जाता है।



### नालियों के निर्माण से परेशानी का होगा निदान

क्षेत्रवासियों का कहना है कि वार्ड क्रमांक दो का क्षेत्र काफी बड़ा है और इसमें अनेक कालोनियों का निर्माण चल रहा है। अनेक कालोनियों में रोड और नालियों का निर्माण भी नहीं हो पाया है। इसके लिए नपाध्यक्ष श्री राठौर का नालियों के साथ सड़कों के निर्माण की पहल से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। क्षेत्रवासी अंकित का कहना है कि सड़क पर फैली गंदगी को पार कर लोगो को आना-जाना करना पड़ रहा था, यहां नालियों का अभाव है। गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, लेकिन नपाध्यक्ष श्री राठौर की पहल से गंदगी से मुक्ति मिलेगी। भूमि पूजन

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद राजेश मांझी, कमलेश राठौर, प्रदीप गौतम, मांगीलाल मालवीय, कमलेश कुशवाहा और लोकेन्द्र वर्मा के अलावा अन्य क्षेत्रवासी शामिल थे।

## ब्रीफ न्यूज

### शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए दबाव डालने पर होगी कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी निजी विद्यालय छात्रों या उनके अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से पाठ्यपुस्तकें, गणवेश एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री क्रय करने हेतु बाध्य नहीं कर सकता। यदि इस प्रकार की शिकायतें मिलती हैं, तो संबंधित विद्यालयों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।शिकायतों के निवारण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सागर की सहायक संचालक श्रीमती अनीता अहिरवार को अधिकृत किया गया है। अभिभावक और छात्र इस प्रकार की किसी भी समस्या के लिए उनसे (मोबाइल नंबर 8319212353) पर संपर्क कर सकते हैं। निजी स्कूलों द्वारा विशेष दुकानों से महंगी पुस्तकें, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए दबाव डालना न केवल अनुचित है, मध्य प्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम 2017 और नियम 2020 का उल्लंघन भी है।छात्र या अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार से क्रय करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

### आंगनवाडी केन्द्रों में पोषण भी पढाई भी द्वितीय बैंच का समापन




**सागर।** महिला बाल विकास विभाग परियोजना सागर ग्रामीण 02. द्वारा आंगनवाड़ी की कार्यकर्ताओं के क्षमता निर्माण के उद्देश्य से तीन दिवसीय पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण संपन्न हुआ ।जिसका आज दिनांक 29.03.2025 को समापन किया गया। स्नेहभवन अंकुर कॉलोनी में हो रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के शारीरिक मानशिक, संज्ञानत्मक, संवेदात्मक एवं सामजिक विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नवीनतम शिक्षा निति 2020 के अंतर्गत विकसित पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देना था।प्रशिक्षण के तीसरे दिन आज शनिवार को कार्यकर्ताओं में व्यवहारिक प्रशिक्षण केश स्टर्डीज एवं नवीनतम शैक्षणिक तकनीकों, दिव्यांग बच्चों की पहचान, जांच, समावेश एवं रणनीतियाँ, शिक्षा केन्द्र (आंगनवाड़ी पाठशाला) के रूप में आंगनवाड़ी केन्द्र की धारणा को बदलने पर प्रशिक्षित किया गया, जिससे आंगनवाड़ी केन्द्रों को और प्रभावी बनाया जा सके तथा जहां केवल पोषण की बात बस नहीं हो बल्कि पढ़ाई को भी विशेष प्राथमिकता में रखा जायेगा। तीसरे सत्र में परियोजना अधिकारी श्रीमति स्वाती जैन ने शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं महत्व को रेखांकित किया तथा अंत में कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण पश्चात् मूल्यांकन एवं प्रमाणपत्र जनरेट कराया गया और प्रशिक्षण का समापन किया गया।

---

### विधायक ने सेन समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पांच पांच हजार के चेक प्रदान किए

# हर बच्चों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करूंगी जो बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी प्राप्त करेंगेः निर्मला सप्रे

सत्ता सुधार ■ बीना/सागर

आल इंडिया सेन जी महासंघ ट्रस्ट (नई दिल्ली) शाखा बीना के व्दारा सेन समाज के प्रतिभावान छात्र छात्रों के सम्मान समारोह में विधायक श्रीमति निर्मला सप्रे ने अपनी विधायक निधि से 5000-5000हजार रूपये की राशि के चेक प्रदान किए।उन्होंने इस मौके पर कहा कि सेन समाज के ही प्रतिभावान बच्चे ही नहीं अभी अपितु बीना विधानसभा के हर बच्चों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करूंगी जो बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी प्राप्त करेंगे।उन्होंने इस मौके पर सेन समाज के बारे में कहा कि यह समाज वह समाज है जो हर घर में अपनी पहुंच रखती है किंतु उनकी विकास और उत्थान के लिए मैं




विधानसभा में सेन समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट करूंगी।मनोहर राय ने इस मौके पर कहा कि जिस तरह से राजेंद्र सेन सेन समाज के उत्थान और विकास के लिए सदैव समर्पित रहते हैं उसके लिए वह बधाई के पात्र है। महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ बिना का नाम रोशन किया उन्हें मैं बधाई देता हूं। राजेंद्र सेन रज्जू ने विधायक जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम लोगों ने प्रतिभावान छात्रों को?2000 देने की बात कही थी किंतु आज जिस तरह से उन्होंने प्रत्येक बच्चे को 5000 राशि प्रदान करके उनका जो हौसला बढ़ाया है उसके लिए उन्हें बधाई कार्यक्रम का संचालन बीपी सेन ने किया।जिन छात्र छात्रों का चेक प्रदान किए गए उनमें कुमारी आयुषी सेन, प्रिंस सेंन, कुमकुम सेन, मयंक सेन, कुमारी निहारिका सेन, प्रिंस सेन, शिवम सेन, राज सेन, उर्मिला सेन, कुमारी स्मृति सेन, कुमारी अंजली सेन, कुमारी संस्कृति सेन, कुमारी दीपाली सेन, कुमारी नैना सेन, पीयूष सेन, हर्ष सेन, इन सभी छात्राओं ने विधायक द्वारा उत्साह वर्धन करने के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में विशेष रूप से राजेन्द्र कुमार सेन रज्जु राष्ट्रीय संरक्षक बृजमोहन सेन जिला अध्यक्ष राजू सेन, काशीराम सेन पन्नालाल सेन, अरविंद सेन, संजय सेन अनेक सेन समाज के लोग उपस्थित रहे।

---

# नौ नहीं, आठ दिन के हैं नवरात्र, इस महापर्व पर मां दुर्गा का आगमन हाथी पर होगा

### तृतीया तिथि का क्षय होने के कारण नवरात्र आठ दिन के ही रहेंगे

सत्ता सुधार ■ बीना/सागर

आज यानी चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 30 मार्च को हिन्दू नववर्ष है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होती है। मान्यता है कि इसी तिथि पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इसी दिन से विक्रम संवत के नए साल की शुरुआत होती है। धरती के अपनी धूरी पर घुमने और धरती के सूर्य का एक चक्कर लगाने के बाद जब दूसरा चक्र प्रारंभ होता है तभी हिंदू नववर्ष मनाया जाता है। इस दिन गुड़ी पड़वा, उगादी और चैत्र नवरात्रि का त्योहार की शुरुआत होती है यह बात बगलामुखी ज्योतिष आचार्य पंडित प्रदीप नागाईच ने एक भेंट के दौरान बताई उन्होंने आगे बताया कि पूर्ण ब्रह्मांड में शक्ति का संचार करने वाली और अपने भक्तों के कष्ट हरण करने वाली मां दुर्गा की आराधना का महापर्व नवरात्र चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (30 मार्च) से आरंभ हो रहे हैं, जो नवमी तिथि (06 अप्रैल) को मां सिद्धिदात्री की पूजा-हवन के बाद संपन्न हो जाएंगे। दुर्गा अष्टमी का व्रत-पूजन 05 अप्रैल को रहेगा। तृतीया तिथि का क्षय होने के कारण इस बार नवरात्र आठ दिन के ही रहेंगे।

#### मां का आगमन हाथी पर होगा

इस वासंतिक महापर्व पर मां का आगमन हाथी पर होगा, जो जन-कल्याण के लिए परम हितकारी रहेगा। खेती-किसानी के लिए पर्याप्त




वर्षा होगी।

#### कैसे करें पूजा

नवरात्र के प्रथम दिन स्नान आदि के उपरांत शुद्ध होकर कलश, नारियल-चुन्नी, श्रृंगार का सामान, अक्षत, हल्दी, फल-फूल, मिष्ठान्न आदि यथासंभव सामग्री साथ रख लें। कलश, सोना, चांदी, तांबा, पीतल या मिट्टी का हो। उस पर रोली से और स्वास्तिक बनाएं। पूजा आरंभके समय ऊं पुण्डरीकाक्षाय नमः कहते हुए कुशा से अपने ऊपर जल छिड़कें। अपने पूजा स्थल से दक्षिण-पूर्व के कोने में घी का दीपक दीपो ज्योतिः परब्रह्म दीपोज्योतिः जनार्दनः। दीपो हरतु में पापं पूजादीप नमोस्तु ते मंत्र बोलते हुए प्रज्ज्वलित करें। मां दुर्गा की मूर्ति की बाई तरफ श्रीगणेश की मूर्ति रखें। पूजा स्थल के उत्तर-पूर्व भाग में पृथ्वी पर सात प्रकार के अनाज (सतनजा) अथवा नदी की रेत भूम्यै नमः कहते हुए डालें। इसके उपरांत कलश में जल-गंगाजल, लौंग, इलायची, पान, सुपारी, रोली, मोली, चंदन, अक्षत, हल्दी, रुपया पुष्पादि डालें। कलश में थोड़ा और जल-गंगाजल डालते हुए सतनजा पर स्थापित करें वरुणाय नमः मंत्र बोलते हुए पूर्णरूप से भर दें। इसके बाद आम की टहनी (पल्लव) डालें। यदि आम की पल्लव न हो तो पीपल, बरगद, गूलर, पाकर का पल्लव भी कलश के ऊपर रखने का विधान है। जौ अथवा कच्चा चावल कटोरे में भरकर कलश के ऊपर रखें। उसके ऊपर नारियल-चुन्नी रखकर कलश को माथे से लगाएं और वरुण देवता को प्रणाम आराधना में इस बात का ध्यान रखें कि मां की पूर्णकृपा पाने के लिए श्रद्धा-विश्वास का होना अति आवश्यक है। यदि इन दोनों के साथ समर्पण भी है तो आपकी सभी विघ्न-बाधाएं दूर होंगी। पुष्प लेकर मन में ही संकल्प लें कि हे मां दुर्गा! मैं आज नवरात्र की प्रतिपदा से आपकी आराधना अमुक कार्य के लिए आरंभ कर रहा/रही हूं, मेरी पूजा स्वीकार करके ईष्ट कार्य को सिद्ध करें। पूजा के समय यदि आपको कोई मंत्र न आता हो तो केवल दुर्गा सप्तशती में दिए गए नवार्ण मंत्र-? ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडायै विच्चे। बोलते हुए सभी पूजन सामग्री चढाएं। मां का यह मंत्र अमोघ है, आपके पास यथासंभव जो भी सामग्री हो उसी से आराधना करें, लेकिन नारियल-चुन्नी अवश्य चढ़ाएं। पूजन के बाद आरती और क्षमा प्रार्थना करें।

#### कलश स्थापना का श्रेष्ठ मुहूर्त-



चौघड़िया मुहूर्तः 30 मार्च को सुबह 08 बजे से चर, लाभ अमृत चौघड़िया, अभिजीत मुहूर्त 30 मार्च दोपहर 12 बजकर 02 मिनट से 12 बजकर 52 मिनट तक।

---

# 10 हजार की लूट करने वालों का निकाला जुलूस

### सर्वोदय चौराहे पर उठक-बैठक कराई




### पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में किया पेश, जहां से उन्हें भेजा जेल

सत्ता सुधार ■ बीना/सागर

रास्ता रोकर मारपीट कर 10 हजार की लूट करने वाले चार में से तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों का पुलिस थाने से सर्वोदय चौराहे तक - जुलूस निकाला और उठक बैठक कराई। इसके बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायालय के आदेश पर आरोपियों को जेल भेज दिया।टीआई अनूप यादव ने बताया कि भीम वार्ड निवासी सुशील अहिरवार 35 अपने साथी के साथ 2 मार्च को मोटर साइकिल से खुरई से अपने घर आ रहा था। चिकनौटा गांव के पास पहुंचते ही आदतन अपराधी करन सोनकर, अभय सिंघानिया, अभिषेक उर्फ टकला अहिरवार और रोहित पारले ने रास्ता रोक लिया। आरोपी युवक से अड़ीबाजी कर एक लाख रुपए मांग रहे थे।रुपए देने से मना करने पर चारों आरोपियों ने सुशील और उसके साथी के साथ जमाकर मारपीट की और जेब में रखे 10 हजार रुपए लूट लिए। इसके अलावा आरोपियों ने रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी थी।

युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लूट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। इसके बाद से चारों आरोपी फरार थे।घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि गुरुवार रात आरोपी करन, अभय, रोहित बीना में हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिन्होंने अपराध स्वीकार लिया।

---

# नगरीय विकास एवं आवास मंत्री विजयवर्गीय ने डी.डी.काम्पलेक्स का लोकार्पण किया

सत्ता सुधार ■ सागर

नगर निगम द्वारा कटरा वार्ड में बनाये गये पं.दीनदयाल उपाध्याय का लोकार्पण कार्यक्रम म.प्र.शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा नगर विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर, श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री,महापौर प्रतिनिधि डॉ.सुशील तिवारी एवं पार्षदों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने जानकारी देते हुये कहा कि सागर शहर के मुख्य व्यवसायिक क्षेत्र कटरा बाजार में विशाल शांपिंग काम्पलेक्स का निर्माण 20 करोड 35 लाख रूपये की राशि से किया गया है। 22 हजार वर्गफुट भूमि पर लगभग 40 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल




के 4 मंजिला शापिंग काम्ललेक्स का निर्माण किया गया है जिसमें 148 दुकाने बनायी गई है।प्रत्येक तल पर 37 दुकानों का निर्माण किया गया है, डबल वेसमेंट व्यवस्था अंतर्गत कुल 70 चार पाहिया एवं 350 दो पहिया वाहनों को पार्किंग करने की सुविधा दी गई है।8 व्यक्तियों की क्षमता वाली दो पैसेंजर लिफ्ट लगायी गई है। लगभग 1000 किलोग्राम क्षमता वाली एक गुड्स लिफ्ट लगायी गई है 2 एक्केलेटर स्थापित किये गये है।शापिंग काक्पलेक्स के ग्राउण्ड फ्लोर एवं टाप फ्लोर पर एक-एक फूड प्लाजा का निर्माण किया गया है। प्रत्येक फ्लोर पर महिलाओं और पुरुषों एवं दिव्यांगजनों के लिये लायलेट का निर्माण, प्रत्येक फ्लोर पर पेजयल व्यवस्था हेतु आर.ओ.वाटर कूलर, परिसर में फ्री बाई-फाई सुविधा एवं सुरक्षा हेतु सी.सी.टी.व्ही कैमरा की व्यवस्था की गई है।

---

# विधायक लारिया ने पंचकल्याणक महोत्सव आयोजन की तैयारियों के संबंध में कमेटी और अधिकारियों के साथ बैठक की

सत्ता सुधार ■ सागर

शनिवार को नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने तपोवन दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र सिद्गुवां पहुंचकर सर्वप्रथम संत शिरोमणि 108 आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी के दिव्य चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किये। तपोवन में विराजमान आचार्य श्री 108 निर्भय सागर जी एवं मुनि संत की चरण वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विगत दिनों नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने तपोवन तीर्थ क्षेत्र सिद्गुवां का समिति सदस्यों के साथ अवलोकन किया था। पंचकल्याणक महोत्सव के व्यवस्थित संचालन में आ रही कठिनाइयों से कमेटी ने विधायक लारिया को अवगत कराते हुई सहयोग की अपील की थी। इसी सिलसिले में शनिवार को विधायक लारिया पीएचई, एमपीईबी, पीडब्लूडी, स्वास्थ्य, ट्रैफिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ तपोवन पहुंचे। जहाँ उन्होंने कमेटी सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर बैठक की। विधायक लारिया ने बैठक में संबोधित करते हुऐ कहा कि पंचकल्याणक महोत्सव जैन समाज



का सर्वाधिक महत्वपूर्ण नैमित्तिक महोत्सव है। इस महोत्सव में जिलेभर से बड़ी संख्या में धर्मावलंबियों का समागम होगा।

तपोवन ट्रस्ट कमेटी द्वारा 12 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025 तक आयोजित होने वाले पंचकल्याणक महोत्सव आयोजन की तैयारी में हम सभी मिल कर अपनी श्रेष्ठतम सेवाएं समर्पित करे, जिससे महोत्सव का स्वरूप वृहद हो सके।इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष पवन जैन मेडिकल, सुरेश जैन बीज निगम, डॉ.अमर चंद्र जैन, सुकमल जैन नैनधरा, अशोक जैन चितोरा, आलोक जैन, प्रेमचंद पटवारी, प्रसन्न जैन,सम्पत जैन,प्रिंस जैन,डॉ.सुनील जैन सीबीएमओ,बहेरिया टीआई गजेन्द्र जौहरियां,सह निरीक्षक पांडे,आरक्षक आशा हजारी, वाय.के.नामदेव पीडब्ल्यूडी, पीएचई से चौरसिया जी एवम गुप्ता मैडम, एमपीईवी से मिश्रा जी मौजूद रहे।

---

**सौगात** भूपेंद्र भैया ने क्षेत्र के विकास के साथ समाज के हर तबके के लिए कार्य किएः लखन सिंह

# खुरई में 168 दिव्यांगों को वितरित किए सहायक उपकरण

सत्ता सुधार ■ खुरई/सागर

लखन सिंह ने कहा कि क्षेत्र भूपेन्द्र भैया के विशेष प्रयासों से पेयजल और सिंचाई की समस्या को हल करने बीना नदी परियोजना जैसी सौगात क्षेत्र को दी गई हैं।उन्होंने कहा कि अगले साल तक विधानसभा के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलने लगेगा। जिससे क्षेत्र में फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा वहीं क्षेत्र के व्यापार में भी वृद्धि होगी। यह बात शनिवार को खुरई के जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण करते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता लखन सिंह ने कही।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखन सिंह ने सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में 24 दिव्यांगों को बैटरी चलित ट्राई सायकल, 62 हितग्राहियों को ट्राई सायकिल, 27 को व्हीलचेयर, 38 को



कान की मशीन, 3 को वॉकर फोल्डेवल, 7 को सुगम्य केन, 49 को छड़ी एवं 3 रोलेटर वितरित किए गए। चिन्हित कुल 168 दिव्यांग जनों को सहायता उपकरणों का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता लखन सिंह ने कहा कि, आपके विधायक भूपेंद्र भैया ने शासकीय योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुचाने का काम किया है। इसके पहले भी आयोजित कई कार्यक्रमों में दिव्यांगों को निः शुल्क ट्राई मोटरसाइकिल, व्हील चेयर, वॉकर, कान की मशीनें आदि उपकरण भूपेन्द्र भैया के प्रयासों से उपलब्ध कराए गए हैं।लखन सिंह ने कहा कि जो दिव्यांग इस शिविर में छूट गए हैं आगे उन्हें भी उपकरण दिए जाएंगे। लखन सिंह ने कहा कि भूपेंद्र भैया ने विकास कार्यों के साथ ही क्षेत्र के हर एक तबके के विकास के लिए कार्य किए हैं।

#### निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया

वरिष्ठ भाजपा नेता लखन सिंह ने नगर पालिका परिषद खुरई द्वारा नागरिकों को भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु निःशुल्क प्याऊ का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा के पार्षदगण, वरिष्ठ कार्यकर्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता, युवा भाजपा नेता सहित आमजन उपस्थित थे।

---

# झूलेलाल जयंती के पूर्व महिला शक्ति ने निकाली विशाल वाहन रैली



**बीना/सागर।** झूलेलाल जयंती और चेट्रीचंड महोत्सव के पूर्व शनिवार को नारी शक्ति ने वाहन रैली निकाली भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस के पूर्व सिंधी कॉलोनी स्थित श्री गुरु नानक झूलेलाल मंदिर महाराज स्वामी से नारी शक्ति की वाहन रैली प्रारंभ हुई जो अंडर ब्रिज से होती हुई गांधी चौराहा सर्वोदय चौक अंबेडकर तिराहा से कटरा मंदिर होती हुई थाने के पीछे मां जागेश्वरी मार्ग से होती हुई पाठक वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर पर सभी मातृशक्ति सहित सभी ने मथा ठेका और झूलेलाल के जयकारों के साथ यात्रा बड़ी बजरिया से होती हुई सिंधी धर्मशाला में संपन्न हुई। रैली में महिलाएं सफेद सूट व केसरिया चुनरी व सर पर पगड़ी पहनकर भगवान झूलेलाल के जयकारे लगाते नजर आयी । वहीं इस विशाल रैली का शुभारंभ महाराज स्वामी ने हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ की इस यात्रा में मातृशक्ति का उत्साह है देखते ही बनता था इस रैली में विशेष रूप से महिला मंडल अध्यक्ष नीता वाधवानी,सुनीता सुंदरानी, धनवंती लालचंदानी, विजय सुंदरानी, के अलावा साहू अन्य सिंधी समाज के युवा युवतीया शामिल हुई।

## ब्रीफ न्यूज

### नूपुर श्योराण का भिवानी में जोरदार स्वागत, गोल्ड मेडल के साथ घर वापसी



**नई दिल्ली।** हाल ही में ग्रेटर नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में हरियाणा की बेटियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 10 वेट कैटेगरी थीं, जिनमें से 9 गोल्ड मेडल हरियाणा की बेटियों ने जीते और इनमें से 5 गोल्ड मेडल अकेले भिवानी की बेटियों के नाम रहे। इन विजेताओं में एक प्रमुख नाम था, नूपुर श्योराण, जिन्होंने 80+ वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता और पांचवीं बार राष्ट्रीय चैंपियन बनीं। नूपुर श्योराण के भिवानी लौटने पर शनिवार को उनका शानदार स्वागत किया गया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए नूपुर ने कहा कि यह मेरी पांचवीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप है और मुझे इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है। अब मेरी नजरें वर्ल्ड चैंपियनशिप पर हैं, जो सितंबर में इंग्लैंड में होगी। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा की बेटियां विशेष होती हैं, लड़ना और जीतना हमारे डीएनए में है। इस दौरान नूपुर ने सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए की जा रही योजनाओं की सराहना की और कहा कि इस तरह की योजनाएं खेलों को बढ़ावा देती हैं।

### चैपमैन और स्मिथ की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 73 रनों से हराया

**नई दिल्ली।** मार्क चैपमैन ने 111 गेंदों पर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 132 रनों की पारी खेलकर पाकिस्तान पर अपना दबदबा कायम रखा और मैकलीन पार्क में खेले गए पहले वनडे में न्यूजीलैंड को 73 रनों से जीत दिलाई। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज की शानदार पारी, डेरिल मिशेल की 76 रनों की पारी और मोहम्मद अब्बास के रिकॉर्ड-तोड़ डेब्यू फिफ्टी की बदौलत मेजबान टीम ने 344 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही थी। बाबर आजम की 78 रनों की पारी और आगा सलमान की विस्फोटक फिफ्टी ने उन्हें शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया, लेकिन नाटकीय ढंग से ढहने के कारण उन्होंने मात्र 22 रनों पर सात विकेट गंवा दिए और 249/3 से 271 पर सिमट गई। पाकिस्तान के लिए शुरुआती संकेत तब अच्छे रहे जब कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। नसीम शाह और आकिफ जावेद ने जीवंत पिच का पूरा फायदा उठाया और न्यूजीलैंड को 3 विकेट पर 64 रन पर समेट दिया। विल यंग जल्दी ही आउट हो गए, डेब्यू करने वाले निक केली ने आकिफ के हाथों कैच आउट होने से पहले संघर्ष किया और हेनरी निकोल्स ने हुक करने से पहले काफी संघर्ष किया। लेकिन पाकिस्तान की चार गेंदबाजों की रणनीति उल्टी पड़ गई क्योंकि चैपमैन और मिशेल ने सलमान आगा की पार्ट-टाइम स्पिन का फायदा उठाते हुए मैच को परिभाषित करने वाली 199 रनों की साझेदारी की।

# कोलकाता और लखनऊ के बीच होने वाले मैच का शेड्यूल बदला, अब इस तारीख को होगा मुकाबला

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 के शेड्यूल में बदलाव किया गया है. बीसीसीआई (BCCI) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (Kolkata Knight Riders) केकेआर (KKR) और लखनऊ सुपर जायंट्स (Lucknow Super Giants) एलएसजी (LSG) के बीच होने वाले मैच नंबर 19 की तारीख को बदल दिया है. यह मुकाबला पहले 6 अप्रैल 2025 को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाना था, लेकिन अब इसे 8 अप्रैल को दोपहर 3:30 बजे के लिए रीशेड्यूल किया गया है। क्यों किया गया बदलाव? आईपीएल की तरफ से जारी की गई प्रेस रिलीज में इस बदलाव की वजह कोलकाता पुलिस की ओर से की गई सिफारिश को बताया गया है. पुलिस ने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) को सूचित किया था कि शहर में त्योहारों के कारण सुरक्षा बलों की तैनाती प्रभावित हो सकती है।

इसी वजह से बीसीसीआई ने इस मैच को दो दिन आगे बढ़ाने का फैसला किया है। अब 6 अप्रैल को अब सिर्फ एक मैच खेला जाएगा, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और गुजरात टाइटंस (जीटी) की टीमें शाम 7:30 बजे आमने-सामने होंगी. वहीं 8 अप्रैल को डबल हेडर होगा. पहले दोपहर 3:30 बजे कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला होगा, और फिर शाम 7:30 बजे पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीमें न्यू चंडीगढ़ में भिड़ेंगी। गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स को अपने पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को हराकर शानदार वापसी की. अब उनका तीसरा मुकाबला मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ होगा, जहां वे जीत की लय बरकरार रखना चाहेंगे।



# आईपीएलः डबल हेडर के पहले मुकाबले में डीसी का सामना एसआरएच से आज

## स्टार्क के पास है हमवतन हेड का तोड़, एसआरएच को आशुतोष को करना होगा काबू (प्रीव्यू)

**एजेंसी ■ विशाखापत्तनम**

रविवार को आईपीएल 2025 डबल हेडर के पहले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से विशाखापत्तनम में होगा. दोनों के बीच अब तक हुए 24 मुकाबले में एसआरएच को 13 जबकि डीसी को 11 मैचों में जीत मिली है. हालांकि विशाखापत्तनम में हुए दो मुकाबलों में दोनों में मेजबान टीम डीसी को ही जीत मिली है. वहीं हालिया रिकॉर्ड भी डीसी के नाम है और दोनों टीमों के बीच 2023 से हुए छह मुकाबलों में चार में डीसी को जीत मिली है. आइए डालते हैं इस मुकाबले से जुड़े ऐसे ही कुछ दिलचस्प आंकड़ों पर नजर, आशुतोष शर्मा को करना होगा काबू एसआरएच को दिल्ली के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा को काबू करना होगा जिन्होंने पिछले मुकाबले में नाबाद 66 रन की जबरदस्त पारी खेलकर दिल्ली को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाई थी. आशुतोष ने यह पारी ऐसे समय खेली थी जब दिल्ली ने 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने पांच विकेट मात्र 65 रन पर गंवा दिए थे।

**क्या हेड फिर से होंगे स्टार्क का डक पर शिकारः** हां, आंकड़े तो यही कहते हैं. जहां ट्रैविस हेड ने आईपीएल 2024 की तरह आईपीएल 2025 में भी अपनी आतिशी बल्लेबाजी का जलवा बिखेरना शुरू किया है, वहीं मिचेल स्टार्क इस मैच में हेड का इलाज हो सकते हैं. बाएं हाथ से गेंदबाजी करने वाले स्टार्क ने बाएं हाथ के हेड को 10 टी20 पारियों में पांच बार आउट किया है. इसमें से भी चार बार वह डक और चार में से तीन बार गोल्डन डक पर आउट हुए हैं. हेड के जोड़ीदार अभिषेक शर्मा भी दो पारियों में एक बार स्टार्क का शिकार हुए हैं, जबकि अभिषेक उन पर सिर्फ 78 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं.

**कलाई के स्पिनरों की जंगः** डीसी और एसआरएच दोनों टीमों में क्रमशः कुलदीप यादव और एडम जम्पा के रूप में दो विश्व स्तरीय कलाईयों के स्पिनर हैं. इन दोनों स्पिनरों का विपक्षी बल्लेबाजों के खिलाफ रिकॉर्ड भी काफी घातक है. कुलदीप ने अभिषेक और किशन को दो-दो जबकि हेड को एक बार टी20 मैचों में आउट किया है, जबकि हेड उनके खिलाफ सिर्फ 125 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं. हालांकि कुलदीप छह पारियों में हेनरिक क्लासेन को एक भी बार आउट नहीं कर पाए हैं, जबकि क्लासेन उन पर 177 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। वहीं अगर जम्पा की बात करें तो जम्पा ने फाफ डू प्लेसी और केएल राहुल को तीन-तीन बार टी20 मैचों में पवेलियन भेजा है. हालांकि ट्रिस्टन स्टब्स, जम्पा पर 190 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं, जबकि जम्पा, स्टब्स को एक भी बार नहीं आउट कर पाए हैं। एसआरएच की पेस तिकड़ी बनाम डीसी का शीर्षक्रम एसआरएच के पास मोहम्मद शमी, पैट कमिंस और हर्षल पटेल की तेज गेंदबाजी तिकड़ी है, जबकि डीसी के पास शीर्ष क्रम में फाफ डू प्लेसी और केएल राहुल जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं।





### राहुल ने कहा, मेरे लिए यह एक नया अनुभव-

अपनी चौथी या पांचवीं आईपीएल फ्रेंचाइज से जुड़ना। यह रोमांचक और नर्वस करने वाला दोनों है। हर नई टीम अनिश्चितता लेकर आती है – खिलाड़ी कैसे तालमेल बिठाएंगे, प्रबंधन कैसे काम करेगा और प्रशंसक कैसे प्रतिक्रिया देंगे। लेकिन हमारी टीम और प्रबंधन ने जिस तरह से इस टीम को बनाया है, उसे देखते हुए लगता है कि हमने सभी क्षेत्रों को कवर कर लिया है। उन्होंने कहा, इसमें अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण है। मैं कुछ अविश्वसनीय रूप से कुशल युवाओं के साथ खेलने और उनसे सीखने के लिए उत्सुक हूं। मिशेल स्टार्क, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ियों के साथ – जिनमें से कई के साथ मैं पहले भी खेल चुका हूं – हमारी टीम एक मजबूत टीम है। मैं आईपीएल शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकता।

# मेरी प्रक्रिया अच्छी रही, तो नतीजे मेरे पक्ष में होंगे कुलदीप सेन

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के मध्यम तेज गेंदबाज कुलदीप सेन ने कहा है कि वह भारत के लिए खेलने के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचते। उन्हें अपनी प्रक्रिया पर भरोसा है। अगर उनकी प्रक्रिया अच्छी है, तो नतीजे उनके पक्ष में होंगे। वह बस प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं। भारतीय टी20 टीम में वापसी के बारे में पूछे जाने पर कुलदीप सेन ने कहा, मैं अब ठीक हूं। मेरा बस एक ही विचार है- मैं भारत के लिए खेलने के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचता। मुझे अपनी प्रक्रिया पर भरोसा है। अगर मेरी प्रक्रिया अच्छी है, तो मेरे नतीजे मेरे पक्ष में होंगे। मैं बस प्रक्रिया का पालन कर रहा हूं। जब भी मुझे मौका मिलेगा, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा। मैं भारत के लिए खेलने के बारे में नहीं सोचता। अगर मैं अच्छा करता हूं, तो मैं खेलूंगा। यही मेरी सोच है। मैं बस प्रक्रिया पर भरोसा करता हूं और उस पर विश्वास करता हूं। कुलदीप ने टेस्ट क्रिकेट और इस प्रारूप में अपने भविष्य के बारे में कहा, मैंने किसी खास प्रारूप पर फैसला नहीं किया है। मुझे जो भी मिलेगा, मैं खेलना चाहता हूं। मुझे टी20 पसंद है, मुझे वनडे क्रिकेट पसंद है और मैंने रणजी मैच भी खेले हैं। एक खिलाड़ी के तौर पर आपको किसी भी प्रारूप के लिए तैयार रहना चाहिए और मैं इसके लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा, भारत अब स्पिन पर हावी होने वाली टीम नहीं है। अगर आप जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, शमी को देखें तो वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। सबसे तेज गेंदों से लेकर स्विंग तक, हमारे पास सब कुछ है।

यह अच्छी बात है कि भारतीय तेज गेंदबाज इतना अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मेरी प्रक्रिया सरल है- जब भी मुझे मौका मिलेगा, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा और अच्छा प्रदर्शन करूंगा। मध्यम तेज गेंदबाज कुलदीप ने कहा, मैं हमेशा लाल गेंद के प्रारूप के लिए तैयार रहता हूं। मैं लाल गेंद वाले क्रिकेट से सफेद गेंद वाले क्रिकेट में आया हूं।

# भारत की इतिहास रचने वाली सेपक टकरा टीम की नजर एशियाई खेल 2026 में पदक जीतने पर

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

पटना में सेपक टकरा विश्व कप 2025 में भारतीय पुरुष रेगु टीम द्वारा जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक, भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के विभिन्न केंद्रों पर कई वर्षों के प्रशिक्षण का परिणाम है। भारत ने 20 से 25 मार्च तक पाटलिपुत्र इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के एक नाटकीय फाइनल में जापान को 2-1 से हराया। भारतीय दल एक स्वर्ण, एक रजत और पांच कांस्य सहित कुल सात पदकों के साथ स्वदेश लौटा। पुरुष रेगु टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिला युगल टीम ने रजत पदक जीता। पुरुष युगल टीम, महिला रेगु टीम, मिश्रित क्वाड टीम, महिला क्वाड टीम और पुरुष क्वाड टीम ने कांस्य पदक जीते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी जीत की सराहना की और इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा, यह शानदार प्रदर्शन वैश्विक सेपक टकराव क्षेत्र में भारत के लिए एक आशाजनक भविष्य का संकेत देता है। भारतीय सेपक टकराव टीम के मुख्य कोच हेमराज ने SAI मीडिया को बताया, इन खिलाड़ियों ने 8-10 वर्षों तक बवाना (दिल्ली), इम्फाल, दीमापुर और बरेली में SAI प्रशिक्षण केंद्रों (STC) में प्रशिक्षण लिया है और अपने कौशल को निखारा है। टीम के अधिकांश खिलाड़ी स्क्ष्ढ से निकले हैं, जिन्हें फंडिंग, विदेशी प्रदर्शन और प्रशिक्षण के अवसरों के मामले में निरंतर समर्थन प्राप्त हुआ है। विश्व कप की तैयारी के लिए, SAI ने थाईलैंड में डेढ़ महीने का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया, जहाँ इन खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की।




**चैंपियनशिप** 28वीं यूपी स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# 10 व 11 अप्रैल को बरेली में होगा आयोजन, खिलाड़ियों का हुआ चयन

**एजेंसी ■ अलीगढ़**



रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के स्टेडियम में 28वीं यूपी स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 10 व 11 अप्रैल को होगी। इसके लिए खिलाड़ियों का चयन बीते दिन को तालानगरी स्थित खेल मैदान पर हुआ। इनमें से प्रथम व द्वितीय स्थान पर आए खिलाड़ियों को चैंपियनशिप के लिए चुना गया है। जिला एथलेटिक संघ के सचिव विवेक कुमार ने बताया पुरुष वर्ग 100 मीटर दौड़ में मनीष कुमार प्रथम, प्रवीण कुमार द्वितीय रहे। 200 मीटर दौड़ में मनीष कुमार प्रथम व प्रिंस चौधरी द्वितीय रहे। 400 मीटर दौड़ में आकाश कुमार प्रथम, गौरव कुमार द्वितीय, 800 मीटर दौड़ में दीपेंद्र प्रथम, आयुष भारद्वाज द्वितीय, 1500 मीटर दौड़ में अवनीश भारद्वाज प्रथम व दीपेंद्र कुमार द्वितीय चुने गए। इसी क्रम में 5000 मीटर दौड़ में धर्मेंद्र सिंह प्रथम व अरुण कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। इसी तरह से लंबी कूद में प्रवीण कुमार प्रथम व आकाश कुमार द्वितीय रहे। ऊंची कूद में अश्वनी कुमार प्रथम, कुंदन सिंह द्वितीय स्थान पर चुने गए। गोला फेंक में अमन कुमार प्रथम, माधवेंद्र द्वितीय रहे। भाला फेंक में यशस्वी राज बघेल प्रथम, हरेंद्र कुमार द्वितीय, डिस्कस-थ्रो में अमन कुमार प्रथम, ललित प्रताप सिंह द्वितीय रहे। हैमर-थ्रो में हर्षित चौधरी, 110 मीटर हर्डल रेस में गगन शर्मा, 400 मीटर हर्डल रेस में निशांत का चयन हुआ। इसी क्रम में महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ में महक यादव प्रथम, नेहा द्वितीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में दीक्षा प्रथम, महक यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में शिवानी चौधरी, 5000 मीटर दौड़ में नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि एसकेडी इंटर कॉलेज पखोदना टप्पल के प्रधानाचार्य भूपेंद्र शर्मा ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। चयनित टीम को जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष शमशाद निसार आजमी ने शुभकामनाएं दीं। निर्णायक हीरा सिंह, मनोज चौधरी, गोपाल चौधरी, सूरजपाल सैनी और दीपक दीक्षित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय खिलाड़ी कर्मवीर शर्मा, विश्वेंद्र फौजी, सुनील कुमार, नरेश चौधरी, नीतू सागर आदि मौजूद रहे।



**वाराणसी।** आज से 9 दिनों तक महादेव की काशी पर नव दुर्गा मां जगदंबे का प्रताप होगा। 30 मार्च से चैत्र नवरात्र शुक्ल प्रतिपदा का शुभारंभ होगा। पहले दिन नव दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री के दर्शन-पूजन का विधान है। वरुणा नदी किनारे अलईपुर में माता शैलपुत्री के मंदिर में भारी भीड़ होगी। इसी के साथ वसंत और नए वर्ष की शुरुआत हो जाएगी। 6 अप्रैल को राम नवमी होगी।

# राम मंदिर जगमग

## रामजमोत्सवः रामनवमी मेला आज से होगा शुरू

- मंदिर प्रबंधन ने की भव्य लाइटिंग की विशेष व्यवस्था
- अयोध्याः ट्रायल की मनमोहक तस्वीरें भी आई सामने
- रोजाना 70 से 80 हजार श्रद्धालु रामलला के दर्शन को पहुंच रहे
- अयोध्या में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान





सत्ता सुधार ■ अयोध्या

अयोध्या। यूपी के अयोध्या में रामनवमी मेला रविवार से शुरू हो रहा है। मेले में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। रामनवमी मेले को लेकर राम जन्मभूमि परिसर की भव्य सजावट की जाएगी। विशेष लाइटिंग भी किए जाने की तैयारी है। इसी क्रम में एक दिन पहले रात में राम मंदिर में प्रकाश व्यवस्था का ट्रायल किया गया। मंदिर के ऊपर तरह-तरह की रोशनी डाली गई। इससे मंदिर की भव्यता निखर उठी। करीब एक घंटे तक ट्रायल चला। मंदिर के अलग-अलग हिस्सों को प्रकाशित किया गया। रामनवमी तक रोजाना शाम 7 से रात 10 बजे तक मंदिर में विशेष प्रकाश व्यवस्था रहेगी।

**दरबार में रोजाना ढाई से तीन लाख श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचेंगे**



### कमरों के लिए मारीमारी

रामनवमी मेले को लेकर अयोध्या में होटलों और धर्मशालाओं के 90 फीसदी कमरे फुल हो चुके हैं। बचे 10 फीसदी कमरों के लिए मारामारी मची है। एक-एक कमरे के लिए होटल मालिकों के पास सिफारिशें आ रही हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु होम स्टे में कमरे बुक करा रहे हैं, लेकिन यहां भी हाउसफुल का बोर्ड लगने से श्रद्धालु परेशान हैं। अब मठ-मंदिरों और आश्रम में ठिकाना खोज रहे हैं।

## 10 अप्रैल तक फुल होटल-धर्मशाला

होटल व्यवसायी रामजी पांडेय ने बताया कि रामनवमी को लेकर होटल 10 अप्रैल तक फुल हो चुके हैं। कमरा बुक कराने के लिए रोजाना 50 से अधिक फोन आ रहे हैं। होटल व्यवसायी अनूप गुप्ता ने बताया कि रामनवमी मेला में शामिल होने के लिए लोगों में कमरे बुक कराने की होड़ हैं। एक पखवाड़ा पहले ही सभी कमरे छह अप्रैल तक के लिए बुक हो चुके हैं। रामनगरी की एक प्रसिद्ध धर्मशाला के प्रबंधक आदित्य सुल्तानिया ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही धर्मशाला लगातार फुल चल रही है। उनकी धर्मशाला 10 अप्रैल तक फुल है। होम स्टे संचालक सुनील गुप्ता ने बताया कि रामनवमी को लेकर सभी कमरे आगामी 08 अप्रैल तक के लिए बुक हो चुके हैं। बताया कि धर्मशाला, गेस्ट हाऊस व होम स्टे में कमरे लगभग फुल हैं।

### नौ दिनों तक मठ-मंदिरों में अनुष्ठान

*रामनवमी मेले में अभी तक 15 से 20 लाख श्रद्धालु आते रहे हैं, लेकिन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ी है। महाकुंभ मेले में दो माह में अयोध्या में तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। रामनवमी मेले में नौ दिनों तक मठ-मंदिरों में अनुष्ठान होते हैं। रामकथा, रामनाम संकीर्तन, नवाह पारायण, यज्ञ, हवन की धूम होती है। इन अनुष्ठानों में सहभागी बनने के लिए बड़ी संख्या में देश-विदेश के श्रद्धालु पहुंचेंगे।*

## संदर्भ सूचनाओं का वृहद ग्रंथ उत्तर प्रदेश-2024

सुरेंद्र अग्निहोत्री

उत्तर प्रदेश सूचना विभाग द्वारा प्रकाशित किया जाने वाला महत्वपूर्ण वार्षिक संदर्भ ग्रंथ उत्तर प्रदेश-2024 का थोड़ी देर से हुआ प्रकाशन भी उपयोगी ग्रन्थ है एक दशक में इस संदर्भ ग्रन्थ ने अपनी संदर्भीय उपयोगिता के कारण पाठकों के बीच पहचान हासिल की है अपनी सारगर्भित महत्वपूर्ण सूचनाओं तथा संदर्भीय दृष्टि से उपयोगी सामग्री का समावेश करने के कारण शोधकर्ताओं और बुद्धिजीवियों के बीच इसकी लोकप्रियता बढ़ी है। प्रतियोगी छात्र छात्राओं के लिए यह ग्रन्थ इतना उपयोगी हो गया है कि प्रतियोगी छात्र-छात्राएं लगातार इसके प्रकाशन की प्रतीक्षा करते हैं, संदर्भ ग्रन्थ में प्रदेश से सम्बन्धित ऐतिहासिक, भौगोलिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं विकासपरक सूचनाओं की अद्यतन एवं वृहद जानकारियां शामिल की गई। उत्तर प्रदेश के इतिहास, साहित्य, कला, संस्कृति, पर्यटन स्थल, सिनेमा, पत्रकारिता, स्वाधीनता आंदोलन का इतिहास, प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्र साहित्यकारों, चित्रकारों, पत्रकारों, संगीत कर्मी एवं रंगकर्मी तथा उत्तर प्रदेश से सम्बन्धित सिने कलाकारों के महत्वपूर्ण चित्रों को शामिल करने से इसकी उपयोगिता और बढ़ गयी है इसमें प्रदेश में जन्में प्रशस्ति, पुरस्कृत खेल विभूतियों, पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्म श्री से अलंकृत महानुभावों, साहित्य अकादमी-ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकारों, परमवीर, महावीर एवं अशोक चक्र से सम्मानित शूरवीर सैनिकों तथा नवीनतम विकसित



पर्यटन स्थलों के चित्रों को सम्मिलित कर पाठकों से परिचित कराने का प्रयास किया गया है। इसमें प्रदेश की संवैधानिक प्रणाली के साथ-साथ केन्द्रीय मंत्रिमण्डल, प्रदेश मंत्रिमंडल, भारत के मुख्य न्यायाधीश, भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त, उप्र। राष्ट्रीय महिला आयोग के सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त प्रमुख राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवस, प्रदेश के लोकसभा एवं राज्य सभा सदस्य, सम्मानित विभूतियां, भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री प्रदेश के विधायक तथा विधान परिषद सदस्य तथा लोकसभा अध्यक्ष के साथ-साथ समस्त प्रदेश के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री, भारत के नोबेल पुरस्कार विजेता आदि को सम्मिलित कर पुस्तक की सन्दर्भीय व्यापकता को बढ़ाया गया है। इस सन्दर्भ ग्रन्थ में समस्त विभागों को वेबसाइट के अतिरिक्त प्रदेश सरकार के समस्त विभागों के बारे विकासपरक संचालित योजनायें, चार्ट तथा उत्तर प्रदेश एवं भारत के मानचित्रों को भी पुस्तक की उपयोगिता बढ़ाने के लिए प्रकाशित किया गया है। प्रदेश के प्रमुख पर्यटक स्थलों के चित्रों को भी जनपदों के गौरव को उद्घाटित करने की दृष्टि से समाविष्ट किया गया है उत्तर प्रदेश-2024 (हिन्दी संस्करण) में प्रदेश के समस्त जनपदों को आधारभूत सूचनाओं को समाविष्ट किया गया है जिससे पाठकों को प्रत्येक जिले के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है इस पुस्तक के माध्यम से उत्तर प्रदेश को आर्थिक स्थिति, विकासपरक सूचनाएं जनगणना, शिक्षा, उद्योग, कृषि आदि क्षेत्रों में विकास को स्थिति को दर्शाया गया है। उत्तर प्रदेश-2024 पुस्तक इस दृष्टि से भी उपयोगी है कि इसमें प्रदेश की विकास योजनाओं को विभागवार समुचित जानकारी भी दी गई है, जिसका लाभ ग्रामीण जनता भी उठा सकती है। उत्तर प्रदेश के बारे में सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ सरकार की भावी योजनाओं और विकास का व्यापक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करती है। पुस्तक के संपादन में निदेशक सूचना शिशिर की परिकल्पना के अनुसार मार्गदर्शन संपादक मंडल के सदस्य अंशुमान राम त्रिपाठी अपर निदेशक सूचना,दिनेश कुमार गुप्ता संयुक्त निदेशक, राम मनोहर त्रिपाठी उप निदेशक, अमित शुक्ला, प्रभारी संदर्भ, शिवराम सिंह शोध अधिकारी ने पुस्तक में नवीन जानकारी को रोचक ढंग से आकर्षक लुक के साथ प्रस्तुत कर नि:संदेह सराहनीय कार्य किया है। इसका प्रकाशन लखनऊ के भारत बुक सेंटर 17, अशोक मार्ग, लखनऊ द्वारा किया गया है। पुस्तक का मूल्य 450 रुपए है।

## वर्धानी बायोलॉजी क्लासेज में 11वीं, 12वीं और NEET की तैयारी के लिए प्रवेश प्रारंभ


सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

एमएलबी कॉलोनी स्थित प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान वर्धानी बायोलॉजी क्लासेज ने सत्र 2025-26 के लिए 11वीं, 12वीं और नीट की तैयारी हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। संस्थान के निर्देशक डॉ. करण वर्धानी के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थी बायोलॉजी के जटिल विषयों को सरलता से समझते हुए बेहतरीन परिणाम प्राप्त कर रहे हैं। वर्धानी बायोलॉजी क्लासेज ने वर्षों से अपने शानदार परिणामों से विद्यार्थियों के भविष्य को सफलता की ओर अग्रसर किया है। वर्धानी बायोलॉजी क्लासेज का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। इसी के साथ वर्धानी बायोलॉजी क्लासेज आपको 7 दिन की डेमो क्लासेज भी देती हैं। जो विद्यार्थी बायोलॉजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहते हैं, वे जल्द से जल्द प्रवेश लें और सफलता की ओर पहला कदम बढ़ाएं।



डॉ. करण वर्धानी
निर्देशक, वर्धानी बायोलॉजी क्लासेज


हिंदू नववर्ष एवं भगवान झूलेलाल जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं





## टाटा न्यू एचडीएसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने माइलस्टोन का मनाया जश्न

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

टाटा न्यू और एचडीएफसी बैंक ने एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन घोषित किया, टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने 2 मिलियन से ज्यादा कार्ड जारी किए हैं, जिससे भारत के पसंदीदा रिवॉर्ड क्रेडिट कार्ड में से एक के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। यह उपलब्धि देश भर के ग्राहकों को मूल्य और एक सहज रिवॉर्ड इकोसिस्टम प्रदान करने में कार्ड की उल्लेखनीय सफलता को रेखांकित करती है। टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने अगस्त 2022 में लॉन्च होने के बाद से महत्वपूर्ण प्रगति की है, भारतीय क्रेडिट कार्ड बाजार में सबसे सरल और पारदर्शी रिवॉर्ड इकोसिस्टम की पेशकश करने के लिए इसके उपयोगकर्ताओं द्वारा पसंद किया गया है। जारी किए गए नए कार्डों की एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी के साथ इसने देश भर के ग्राहकों का तेजी से विश्वास और वफादारी हासिल की है। टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड रुपए और वीसा दोनों वेरिएंट में उपलब्ध है, जो पूरे भारत में ग्राहकों के लिए प्रीमियम डिजिटल भुगतान को सुलभ और पुरस्कृत बनाता है। ग्राहकों के लिए लाभों को अधिक फायदेमंद और पारदर्शी बनाकर क्रेडिट कार्ड के अनुभव में क्राांतिकारी बदलाव लाने के लिए समर्पित हैं। 2 मिलियन से अधिक टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड जारी करना हमारे ग्राहकों द्वारा न्यूकार्ड पर रखे गए भरोसे का एक मजबूत प्रमाण है। हम न्यूकार्ड अनुभव को लगातार बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे न्यूकार्ड धारकों के हमारे बढ़ते समुदाय को और भी अधिक मूल्य मिल सके। एचडीएफसी बैंक के पराग राव ने कहा भारत के अग्रणी कार्ड जारीकर्ता के रूप में हमारा प्रयास हर ग्राहक वर्ग के लिए एक अनुकूलित पेशकश बनाना है। जो सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास भुगतान समाधान प्रदान करता है। हमें खुशी है कि टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड, अपने डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण और मजबूत मूल्य प्रस्ताव के साथ उपयोगकर्ता के अनुभव को बढ़ाने और हर रोज़ के खर्च को पुरस्कृत क्षणों में बदलने में सक्षम है।

## मजहबी शिक्षा की आड़ में नेपाल सीमा पर मिशन 'आबाद'

### विदेशी फंडिंग हुईः बढ़ी बांग्लादेशी-रोहिंग्या की आबादी

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

मजहबी शिक्षा की आड़ में भारत से सटे नेपाली क्षेत्र में तुर्की, सीरिया, पाकिस्तान और कतर के सहयोग से मिशन आबाद रंग दिखाने लगा है। इन देशों से करीब 650 करोड़ की फंडिंग हुई है। सुरक्षा एजेंसियां इसे सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकीय बदलाव के प्रयास के रूप में देख रही हैं।


मतलब साफ है यहां मुस्लिम आबादी बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। गृह मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट के अनुसार नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में बीते पांच वर्ष में 31 प्रतिशत आबादी बढ़ी है। इनमें अधिकतर बांग्लादेशी और रोहिंग्या हैं। इनकी कोशिश भारत में बसकर संतुलन बिगाड़ने की है। उत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत में जकात के नाम पर विदेशी फंडिंग की बात सामने आई है। इस धनराशि का प्रयोग धर्म प्रचार और धर्मांतरण में किया जा रहा है। सीमा पर बने धार्मिक स्थलों के लिए सऊदी अरब से भी पैसा मिल रहा है। नेपाल के दांग जिले के मुस्तकीम बताते हैं कि यहां जिस मस्जिद में एक मीनार है, उसके लिए पैसा सऊदी अरब से आया है।

### मिशन आबाद

भारत-नेपाल के बीच तराई व मधेश क्षेत्र में समुदाय विशेष की आबादी बढ़ाने की कोशिश। शिक्षण संस्थानों की आड़ में असम व पश्चिम बंगाल तक के लोगों को बसाने की कोशिश मिशन आबाद का हिस्सा है।

### कहां से कितना फंड

गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार कतर, तुर्की, पाक से 500 करोड़ की नेपाल में मौजूद इस्लामिक संगठनों को मिले। सीमा पर मस्जिद और मदरसे के लिए अक्टूबर 2023 में तुर्की और कतर से 350 करोड़ मिले। अक्टूबर 2022 में 25 करोड़ रुपए की फंडिंग पाकिस्तान से।







**स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गाँधी नगर, बस स्टैंड के पास, भिण्ड से प्रकाशित। **संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न.** 9893126900, 7869966100, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2008/28334 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट। **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।**